सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 104, पेज 12, 3.50 रुपये


www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1509 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1509 अंक चढ़ गया। } 10

## राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकती न्यायपालिका

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय लोकतांत्रिक ताकतों पर परमाणु मिसाइल नहीं दाग सकता। } 12



# दुर्गेश पाठक, कपिल भारद्वाज के ठिकानों पर छापा

## विदेशी चंदा मामले में सीबीआई ने की कार्रवाई

एजेंसी







नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम मानदंडों का उल्लंघन कर आम आदमी पार्टी (आप) के लिए कथित तौर पर विदेशी चंदा प्राप्त करने के आरोप में बृहस्पतिवार को पार्टी के पूर्व विधायक और गुजरात चुनाव के लिए सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एजेंसी ने पाठक के अलावा पार्टी के एक अन्य पदाधिकारी कपिल भारद्वाज (अब दिवंगत) के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। गृह मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि आम आदमी पार्टी ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम 2010 के प्रावधानों का उल्लंघन कर विदेशी चंदा प्राप्त किया है। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि एफसीआरए अधिनियम 2010 की धारा तीन और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29बी के तहत किसी राजनीतिक दल द्वारा विदेशियों से चंदा लेना प्रतिबंधित है। सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं से जांच में शामिल होने और रिकॉर्ड में कथित विसंगतियों के बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा जा सकता है। आप के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# न्याय दिलाकर हर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का ध्येय

○ मुख्यमंत्री ने जनता की शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई का दिया आश्वासन ○ अफसरों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी हालत में पीड़ितों को न्याय मिलना अतिआवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 125 से अधिक पीड़ितों से जनता दरबार के तहत मुलाकात की और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामलों को लेकर प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री को दिए गए।



अपने सरकारी आवास पर विभिन्न जिलों से आये पीड़ितों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

उन्होंने आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाकर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। जनता दरबार में चंदौली से आए दो युवकों को मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक भी दी। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुबह 10 बजे से कार्यालय में बैठें और जनशिकायतें सुनें। उन्होंने कहा कि स्थानीय शिकायतों का समाधान जनपद स्तर पर ही कराया जाए और जो समस्याएं शासन स्तर की हों, उन्हें ही यहां भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने सभी पीड़ितों को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री... शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### बाल विकास परियोजना अधिकारी निलंबित

बरेली। जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती से जुड़े रिश्वतखोरी के मामले में संलिप्त पाए जाने के बाद बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कृष्ण चंद्र को निलंबित कर दिया गया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार को जनसुनवाई के दौरान एक शिकायत मिली थी, जिसमें भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं और रुपयों के लेन-देन का आरोप लगाया गया था। उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जग प्रवेश के नेतृत्व में की गई जांच में पुष्टि हुई कि चंद्र ने एक आवेदक से 1.65 लाख रुपये की मांग की थे, जिसमें से 70 हजार रुपये अग्रिम भुगतान के रूप में दिए गए थे। अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि आवेदक को सीडीपीओ के जान-पहचान के साइबर कैफे से भेजा गया गया था हालांकि आवेदक का फॉर्म जानबूझकर खारिज कर दिया गया क्योंकि चंद्र ने एक अन्य उम्मीदवार आशा से ढाई लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार की थी।

### छेड़छाड़ का आरोपी जेएनयू प्रोफेसर बर्खास्त

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के एक वरिष्ठ प्रोफेसर को जापानी दूतावास की एक अधिकारी से जुड़े यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर बर्खास्त कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जेएनयू सूत्रों के अनुसार, कथित घटना कुछ महीने पहले विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कोई अकेला मामला नहीं बल्कि प्रोफेसर के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित ने को बताया, जेएनयू प्रशासन यौन उत्पीड़कों और भ्रष्ट कर्मचारियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरतने की नीति के लिए प्रतिबद्ध है।

# वक्फ कानून पर केन्द्र से जवाब तलब

○ सुप्रीम कोर्ट ने दिया सात दिन का समय ○ बोर्ड में नियुक्तियों पर रोक ○ संपत्तियों को नहीं कर सकेंगे अधिसूचित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पांच मई तक वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करने और केंद्रीय वक्फ परिषद एवं वक्फ बोर्ड में नियुक्तियां न करने का केंद्र सरकार से आश्वासन लेने के साथ ही उसे संबंधित अधिनियम की वैधता पर जवाब दाखिल करने के लिए गुरुवार को सात दिन का समय दिया।

वक्फ बाय यूजर संपत्ति लंबे समय से धार्मिक या परोपकारी उद्देश्य से इस्तेमाल की जा रही संपत्ति होती है, जिसके लिए लिखित दस्तावेज या रजिस्ट्री की जरूरत नहीं होती। केंद्र ने वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने के खिलाफ अंतरिम आदेश पारित करने और केंद्रीय वक्फ परिषदों व बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को नियुक्त करने की अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक लगाने के उच्चतम न्यायालय के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। पीठ ने कहा सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि प्रतिवादी (भारत सरकार) सात दिन में संक्षिप्त जवाब देना चाहता है। उन्होंने कहा है और आश्वासन दिया है कि सुनवाई की अगली तारीख तक (अधिनियम की) धारा 9 और 14 के तहत परिषद व बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। अदालत ने कहा कि मेहता ने यह भी कहा है कि सुनवाई की अगली तारीख तक, अधिसूचना के माध्यम से पहले से पंजीकृत या घोषित वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों की स्थिति से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी और उन्हें गैर-



अधिसूचित नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की तीन न्यायाधीशों की पीठ से आग्रह किया कि संसद द्वारा उचित विचार-विमर्श के साथै पारित कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। इसके बाद पीठ ने विवादास्पद वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को एक सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख तय की। मेहता ने कहा यदि माननीय न्यायाधीश वक्फ बाय यूजर के बारे में कुछ कहेंगे, तो इसका क्या परिणाम होगा? उन्होंने कहा हम सरकार और संसद के रूप में जनता के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पश्चिम बंगाल भर्ती विवाद : बर्खास्त किये गये बेदाग शिक्षकों की सेवा अवधि बढ़ी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल को बड़ी राहत देते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा बेदाग पाए गए बर्खास्त शिक्षकों की सेवा अवधि बढ़ाने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने राज्य सरकार की इस दलील पर गौर किया कि विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

राज्य सरकार की याचिकाओं पर यह आदेश आया है, जिसने तीन अप्रैल के आदेश के खिलाफ अदालत का रुख किया था। तीन अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व कर्मचारियों की नियुक्ति को अवैध करार देते हुए पूरी चयन प्रक्रिया कौ दोषपूर्ण बताया था। बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार की इस दलील पर भी गौर किया कि नयी भर्ती में समय लगेगा। न्यायालय के फैसले के बाद बेरोजगार हुए शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के एक वर्ग की राज्य के कई जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प हुई थी। शीर्ष अदालत ने दलीलों पर गौर करते हुए कहा कि उसने केवल बेदाग शिक्षकों की सेवा अवधि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## शाहजहांपुर के स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों का घोटाला

शाहजहांपुर (उप्र)। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित जांच दल ने स्वास्थ्य विभाग में कथित तौर पर करोड़ों रुपये का घोटाला पकड़ा है जिसकी जांच के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में घोटाले की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अपराजिता सिंह सिनसिनवार से जांच कराई तो घोटाले की पुष्टि हुई जिसके बाद विस्तृत जांच के लिए सीडीओ के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) समेत चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई। उन्होंने बताया कि दो पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी और एक कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत आठ लोगों के खिलाफ जांच कराने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा गया है। सीडीओ अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने बताया, बाजार में औसतन 100 रुपये में मिलने वाले स्टेथोस्कोप के डिब्बे पर 350 रुपये मूल्य छपा था जिसे 1500 रुपये में खरीदा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# रक्षा उपकरणों का आयात घटेगा : राजनाथ

## 2029 तक तीन लाख करोड़ के रक्षा उपकरण बनायेगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल भारत का रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है और 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य उपकरणों के निर्माण का लक्ष्य है।

राजनाथ ने कहा कि भारत रक्षा उपकरणों के आयात पर अपनी निर्भरता कम करेगा और एक रक्षा औद्योगिक परिवेशी तंत्र बनाएगा, जो न केवल देश की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि रक्षा निर्यात की क्षमता को भी मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने द वीक पत्रिका द्वारा आयोजित डिफेंस कॉन्क्लेव 2025 - फोर्स ऑफ द फ्यूचर में अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा,



वह दिन दूर नहीं जब भारत न केवल विकसित देश के रूप में उभरेगा, बल्कि हमारी सैन्य शक्ति भी विश्व में शीर्ष पर होगी। इस वर्ष रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये को पार कर जाना चाहिए, जबकि हमारा लक्ष्य वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये मूल्य के रक्षा उपकरण तैयार करना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जहां भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताएं राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता पर केंद्रित हैं, वहीं वे विनिर्माण को वैश्विक आपूर्ति बाधाओं से भी बचा रही हैं। उन्होंने घोषणा की, हमारा रक्षा निर्यात इस वर्ष 30,000 करोड़ रुपये और वर्ष 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाना चाहिए। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता का उद्देश्य विवादों और संघर्षों को भड़काना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की रक्षा क्षमताएं क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए एक विश्वसनीय प्रतिरोधक शक्ति की तरह हैं और शांति तभी संभव है जब भारत मजबूत बना रहे। सिंह ने अपने संबोधन में स्वदेशीकरण, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जल्द बहाल होगी मानसरोवर यात्रा

नयी दिल्ली। (भाषा) भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के जल्द ही दोबारा बहाल होने की उम्मीद है और इसकी तैयारियां की जा रही हैं। भारत और चीन पिछले वर्ष अक्टूबर में हुए समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग के दो शेष टकराव बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पूरी करने के बाद संबंधों को सुधारने के प्रयासों के तहत कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत और चीन दोनों देशों के बीच उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए हैं और प्रासंगिक तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर यात्रा और उड़ान सेवाओं को ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को दिया जा रहा प्रोत्साहन

## सरकार 10, 25 व 50 वर्षों के दृष्टिगत तैयार कर रही है विकास माडल : मुख्यमंत्री

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन वाले विकास के मॉडल को चुना है। राज्य में इकॉनमी और इकॉलजी के बीच समन्वय बनाकर ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अन्तर्गत लगभग 20,000 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को हमने अपने राज्य में भी अपनाना है। राज्य सरकार आने वाले 10, 25, 50 सालों को देखते हुए भी विकास के मॉडल तैयार कर रही है।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन, देहरादून में आयोजित समारोह को संबोधित करते



हुए व्यक्त किए। उत्तराखण्ड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा ऊर्जा निगमों के कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान करने पर मुख्यमंत्री धामी का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस अभिनंदन की असली हकदार उत्तराखंड प्रदेश की जनता है, जिन्होंने प्रदेश की सेवा करने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा प्रदेश उत्तराखंड की मूल अवधारणा में था। उत्तराखण्ड को पॉवर ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 38.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 30.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

○ तीन साल में जर्मनी, जापान को पीछे छोड़ देगा भारत (पृष्ठ-10)
○ भारत, ब्राजील सोयाबीन क्षेत्र में मिलकर करेंगे काम (पृष्ठ-10)
○ रुपया 27 पैसे चढ़कर 85.37 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
○ अमेरिका ने चीन की रिफाइनरी पर लगाया प्रतिबंध (पृष्ठ-12)
○ मनरेगा मजदूरी 400 रुपये और कार्यदिवस 150 करें (पृष्ठ-12)

विशेष खबर | गृहमंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित

# नक्सलवाद से मुक्त करने के मिशन की रीढ़ है सीआरपीएफ

एजेंसी

नीमच (मप्र)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के केवल चार जिलों तक सीमित नक्सलवाद को अगले वर्ष 31 मार्च तक समाप्त कर दिया जाएगा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) इस मिशन की रीढ़ है। वह मध्यप्रदेश के नीमच जिले में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा पशुपतिनाथ से तिरुपति तक लाल आतंक फैलाने का सपना देखने वाले नक्सली आज सिर्फ चार जिलों तक सीमित हैं। इसमें सबसे बड़ा योगदान सीआरपीएफ का है। देश में खतरा (नक्सलवाद का) 31 मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएगा जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सीआरपीएफ खासकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में बड़ी भूमिका निभा रही है। कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन (कोबरा) सीआरपीएफ की एक विशेष इकाई है जो छापामार और जंगल युद्ध में अपनी दक्षता के लिए जानी जाती है, खासकर नक्सल खतरे का मुकाबला करने के लिए। शाह



ने कहा सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित इलाकों में 400 से अधिक अग्रिम संचालन अड्डे स्थापित किए हैं। इसकी वजह से इन क्षेत्रों में हिंसा में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और हम अब इसे समाप्त करने के करीब हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में सीआरपीएफ का योगदान अतुलनीय है, चाहे कश्मीर घाटी में आतंकवादियों से लड़ने की बात हो, पूर्वोत्तर में शांति सुनिश्चित करने की बात हो या कट्टर नक्सलियों को आज सिर्फ चार जिलों तक सीमित करने की बात हो।

उन्होंने कहा इन सभी उपलब्धियों में सीआरपीएफ जवानों की अहम भूमिका रही है। कोई भी किताब उनकी बहादुरी, कर्तव्य की भावना और साहस के साथ न्याय नहीं कर सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीआरपीएफ की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक नक्सलवाद को खत्म करने में इसका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज सबसे खूंखार नक्सली भी कोबरा कमांडो के पास आने की आवाज सुनकर कांप जाते हैं। उन्होंने कहा कोबरा बटालियन वीरता का प्रतीक बन गई है। मैं सभी कोबरा जवानों को 86वीं (स्थापना दिवस) परेड के लिए बधाई देता हूं और उनके साहस के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा आपके नेतृत्व में सीआरपीएफ जवानों ने नक्सलवाद के खात्मे में उल्लेखनीय प्रगति की है। और आज मैं घोषणा करता हूं कि 31 मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद का पूरी तरह से सफाया ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पति की हत्या के आरोप में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

○ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्पदंश से नहीं, गला घोंटने से मौत की पुष्टि

मेरठ। जिले में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतक के पास एक जहरीला सांप देखा गया था और शुरुआती रिपोर्ट में सांप के काटने से मौत की बात सामने आ रही थी लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटे जाने की पुष्टि हुई। पुलिस ने हत्या की साजिश रचने के आरोप में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार पटेल ने बताया कि घटना बेहसूमा थानाक्षेत्र के अकबरपुर सादात गांव की है, जहां 30 वर्षीय अमित कश्यप उर्फ मिक्की रविवार सुबह अपने घर में मृत पाया गया था। उन्होंने बताया कि अमिक के बिस्तर के पास एक जहरीला सांप भी मिला था, जिससे यह प्रतीत हुआ कि उसकी मौत सांप के काटने से हुई है। हालांकि जब शव का पोस्टमार्टम कराया गया, तो चिकित्सकों ने स्पष्ट किया कि युवक की मौत दम घुटने से हुई है, न कि जहर से। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की और ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

संक्षेप

## तीन आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर योगी सरकार ने आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस बार तीन अफसरों का स्थानांतरण किया गया है। अनिता यादव को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, कानपुर बनाया गया है। जबकि मृणाली अविनाश जोशी को मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर के पद पर किया गया स्थानातंरण निरस्त करते हुए संयुक्त मजिस्ट्रेट गोरखपुर के पद पर यथावत बनाया गया है। इसके अलावा संयुक्त मजिस्ट्रेट अयोध्या ध्रुव खाडिया को मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर भेजा गया है। इससे पहले यूपी सरकार ने आईएएस अधिकारियों के तबादलों की दूसरी सूची मंगलवार देर शाम जारी की।

## दलितों का शोषण कर रही सपा : मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को सपा पर निशाना साधते हुए पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) अभियान की आड़ में राजनीतिक लाभ के लिए दलितों का शोषण करने का आरोप लगाया। बसपा नेता ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, कि विदित है कि अन्य पार्टियों की तरह आए दिन सपा द्वारा भी पार्टी के खासकर दलित लोगों को आगे कर तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले मामले सामने आ रहे हैं। इनकी अति विवादित बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप और कार्यक्रम आदि का जो दौर चल रहा है, यह इनकी घोर संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति ही प्रतीत होती है। उन्होंने कहा, कि क्योंकि सपा भी दलितों के वोटों के स्वार्थ के लिए यहां किसी भी हद तक जा सकती है। अतः दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इसके राजनीतिक हथकंडों का शिकार होने से जरूर बचना चाहिए। मायावती ने कहा कि साथ ही, ऐसी पार्टियों से जुड़े अवसरवादी दलितों को दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय अपने समाज के संतों, गुरुओं व महापुरुषों की अच्छाईयों एवं उनके संघर्ष के बारे में बताना चाहिए।

## 28 शिकायतों पर आयोग ने की कार्यवाही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा गुरुवार को इन्दिरा भवन, लखनऊ स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जिलों से प्राप्त कुल 28 शिकायतों और पत्रावलियों पर जनसुनवाई की गई। आयोग द्वारा इन मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कुंवर सुधाकर सिंह बनाम पुलिस अधीक्षक बाराबंकी एवं बन्दोबस्त अधिकारी बाराबंकी से संबंधित प्रकरण में यह मामला सामने आया कि भूमि विवाद में फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से फर्जी सुलहनामा तैयार किया गया था। पीड़ित द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के उपरांत आयोग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित हस्ताक्षरों की फोरेंसिक जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एक अन्य प्रकरण में रूचि देवी बनाम पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी की शिकायत पर सुनवाई की गई, जिसमें संबंधित अधिकारी की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की।

# ऐतिहासिक धरोहरें खोलेंगी अर्थव्यवस्था व रोजगार के द्वार

### विरासत संपत्तियों के संरक्षण व संवर्धन के साथ-साथ कल्चर, कुजीन, हस्तशिल्प को दिया जायेगा बढ़ावा : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य की ऐतिहासिक विरासतों को नया जीवन देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विभाग अब 11 और विरासत संपत्तियों को एडाप्टिव रियूज के तहत विकसित करने जा रहा है। निजी निवेशकर्ताओ की सहभागिता के लिए गुरुवार को निविदा जारी की गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन ऐतिहासिक किलों, महलों और हवेलियों के संरक्षण व पुनः उपयोग की इस योजना का उद्देश्य न केवल इन धरोहरों को सहेजना है, बल्कि राज्य की संस्कृति, स्थानीय व्यंजन और हस्तशिल्प को भी बढ़ावा देना है। विरासत संपत्तियों के नजदीक स्थित एक-एक गांव को गोद लेकर वहां का विकास किया जाएगा। विभाग के इस पहल से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं हस्तशिल्प को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में सहायता मिलेगी। उप्र पर्यटन विभाग की इस योजना से प्रदेश के पर्यटन को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटन से जोड़ने की दिशा में सक्रिय पहल कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अनेक किले, महल और हवेलियां मौजूद हैं, जिन्हें विरासत के साथ विकास मिशन के तहत और अधिक आकर्षक तथा उपयोगी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, कि सरकार की पर्यटन नीतियां सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर आधारित हैं। इसके तहत इन धरोहर स्थलों को हेरिटेज होटल, सार्वजनिक संग्रहालय (पब्लिक म्यूजियम), कॉन्फ्रेंस व आयोजन केंद्र आदि के रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य इन ऐतिहासिक स्थलों को न केवल संरक्षित करना है, बल्कि उन्हें आज के दौर की जरूरतों के अनुसार उपयोगी भी बनाना है। जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार ने राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित और विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को 11 हेरिटेज प्रॉपर्टीज के विकास के लिए निविदा जारी की गई है। इन स्थलों में 1857 की क्रांति से जुड़ा टहरौली किला (झांसी) प्रमुख है। यह किला झांसी की ऐतिहासिक विरासत का अहम हिस्सा रहा है। इसी कड़ी में महोबा जिला स्थित मस्तानी महल, जो पेशवा बाजीराव प्रथम की पत्नी मस्तानी से जुड़ा है, जो अपने अनोखे स्थापत्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए विख्यात है। इसी जिले में सेनापति महल, कुलपहाड़ भी शामिल है, जिसकी भव्य वास्तुकला अतीत की शाही जीवनशैली की झलक प्रस्तुत करता है। ललितपुर जिले का बालाबेहट किला भी इस सूची में है, जो अपनी सामरिक स्थिति और स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी तरह रंगगढ़ किला बांदा, जो कि क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। इसकी स्थापत्य कला बेजोड़ है। इसी तरह वजीरगंज की बारादरी गोंडा, जो कि मुगल कालीन बारादरी शैली में निर्मित यह स्मारक अपने 12 दरवाजों और भव्यता के लिए जाना जाता है। आलमबाग भवन लखनऊ, जो कि नवाब वाजिद अली शाह द्वारा निर्मित यह भवन मुगल और औपनिवेशिक स्थापत्य का अद्भुत मिश्रण है।

## यूपी की एमएसएमई इकाइयों को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश की इकाइयों के लिए सुनहरा अवसर, 13 मई तक करें आवेदन
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एमएसएमई इकाइयों को मिलेगा नकद पुरस्कार, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र

**लखनऊ।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार-2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार देश की उन एमएसएमई इकाइयों को दिया जाएगा जो निर्माण या सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, तकनीकी रूप से दक्ष हैं अथवा निर्यात में योगदान दे रही हैं। पुरस्कारों में महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति और दिव्यांग उद्यमियों के लिए विशेष श्रेणियां भी तय की गई हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई सेक्टर को मिल रहे प्रोत्साहन और योजनाओं के चलते प्रदेश की इकाइयों के पास राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का यह सुनहरा अवसर है। योगी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न एमएसएमई प्रोत्साहन योजनाओं का सकारात्मक असर राज्य की इकाइयों की मजबूती में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पुरस्कार स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली इकाई को 3 लाख, द्वितीय स्थान के लिए 2 लाख और तृतीय स्थान के लिए 1 लाख की नकद राशि के साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। एक इकाई एक से अधिक श्रेणियों में आवेदन कर सकती हैए लेकिन चयन एक ही श्रेणी में किया जाएगा। निर्माण क्षेत्र के लिए 12, सेवा क्षेत्र के लिए 9 तथा विशेष श्रेणियों के लिए 10 पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वाली इकाइयों को प्रतीक चिन्ह युक्त लेबल, लोगो, टाई आदि के उपयोग की अनुमति भी दी जाएगी। आवेदन के लिए वैध उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र, पर्यावरणीय अनुमति, औद्योगिक लाइसेंस, अग्निशमन या विस्फोटक प्रमाणपत्र, ईएसआई/पीएफ संबंधित सामाजिक सुरक्षा दस्तावेज आदि जरूरी होंगे।

## प्रत्येक जिले में एक हजार यूनिटें स्थापित करने का लक्ष्य

**लखनऊ।** यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत प्रदेश में 17 हजार इकाइयां स्थापित की गयी हैं। प्रत्येक जिले में एक हजार यूनिटें स्थापित करने का लक्ष्य है। उन्होने कहा कि इच्छुक लोग प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का अधिक से अधिक उठायें। सरकार का प्रयास है कि युवक/युवतियां उद्यम स्थापित कर युवाओं को रोजगार देने वाले बने। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थी अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करें। सरकार सूक्ष्म उद्योगों के उन्नयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध व कटिबद्ध है। केशव गुरुवार को आदर्श नगर आलमबाग में संचालित राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित 15 दिवसीय फल संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में 30 लाख तक ऋण दिए जाने की व्यवस्था की गयी है, इसमें 35 प्रतिशत अनुदान का प्राविधान किया गया है।

## मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने किडनी ट्रांसप्लांट पर आयोजित किया जागरूकता सत्र




प्रमुख संवाददाता

**रुद्रपुर (उत्तराखंड)।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में दो युवा मरीजों 22 वर्षीय हिमांशु भारद्वाज और 26 वर्षीय दिव्यांश गाबा की प्रेरणादायक यात्रा साझा की गयी, जिन्होंने सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट करवाया और अब एक स्वस्थ व बेहतर जीवन जी रहे हैं।

इन मामलों का नेतृत्व मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली के नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांटेशन विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. मनोज के. सिंगल ने किया। दोनों मरीजों के मामलों पर बोलते हुए डॉ. मनोज के. सिंगल ने बताया कि 22 वर्षीय हिमांशु भारद्वाज को क्रॉनिक किडनी डिजीज का पता चला था और मई 2024 से वह डायलिसिस पर थे। कुछ समय बाद उन्हें टीबी भी हो गया। डायलिसिस की शारीरिक और मानसिक थकावट ने उनके भविष्य के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल कर दिया था। ऐसे में उनकी 50 वर्षीय मां ने अपनी किडनी दान कर उन्हें नया जीवन दिया। टीबी का उपचार कुछ महीनों तक चलने के बाद ट्रांसप्लांट किया गया। डोनर को ऑपरेशन के पांचवें दिन और हिमांशु को आठवें दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्तमान में दोनों स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। इसी तरह, 26 वर्षीय दिव्यांश गाबा को स्टेज 5 क्रॉनिक किडनी डिजीज थी और वह 2022 से डायलिसिस पर थे। उनकी मां की किडनी की स्थिति ठीक नहीं थी और उनके पिता मधुमेह (डायबिटीज) से ग्रस्त थे, जिससे डोनर का विकल्प सीमित हो गया। ऐसे में उनके पिता की 50 वर्षीय बहन (दिव्यांश की बुआ) ने निःस्वार्थ भाव से किडनी दान करने का निर्णय लिया। उम्र और स्वास्थ्य को लेकर शुरूआती चिंताओं के बावजूद मेडिकल जांच में उन्हें उपयुक्त डोनर पाया गया। जांच के दौरान उनकी छाती की ग्रंथियों में टीबी पाया गया। नौ माह के टीबी उपचार के बाद, वह किडनी दान के लिए फिट घोषित हुईं। ट्रांसप्लांट सफल रहा झ दाता को पांचवें और दिव्यांश को आठवें दिन अस्पताल से छुट्टी मिली।

आज दोनों एक स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। डॉ. मनोज ने कहा कि डायलिसिस एक सेतु है, मंज़िल नहीं। सही चिकित्सा और पारिवारिक सहयोग से ट्रांसप्लांट रोगी को बार-बार अस्पताल जाने, खानपान की सख्ती और थकान से मुक्ति दिला सकता है। यह सामान्य जीवन को वापस पाने की प्रक्रिया है। इन जटिल मामलों का सफल उपचार मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली की चिकित्सा उत्कृष्टता, पारिवारिक सहयोग और मरीजों की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। यह अस्पताल न केवल उपचार प्रदान करता है, बल्कि समाज को जागरूक कर स्वास्थ्य सेवा के प्रति सकारात्मक संदेश भी देता है।

## इंजीनियर संतोष मिश्रा ने ली कांग्रेस की सदस्यता



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के समक्ष देवरिया से उत्तर प्रदेश जल निगम अभियंता यूनियन के अध्यक्ष रहे रिटायर इंजीनियर संतोष मिश्रा के नेतृत्व में गोरखपुर, लखनऊ, आजमगढ़ और कानपुर से उनके समर्थकों ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय दीक्षित, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, आसिफ रिजवी रिंकू आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रिटायर इंजीनियर संतोष मिश्रा के साथ सदस्यता ग्रहण करने आये सभी सदस्यों के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनकर एवं पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई एवं उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। रिटायर इंजीनियर संतोष मिश्रा के साथ प्रमुख रूप से कृष्ण बिहारी दुबे, पवन तिवारी-प्रधान, संजय कुमार मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, श्याम तिवारी, शशांक कुमार मिश्रा, रमेश पाठक, धीमान पोद्दार, अमन दुबे, सत्यम सिंह, रितेश यादव, विभु मिश्रा, विराट मिश्रा, विजय पाण्डेय, अनुपम कुमार ओझा, जय गोविन्द निषाद, प्रियांशु शुक्ला, निषिथकांत, अजय कुमार, गोविन्द कुमार, विशाल रावत सहित भारी संख्या में उनके समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण के बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से देश के गरीब, मजदूर, किसान, बेरोजगार युवा, छात्र, महिलाओं की आवज को को उठाने का काम कर रहे हैं।

## डॉ. संजीव कुमार श्रीवास्तव बने उप्र डेंटल कौंसिल के अध्यक्ष



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश डेंटल कौंसिल की शासी समिति की सर्वसम्मति से डॉ. संजीव कुमार श्रीवास्तव को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। उत्तर प्रदेश डेंटल कौंसिल राज्य के डेंटल चिकित्सकों के पंजीकरण और नियमन संबंधी कार्यों का संचालन करती है। डॉ. संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वे दन्त चिकित्सकों के हितों के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे।

## बसपा नेता ने थामा रालोद का दामन




**लखनऊ।** ब्राह्मण भाईचारा कमेटी बसपा सुल्तानपुर के प्रभारी रहे ज्ञान प्रकाश पांडे ने अपने साथियों अरविंद कुमार पांडे, हनुमंत उपाध्याय, शिवांश त्रिपाठी, अनुराग खेतान के साथ एवं उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण सेवानिवृत्त अभियंता संघ के महामंत्री गाजियाबाद निवासी मनोज शुक्ला ने गुरुवार को रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के समक्ष रालोद में शामिल होने की घोषणा की। प्रदेश मुख्यालय में अनिल दुबे ने रालोद सुल्तानपुर के जिला अध्यक्ष बेलाल अहमद की सदस्यता का नवीनीकरण कर सभी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर प्रदेश प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल तथा सत्य प्रकाश तिवारी उपस्थित रहे।

## मोफा प्रोसेसिंग व वीजा जारी होने की अन्तिम तिथि आज

**लखनऊ।** सऊदी सरकार ने मोफा प्रोसेसिंग व वीजा जारी होने की अन्तिम तिथि 18 अप्रैल रखी है। उक्त क्रम में प्रत्येक हज यात्री का मूल अर्न्तराष्ट्रीय पासपोर्ट जमा होना आवश्यक है। पासपोर्ट न जमा होने की स्थिति में हज यात्रा निरस्त की जा सकती है। सचिव हज कमेटी एसपी तिवारी ने बताया कि सऊदी सरकार ने इस वर्ष हज यात्रियों के लिए आवास, परिवहन व यात्रा संचालन के क्रियान्वयन का कार्य हज यात्रियों की सुविधार्थ उड़ानों के साथ लिंक कर दिया गया है। जिसके कारण उडान निर्धारित हो जाने के बाद उड़ान तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।

# टीएचआर प्लांट से खुशहाल हो रहीं महिलाएं

### अनौराकला, चिनहट के टीएचआर प्लांटों का किया जायेगा विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)

- बैंकों से टाइअप कर समूहों की की जाये भरपूर मदद

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को अनौराकला, चिनहट में स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा संचालित टीएचआर प्लांट का सघन निरीक्षण किया। टीएचआर

प्लांट से तैयार किये जा रहे पुष्टाहार की बारीकियों व गुणवत्ता आदि के बारे में जानकारी हासिल की व महिलाओं से वार्ता करते हुए उनकी होने वाली आमदनी आदि के बारे में फीड बैक लिया। महिलाओं ने टीएचआर प्लांट से होने वाली आमदनी व अन्य विवरण की जानकारी देते हुए बताया कि इससे उनकी आमदनी बढ़ी है और उनके परिवार में खुशहाली आयी है। आपको बताते चलें कि टीएचआर प्लांटों से महिलाओं की आमदनी बढ़े और अनवरत रूप से प्लांट चलते रहे व बिजली का व्यय भार भी कम हो, इसलिए उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर टीएचआर प्लांटों को सोलर एनर्जी से जोड़ा जा रहा है। फूड प्रोसेसिंग इकाइयों मे सोलर प्लांट लगाने में महिलाओं को 90 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति में की गयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि टीएचआर प्लांटों के संचालन से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आ रही हैं, प्रदेश में 204 टी एच आर प्लांट स्थापित हैं। जहां पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लिए पुष्टाहार का उत्पादन स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा किये जाने की व्यवस्था की गयी है। बड़ी संख्या में यह प्लांट सोलर एनर्जी से जोड़े गये हैं। उप मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान महिलाओं द्वारा बताया गया है पहले उनका बिजली का बिल लगभग सवा लाख आता था, सोलर प्लांट लगाने के बाद बिल लगभग 35 हजार आ रहा है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्लांट का विस्तार किया जाये, यहां पर बेसन, आटा, मशाला, तेल आदि की यूनिट लगाने का प्लान एक माह के अन्दर तैयार किया जाये और बैंकों से टाइअप कर समूहों की पूरी मदद की जाये। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस रेस्पी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार उत्पादन इकाई में 10 स्वयं सहायता समूहों की चयनित दीदियों द्वारा कार्य किया जा रहा है, जहां पर पंजीरी, आटा बेशन हलुआ, मूंग दाल खिचड़ी, आटा बेशन बर्फी आदि 6 चीजें बनाई जा रही है।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था की जाये पुष्टाहार विभाग को आपूर्ति के अलावा मार्केट में बेचने के लिए भी उत्पाद तैयार किये जाये, जिससे महिलाओं की आमदनी के नये-नये रास्ते खुलेंगे। उप मुख्यमंत्री ने महिलाओं से वार्ता करते हुए उनके सुझाव भी लिये और उनके काम की तारीफ की। यह यूनिट 90 लाख की धनराशि से तैयार की गयी है।

## भाजपा नफरत की राजनीति कर रही : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी गुरुवार को कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। भाजपा कम्युनल बातें करके जनता के बुनियादी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाना चाहती है। इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। थाने, तहसील से लेकर सत्ता के शीर्ष स्तर तक पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार में डूबा है। आम जनता त्रस्त है। पहली सरकार है जिसमें सत्ता शीर्ष का करीबी आईएएस भ्रष्टाचार और कमीशन के मामले में लिप्त है और फरार चल रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में निवेश से लेकर निर्माण कार्यो तक हर जगह लूट मची है। पूरी सरकार झूठ और लूट पर चल रही है। निवेश पर मिलने वाली इंसेंटिव में कमीशनखोरी है। कमीशन का बंटवारा होता है। निवेश को लेकर जो भ्रष्टाचार उजागर हुआ है वह बंटवारे का झगड़ा है। इसी लूट के लिए भाजपा सरकार सरकारी पैसे पर बड़े-बडे इन्वेस्टर मीट कराती है। फिर इन्वेस्टर के लिए आने वाली कम्पनियों और व्यवसायियों से कमीशन वसूला जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के हर विभाग में हर कार्य में भ्रष्टाचार है। स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर निर्माण हर जगह लूट मची है।

घटिया सामानों की खरीद और फिर उनका आग में स्वाहा हो जाना आम बात है। कोई भी अस्पताल, मेडिकल कालेज भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार से नहीं बचा है। भ्रष्टाचार और लूट में सरकार का संरक्षण है। इस सरकार में सड़कें और एक्सप्रेस परियोजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हुआ। समाजवादी सरकार में विश्वस्तरीय सड़क आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे रिकार्ड समय में बनाई गयी। यह सड़क देश के लिए एक उदाहरण है। वही भाजपा सरकार ने जो बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे बनाया उसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ। उसमें मानक से समझौता किया हुआ।

प्रधानमंत्री के उद्घाटन के बाद ही एक्सप्रेस वे टूट गया। इसी तरह गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे निर्माण में अभी भी गोरखधंधा चल रहा है। उसका निर्माण कार्य पूरा होने की तारीख कई बार बढ़ाई गयी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार से सभी परेशान है। थानों और तहसीलों में बिना पैसे से जनता का काम नहीं होता है। प्रदेश की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के भ्रष्टाचारी शासन का अंत कर देगी। जनता विकास की पर्याय सपा की सरकार बनायेगी।

# मंडी परिषद की आय में हुई 16.17 प्रतिशत की वृद्धि

### किसानों की भलाई के लिए विभागीय योजनाओं को धरातल पर उतारने के दिए निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

- मंडियों में पारदर्शिता सुनिश्चित कर किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले

**लखनऊ।** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में मंडी परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वर्ष की अपेक्षा कुल आय में उल्लेखनीय वृद्धि की गई। उन्होंने बताया कि मंडी शुल्क की दर में कमी करने के बावजूद भी पिछले वर्ष 2023-24 की अपेक्षा इस वर्ष 2024-25 में कुल आय लगभग 278 करोड़ रुपये अधिक हुई है, जो कि पिछले वर्ष से 16.17 प्रतिशत अधिक है।

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में विभागीय अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के गतिमान कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मण्डियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हर सम्भव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान अन्नदाता हैं, राज्य सरकार उनकी आमदनी बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति को अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1994.50 करोड़ रुपये की कुल आय हुई है, जो कि गत वर्ष की आय 1716.87 करोड़ रुपये थी। उन्होंने बताया कि मंडी परिषद में यह उपलब्धि ई-मंडी पोर्टल, ई-लाइसेंस आदि के लागू करने से प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापारियों को मंडी शुल्क एवं विकास सेस में लगभग 265 करोड़ की छूट प्रदान की गई है।

उद्यान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मण्डियों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि मंडियों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने ई-मंडी प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बिचौलियों पर निगरानी रखने और सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से समन्वय बनाकर किसानों की भलाई के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।

बैठक में मंडी परिषद के निदेशक इन्द्र विक्रम सिंह, संयुक्त निदेशक सचिन सिंह, चीफ इंजीनियर गिरधारी लाल, उप निदेशक चंदन पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनधिकृत ई-रिक्शों पर कसा शिकंजा, लचर प्रदर्शन पर 20 जनपदों को नोटिस

### नागरिक सुरक्षा और यातायात के मद्देनजर परिवहन विभाग ने की समीक्षा, 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

- अच्छा प्रदर्शन न करने पर ललितपुर, हाथरस, देवरिया, श्रावस्ती आदि जिलों को भेजा जायेगा पत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नागरिक सुरक्षा और सुगम यातायात के मद्देनजर परिवहन विभाग की तरफ से पहली से 30 अप्रैल तक अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चल रहा है। अभियान के 16 वें दिन की परिवहन आयुक्त ने इसकी समीक्षा की। अभियान में अनधिकृत ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ कार्रवाई कर आमजन को सुगम यातायात की सुविधा मुहैया कराने वाले जनपदों की समीक्षा की गई। इसमें सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले जनपदों व न्यूनतम योगदान देने 20 जनपदों की सूची तैयार की गई है। न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले जनपदों को कारण बताओ नोटिस भी जारी की गई है।

अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जनपदों में बरेली, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, फिरोजाबाद, बाराबंकी, एटा, कानपुर देहात, बहराइच, चंदौली, संत रविदास नगर, चित्रकूट, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, गाजीपुर व हमीरपुर में अभियान की स्थिति काफी अच्छी है।

अभियान के नोडल अधिकारी व अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) संजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह अभियान पहली अप्रैल से निरंतर चल रहा है। इसकी शासन स्तर से मॉनीटरिंग भी की जा रही है। अभियान की गति जिन जनपदों में धीमी है, वहां के अफसरों को नोटिस भेजकर जवाब-तलब किया गया है। सिंह के मुताबिक अमरोहा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर, मऊ, इटावा, फरुर्खाबाद, बदायूंए संभल, श्रावस्ती, झांसी, संतकबीरनगर, बस्ती, शामली, महराजगंज, देवरिया, हाथरस व ललितपुर के परिवहन अधिकारियों को नोटिस भेजकर जवाब-तलब किया गया है। परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था कि सुगम यातायात व आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत पहली से 30 अप्रैल तक अभियान चलेगा। इस क्रम में अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

अभियान की समीक्षा की गई, जिन जनपदों में अभियान को लेकर स्थिति कमजोर है, वहां के अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। वहीं अभियान को लेकर सजगता बरतने वाले अधिकारियों की हौसलाअफजाई भी की गई है। परिवहन, जनपद व पुलिस प्रशासन के संयुक्त देखरेख में अभियान निरंतर चल रहा है।

**अभियान का 16 दिन एक नजर**

कुल चालान-18,816
अन्य अभियोगों में किए गए चालान-16,500
चालान किए गए अपंजीकृत रिक्शा-2316
अभियान में बंद किए गए वाहन-6662

**17 अप्रैल को अभियान की स्थिति**

17 अप्रैल गुरुवार को 469 वाहन सीज किए गएए जबकि 1294 वाहनों का चालान किया गया।

| संभाग | बंद किए गए वाहन | चालान की संख्या |
|---|---|---|
| लखनऊ | 45 | 122 |
| अयोध्या | 41 | 73 |
| गोंडा | 17 | 38 |
| बस्ती | 14 | 24 |
| कानपुर | 34 | 106 |
| प्रयागराज | 25 | 55 |
| बांदा | 12 | 56 |
| बरेली | 12 | 51 |
| मुरादाबाद | 58 | 30 |
| वाराणसी | 18 | 56 |
| गोरखपुर | 34 | 68 |
| आजमगढ़ | 8 | 22 |
| मीरजापुर | 1 | 15 |
| मेरठ | 9 | 26 |
| गाजियाबाद | 30 | 80 |
| सहारनपुर | 11 | 115 |
| आगरा | 59 | 159 |
| झांसी | 8 | 25 |
| अलीगढ़ | 33 | 173 |
| कुल | 469 | 294 |

संक्षेप

### एसएसपी ने निरीक्षण किया

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने महिला थाना का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला थाना प्रभारी कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं महिला थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया।

### निर्माण कार्य से रूट डायवर्जन

इटावा। अपर जिलामजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि भरथना ऊसराहार मार्ग के किमी. 13 में स्थित लघु सेतु जो क्षतिग्रस्त अवस्था में है। उक्त लघु सेतु का चैड़ीकरण के साथ पुनर्निमाण कार्य स्वीकृत है। सेतु के पुनः निर्माण कार्य कराये जाने के कारण यातायात डायवर्जन किया जाना आवश्यक है। इस कारण ऊसराहार से भरथना की तरफ आने-जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन इटावा बिधूना मार्ग से पक्कातालाब ककराई-बुन्देलखंड एक्सप्रेस की सर्विस रोड-वैवाह चैपला रजवाहा की पटरी से होते हुए भरथना ऊसराहार मार्ग द्वारा डायवर्जन किया जा सकता है। छोटे एवं हल्के वाहनों का आवागमन लघु सेतु के दायीं तरफ निर्मित अस्थाई डायवर्जन द्वारा किया जायेगा। इस सम्बन्ध में 10 अप्रैल से 30 जून तक यातायात डायवर्जन हेतु अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

### व्यापारी समागम 24 को

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर एवं जिलाध्यक्ष संतोष चैहान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के संयुक्त नेतृत्व में बैठक नुमाइश चैराहा स्थित एमपी सिंह तोमर के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर एक व्यापारी सम्मेलन समागम का आयोजन 24 अप्रैल समय दोपहर 12 बजे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी व्यापारी इकट्ठे होंगे एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर अपने-अपने विचार रखेंगे। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष हरिशंकर पटेल सन्तोष कुमार वर्मा जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा युवा नगर मंत्री आकाश वर्मा सुनीता कुशवाहा सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लापरवाही से महिला की जान गई

इटावा। बिना मानक के अस्पताल ने ली एक और महिला की जान। जिले में जगह जगह खुले बिना मानक के अस्पतालों में मरीजों की मौत का सिलसिला जारी। वाह अड्डा स्थित काली मैम के अस्पताल साईं हॉस्पिटल में एक महिला की प्रसव के दौरान मौत। कल शाम 5 बजे प्रसव पीड़ा होने के बाद महिला को कराया गया था भर्ती, दो घंटे बाद ऑपरेशन से लड़के का हुआ जन्म। ऑपरेशन के बाद महिला की बिगड़ी तबियत, महिला को आगरा किया गया रेफर, रस्ते में महिला की मौत। अस्पताल का स्टाफ अस्पताल छोड़ कर भागा। इन अस्पतालों में न तो डॉक्टर रहते है और न प्रशिक्षित स्टाफ। कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी और कर्मी मौके पर जांच करने पहुंचे।

### डॉ. पारितोष शुक्ला को मिली अस्पताल की जिम्मेदारी

इटावा। शासन द्वारा विगत दिन पूर्व सीएमएस डा. मदन मोहन आर्या का तबादला कानपुर नगर किया गया था बृस्पितवार को श्री आर्या ने सीएमएस पद का चार्ज छोड़कर सीनियर डाक्टर पारितोष शुक्ला को चार्ज सौंपा। जिला अस्पाल के समस्त डाक्टरों के अलावा सभी स्टाफ के लोगों ने बधाई दी है। पूर्व में रहे सीएमएस के कार्यों में डाक्टर व स्टाफ के लोगों में नाराजगी बनी रहती थी अब देखना है सीएमएस का पद ग्रहण करने के बाद डा. पारितोष शुक्ला अपनी कार्यशैली से कितनी लोगों की नाराजगी दूर कर पायेंगे। वैसे तो डा. पारितोष शुक्ला विगत कई सालों से अस्पताल की सेवा कर रहे है सभी लोगों को भलि भांति जानते है। अस्पताल की समस्याओं से भी अवगत है इसी वजह से वह आसानी से सीएमएस पद की जिम्मेदारी संभाल लेंगे।

# 1500 करोड़ की सौगात देंगे सीएम योगी

- 19 अप्रैल को 147 विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास
- फोरलेन सहित रोड कनेक्टिविटी की भी कई परियोजनाओं का भी होगा लोकार्पण व शिलान्यास
- शहर में सीवरेज की महत्वपूर्ण परियोजना भी होगी लोकार्पित
- बांसगांव को 50 बेड के नए हॉस्पिटल का भी मिलेगा उपहार
- अपग्रेड होगा मेडिकल कॉलेज का ट्रॉमा सेंटर, जिला अस्पताल का भी होगा विस्तार



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को विकास के नक्शे पर सतत निखारने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में वह शनिवार को गोरखपुर को करीब 1500 करोड़ रुपये की लागत वाली 147 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपये की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह समारोह मानबेला में होगा। लोकार्पण और शिलान्यास की अनेक ऐसी परियोजनाएं हैं जिनसे जिले की रोड कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई मिलेगी। इनमें एक महत्वपूर्ण फोरलेन का प्रोजेक्ट भी शामिल है। उपहारों की बौछार वाली श्रृंखला में अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज की 233 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक की सीवरेज परियोजना का लोकार्पण होना है। ढांचागत बुनियादी सुविधाओं की अनेक परियोजनाओं की श्रृंखला में जिले के बांसगांव क्षेत्र को मुख्यमंत्री के हाथों 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय का भी उपहार मिलेगा। मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर को अपग्रेड करने के कार्य और जिला अस्पताल के विस्तार कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास की कई परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे।

## रेलवे लाइन पार करते समय कार बुंदेलखंड एक्सप्रेस से टकराई

झांसी। झांसी में अनधिकृत तरीके से रेलवे लाइन पार करते समय एक कार बुंदेलखंड एक्सप्रेस से टकरा गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार रात करीब एक बजे झांसी-मऊरानीपुर रेल मार्ग पर हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

झांसी रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी एम के सिंह ने बताया कि ग्वालियर से बनारस जाने वाली ट्रेन संख्या-11107 बुंदेलखंड एक्सप्रेस जब मगरपुर (झांसी) रेलवे स्टेशन के पास से गुजर रही थी तभी रेलवे लाइन पर एक वाहन को खड़ा देख ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया कि प्रयास के बावजूद रेल इंजन कार से टकरा गया जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। ट्रेन को आता देख कार चालक पहले ही वाहन से उतर गया और मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि जिस जगह घटना हुई वहां कोई रेलवे फाटक नहीं था।

जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने मौके पर पहुंच कर रेलवे लाइन को खाली कराया और बुंदेलखंड एक्सप्रेस करीब एक घंटे विलंब से रवाना हुई। उन्होंने बताया कि कार चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कार चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## स्केल ऑफ फाइनेंस की बैठक संपन्न



बलरामपुर। वित्तीय वर्ष वर्ष 2025-26 में विभिन्न धान्य फसलों, दलहनी, तिलहनी, औद्यानिक फसल, पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम कीट पालन, गन्ना की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर, प्रति इकाई होने वाले लागत मूल्य वित्तमान निर्धारण हेतु स्केल ऑफ फाइनेंस की जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बलरामपुर में हुई। निर्धारित वित्तमान के आधार पर किसानों की पहली ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड बैंकों द्वारा दिया जाता है। बैठक में गेहूं फसल की एक हेक्टेयर उपज हेतु रुपया 77968.00, सरसों हेतु रुपया 48952.00, धान हेतु रुपया 76663.00, गन्ना हेतु रुपया 133500.00, आलू हेतु रुपया 166005.00, मधुमक्खी पालन हेतु 235620.00 भारतीय मछली पालन हेतु रुपया 260000.00, मंडी में फुटकर मछली बिक्री हेतु रुपया 26000.00, साइकिल पर आइस बॉक्स में मछली रखकर बेचने वाले हेतु रुपया 12 000.00, मोटरसाइकिल से मछली बिक्री हेतु रुपया 26000.00 निर्धारित करने का प्रस्ताव संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा रखा गया। इसी प्रकार दो पशुओं के रखरखाव रुपया हेतु रुपया 146670.00, 20 बकरी पालन हेतु रुपया 104007.00, 5000 बॉयलर के उत्पादन हेतु रुपया 802500.00 निर्धारित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों को धान्य फसलों, गन्ना, सब्जी, फल उपजाने तथा पशुपालन, मछली पालन हेतु बैंकों के द्वारा सुगमता से ऋण उपलब्ध कराया जाए ताकि किसान अपनी खेती का वैज्ञानिक ढंग से कर सके।

# मुठभेड़ के बाद शातिर गौतस्कर गिरफ्तार

गोंडा। जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

बुधवार रात को धनेपुर पुलिस और जिला विशेष अभियान दल (एसओजी) के संयुक्त अभियान में 28 मवेशी, एक अवैध बंदूक और तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक ट्रक बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि धनेपुर के थाना प्रभारी निर्भय नारायण सिंह और एसओजी प्रभारी संजय कुमार गुप्ता संयुक्त रूप से क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी उन्होंने जमुनागंज के पास संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इस बीच एक ट्रक को जब रुकने का इशारा किया गया तो चालक ने रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर जब ट्रक को घेरा तो चालक ने पुलिस टीम पर गोली चलानी शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी गोलीबारी में एक गोली ट्रक चालक को लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल गौ तस्कर की पहचान शमशेर के रूप में हुई, उसे गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मौके से एक अवैध तमंचा, दो खोखे, एक कारतूस और 28 गोवंश से लदा ट्रक बरामद किया गया। एसपी के अनुसार पूछताछ के दौरान शमशेर ने स्वीकार किया कि वह गो तस्करी कर उन्हें बिहार के सिवान ले जा रहा था। उसने इस धंधे में शामिल अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं जिनकी तलाश में पुलिस ने छानबीन तेज कर दी है। अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लोगों की मौत

बदायूं। जिले के ढिलवारी गांव के पास बृहस्पतिवार को सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित एक महिला को प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल में भर्ती कराने के बाद अपने गांव लौट रहे थे। कोतवाली दातागंज के थाना प्रभारी गौरव बिश्नोई ने बताया कि यह घटना सुबह करीब चार बजे कोतवाली दातागंज क्षेत्र में हुई, जब चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन ढिलवारी में सरकारी स्कूल के पास पलट गया। बिश्नोई के अनुसार, बेनी नगला गांव के निवासी बाबूजी अपनी पत्नी रीना को फतेहगंज पश्चिम में प्रसव के लिए ट्रैक्टर से दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे।

## ई-रिक्शा, अवैध वाहन चेकिंग अभियान



श्रावस्ती। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपद श्रावस्ती में अवैध ई-रिक्शा व ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह ने किया, जबकि प्रभारी यातायात मो. शमीम व उनकी टीम द्वारा थाना सोनवा क्षेत्र के दिकौली में बिना रजिस्ट्रेशन व नंबर प्लेट वाले ई-रिक्शा, दोपहिया व ट्रैक्टर आदि पर सख्त कार्रवाई की गई। साथ ही हेलमेट न पहनने, तीन सवारी बैठाने, सीट बेल्ट न लगाने व नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी चालान किए गए। जनजागरूकता के तहत आम लोगों को ₹सुन लो ये अनमोल वचन, सदा सड़क पर रखो ध्यान... के जरिए यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। पंपलेट वितरित कर शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं और दूसरों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेंगे।

## महिला आयोग की सदस्य को निरीक्षण में सब कुछ मिला ओके



**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने गुरुवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा, आश्रम पद्धति विद्यालय भयापुरवा व वन स्टॉप सेंटर आप की सखी का निरीक्षण किया।

डॉ. मौर्या ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर इलाज व सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने महिला व जच्चा-बच्चा वार्ड की साफ-सफाई पर संतोष जताते हुए गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल देने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्राओं से संवाद कर उन्हें मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की गई और समाज कल्याण अधिकारी को नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए गए। निरीक्षण की अंतिम कड़ी में डॉ. मौर्या ने वन स्टॉप सेंटर का दौरा कर वहां की सेवाओं और सफाई व्यवस्था को संतोषजनक बताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पीड़ित महिलाओं को सभी सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमओ डॉ. ए.के. सिंह, डीपीओ सुबोध कुमार सिंह, समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने सुनीं किसानों की समस्याएं



बलरामपुर। किसान दिवस में सर्वप्रथम किसानों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण डॉक्टर सीपी एन गौतम, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा द्वारा दिया गया एवं संतोष कुमार दुबे जिला उद्यान अधिकारी ने उद्यान विभाग से मधुमक्खी पालन हेतु चलने वाली योजना के बारे में बताया गया। अमरेश मणि त्रिपाठी, सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि 100 कुंतल गेहूं जिन किसान भाई को बेचना है, वह इसकी सूचना अपने क्षेत्र के केंद्र प्रभारी को दे, केंद्र प्रभारी के द्वारा गेहूं स्वयं प्राप्त किया जाएगा। सहायक महा प्रबंधक, बलरामपुर चीनी मिल ने अवगत कराया की जिन किसान भाइयों का गन्ना भुगतान तकनीकी कारण से रुका था, उसको भुगतानित कराया जा रहा है। बैठक में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा कृषकों की शिकायतों समस्याओं को सुना गया।

कृषक वक्ष राज वर्मा ने बताया कि विकास खंड श्रीदत्तगंज के पंडरी ग्राम में बिजली के तार नीचे लटके हुए हैं जिससे किसी प्रकार की घटना होने की संभावना है, एसडीओ विद्युत विभाग को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आज ही मौके पर जाकर जांच करे एवं ठीक कराएं साथ ही जनपद में जिन स्थानों पर विद्युत के तार लटके हुए हैं उसको शीघ्रता से ठीक करा ले ताकि किसी घटना से बचा जा सके अन्यथा जिम्मेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कृषक सुधाकर विश्वकर्मा ने समस्या रखी की ग्राम विशुनपुर में जल निगम के द्वारा तैयार पानी की टंकी काफी समय के बाद भी अभी चालित नहीं है, जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि पानी टंकी संचालित नहीं होने की जांच कराई जाए एवं अधिशासी अभियंता, जल निगम पानी टंकी संचालित नहीं होने के संबंध में कारण स्पष्ट करते हुए संचालित कराए। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी किसान दिवस में आने वाली समस्याओं का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

## ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर



श्रावस्ती। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के कटरा बाईपास पर गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों बाइक सवार युवक बलरामपुर जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं, जो अपनी बहन की शादी का कार्ड बांटने रिश्तेदारी में जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद दिया, जिससे चांद बाबू नामक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक बड़कन्ने गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। बहन की शादी की तैयारियों के बीच अचानक आई इस दुखद खबर ने खुशियों को मातम में बदल दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संकटहर्ता हैं भगवान श्रीकृष्णः पं. राघवरामानुजदास



प्रतापगढ़। नगर के विद्या मंदिर मार्ग पर हो रही श्रीमदभागवत कथा में कथाव्यास आचार्य पं. राघव रामानुजदास जी ने बताया कि भगवान ही जीवन में संकट के सच्चे साथी हैं। उन्होंनें कहा कि जो व्यक्ति निर्मल भाव से भगवान के प्रति समर्पित रहता है। जब जब भी संकट आया करता है भगवान भक्त के संकट को स्वयं हर लिया करते हैं। कथाव्यास पं. राघव रामानुजदास जी ने कहा कि भगवान अर्न्तयामी है और सर्वव्यापक हैं। उन्होनें कहा कि जीवन का यह भ्रम है कि भगवान से छिपाकर कोई काम किया जा सकता है। उन्होनें बताया कि भगवान मनुष्य के मन के अंदर उठने वाली प्रत्येक क्रिया संकल्प और विचार के भी नित्य साक्षी हैं। उन्होने बताया कि प्रभु भक्त के परमहितैषी और कल्याण के पथ प्रदर्शक है। उन्होने कहा कि जिसे भगवान की शक्ति पर विश्वास हुआ करता है वह समस्त पाप तापों से व अशान्ति से, पीड़ा से मुक्त होकर सुखी जीवन व्यतीत किया करता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की आराधना के भजन सुनकर भी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे।

## तहसील परिसर में हंगामा, किसान नेता गिरफ्तार



इकौना (श्रावस्ती) भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत बैठक बुधवार को इकौना तहसील परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष रक्षा राम यादव ने की। बैठक में क्षेत्रीय किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपे जाने का कार्यक्रम निर्धारित था। प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार यूनियन की बैठक ग्रामोद्योग विभाग परिसर में आयोजित किए जाने का निर्देश दिया गया था। बावजूद इसके, यूनियन पदाधिकारी पूर्ववत तहसील परिसर में ही बैठक करने पर अड़े रहे। इस पर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया। उक्त कार्रवाई से किसान नेताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। विरोध स्वरूप किसान नेता धरने पर बैठ गए और ज्ञापन न लिए जाने पर नाराजगी जताई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में किसान नेताओं को शांत कराने का प्रयास किया गया, किंतु विवाद बढ़ता देख प्रशासन ने कई किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए नेताओं में मंडल सचिव सोम शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक यादव, सोमई प्रसाद चौधरी, मेवा लाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में यूनियन कार्यकर्ता एवं किसान एकत्र रहे।

## झुलसे घायलों की मदद के लिए विधायक मोना ने सीएम को लिखा पत्र

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के भंवरी सराय गांव में गैस रिसाव से हुई दुर्घटना में प्रभावित परिवारो को शासन से सहायता के लिए गुरूवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सीएम योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में आग्रह किया है कि मृतक अशोक तथा विजय को जीविकोपार्जन के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से अधिकाधिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाय। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने रिसाव के चलते झुलसे मासूमो सहित सभी घायलों को बेहतर से बेहतर पूर्णरूप से निशुल्क सरकारी चिकित्सा के भी प्रबन्ध सुनिश्चित कराए जाने का भी पत्र में अनुरोध किया है। वही उन्होनें दोनों घरों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में इन्हें प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये जाने का भी अनुरोध किया है। विधायक मोना ने मृतक अशोक के निराश्रित परिजनों को शासकीय मानक के अनुरूप चार लाख की अहेतुक सहायता तत्काल प्रदान किये जाने का भी अनुरोध किया है। इधर विधायक मोना के द्वारा लखनऊ में भर्ती सभी घायलों के चिकित्सीय प्रबन्ध की भी स्वयं देखरेख किये जाने की जानकारी भी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## दंपती की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम



प्रतापगढ़। दुर्घटना में पति पत्नी की मौत को लेकर परिजनों में पीएम रिपोर्ट तथा कार चालक की गिरफ्तारी न होने को लेकर आक्रोश पनप उठा। नाराज परिजनों ने ग्रामीणो के साथ पति पत्नी का शव हाइवे पर रखकर जाम लगा दिया। सांगीपुर लालगंज हाइवे के देउम चौराहे पर सुबह नौ बजे दम्पती का शव रखकर परिजनों के साथ ग्रामीण भी धरने पर बैठ गये। मार्ग जाम की सूचना पाते ही सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिजन एसओ की कुछ भी सुनने को तैयार न दिखे तब लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर मौके पर पहुंचे। सीओ के आश्वासन पर करीब सवा तीन घंटे बाद जाम समाप्त हो सका। सांगीपुर थाना के देउम पश्चिम निवासी कमलेश रजक मंगलवार की शाम पत्नी शिवपती देवी के साथ बाइक से बेटे की तिलक का सामान खरीदने बाजार निकले थे। गड़हा गांव के पास कार की टक्कर से पति पत्नी की मौत हो गयी। बुधवार की शाम पीएम के बाद दम्पती का शव घर पहुंचा तब परिजनो मे कोहराम मच गया। गुरूवार की सुबह परिजनो मे पीएम रिपोर्ट को लेकर आशंका उत्पन्न हो गयी। परिजनो ने आशंका जतायी कि पीएम रिपोर्ट में तारीख का हेरफेर है। वहीं कार चालक का पुलिस ने मेडिकल नही कराया। परिजनो में इस बात का भी गुस्सा था कि घटना को लेकर दर्ज मुकदमे की एफआईआर की कापी भी उन्हें नही दी गयी। एसओ मनीष त्रिपाठी के समझाने बुझाने पर भी परिजनो का असंतोष दूर नही हुआ। जानकारी मिलने पर सीओ रामसूरत सोनकर मौके पर पहुंचे। सीओ के समझाने बुझाने पर सुबह करीब सवा दस बजे परिजनो ने जाम समाप्त किया। इसके बाद परिजन दम्पती के शव को लेकर अंतिम संस्कार को निकले। करीब तीन घंटे तक लालगंज सांगीपुर मार्ग पर यातायात बाधित दिखा।

## वाराणसी में संकट मोचन संगीत समारोह शुरू

वाराणसी। वाराणसी में बुधवार रात को 102 साल पुराने संकट मोचन संगीत समारोह की शुरुआत पद्म विभूषण पं.हरिप्रसाद चौरसिया के भावपूर्ण बांसुरी वादन के साथ हुई और संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो.विश्वम्भर नाथ मिश्र ने पखावज पर उनके साथ संगत की। छह दिवसीय यह संगीत समारोह 16 अप्रैल से शुरू हुआ है और 21 अप्रैल तक चलेगा। 11 पद्म अवार्ड प्राप्त कर चुके कलाकारों के साथ 16 नए कलाकार समारोह में अपनी प्रस्तुति देंगे। समावेशिता की परंपरा को जारी रखते हुए आधा दर्जन मुस्लिम कलाकार भी इसमें अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो.विश्वम्भर नाथ मिश्र ने बताया यह समारोह केवल संगीत के बारे में नहीं है बल्कि यह भगवान हनुमान जी से जुड़ने का एक माध्यम है। यह समारोह का 102वां सत्र है। समारोह के इतिहास की तरह ही यहां के श्रोता भी पुराने हैं। कई श्रोता यहां 60 साल से तो कई इस समारोह में 80 साल से लगातार आ रहे हैं। इस उत्सव की शुरुआत 1923 में की गई थी। तब से हर साल हनुमान जयंती के अवसर पर इस संगीत समारोह का आयोजन किया जाता है। शुरू में यह आयोजन एक रात का होता था लेकिन धीरे धीरे यह छह रात का कार्यक्रम बन गया। यह आयोजन काशी की पुरातन परंपरा का ऐसा स्वरूप है जिसे आज तक संजो कर रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस संगीत समारोह में पं. हरिप्रसाद चौरसिया, अनूप जलोटा, पं. साजन मिश्रा, सुरेश तलवलकर, पं.धर्मनाथ मिश्रा, रविशंकर मिश्रा, सलिल भट्ट, नागराज अदिगा माधवप्पा और जय चक्रवर्ती जैसे नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं।

## रिसाव के धमाके में घायलों को उपचार के लिए भेजा गया लखनऊ, मृतक अशोक का हुआ पीएम

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के भंवरी सराय गांव में मंगलवार की रात गैस सिलेण्डर के रिसाव से हुए धमाके मे मृतक अशोक का स्वरूपरानी मेडिकल कालेज मे गुरूवार को पीएम कराया गया। देर शाम तक मृतक का शव घर पहुंचने की संभावना है। वही गैस रिसाव से झुलसे सभी अन्य सात घायलों को इलाज के लिए स्वरूपरानी मेडिकल कालेज से लखनऊ किंग जार्ज मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। गुरूवार को भी लखनऊ मेडिकल कालेज में अशोक के पुत्र सनी व विजय की पुत्री रियांशी की स्थिति गंभीर बनी हुई बतायी गयी है। दोनों गंभीर बच्चो को मेडिकल कालेज के क्रिटिकल वार्ड में इलाज जारी है। इधर तहसील प्रशासन ने दैवीय आपदा के तहत मृतक अशोक की पत्नी रेनू तथा विजय को त्वरित सहायता के तहत मकान क्षति में पैंसठ पैंसठ सौ रुपए तथा ढाई ढाई हजार कपड़े हेतु व ढाई ढाई हजार बर्तन आदि के प्रबन्ध के लिए दिया गया है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि मृतक अशोक को चार लाख की अहेतुक सहायता के लिए भी शासन के लिए डीएम के माध्यम से संस्तुति की जाएगी। वही घटना मे झुलसे रेनू, रवि, किशन, गीता, प्रिया को लखनऊ मेडिकल कालेज के वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इधर गुरूवार को भी गांव में मातम भरा सन्नाटा देखा गया।

संक्षेप

## नवांगतुक सीओ आयुषी सिंह ने संभाला कार्यभार



जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र में नवांगतुक क्षेत्राधिकारी (सीओ) के रूप में पीपीएस अधिकारी आयुषी सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मूल रूप से मुरादाबाद जिले की निवासी आयुषी सिंह की यह पहली पोस्टिंग है। प्रशिक्षण पूरी कर लौटीं सीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में कोई भी अवैध गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और जनता में पुलिस के प्रति विश्वास कायम करना उनकी प्राथमिक प्राथमिकता होगी। सीओ ने सट्टा कारोबार और अवैध मिट्टी खनन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था सुधारने पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें ट्रैफिक का चार्ज भी सौंपा गया है और नगर क्षेत्र में जाम की बड़ी वजह बन चुके ई-रिक्शा चालकों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। सीओ आयुषी सिंह ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है।

## मशाईख बोर्ड आज करायेगी चौथा शादी सम्मेलन

इटावा। ऑल इण्डिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट 18 अप्रैल दिन जुमा (दोपहर 12 बजे) से इटावा गार्डन पक्काबाग में बहुत ही बड़े पैमाने पर चैथा शादी सम्मलेन कराने जा रहा है। ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्डयूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने बताया कि हमारी तंजीम पिछले 4 सालों से इटावा में ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जरिये यह शादी सम्मेलन एवं नेक काम करता चल आ रहा है जो कि हमारे लिए फखर की बात है। ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड इटावा यूनिट के कार्यकारणी सदस्य मोहम्मद आमीन भाई ने कहा कि हमारी तंजीम जिन लड़कियों के रिश्ते पक्के हो गए है और शादी कराने में में उनकी हैसियत नहीं बन पा रही है उन गरीब बेटियों कि शादी कि जिम्मेदारी हमारी यूनिट उठाती है।

## सूचना

सूचित करना है मैने अपनी पुत्री रिशु को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। फूलमती पत्नी रमेश चन्द्र गौतम निवासी-ग्राम करपिया,पोस्ट न्योला करसण्डा, थाना मसौली, बाराबंकी।

# हर सीएचसी में 24 घंटे इमरजेंसी चालू करें

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गोरखपुर जिले में सीएचसी का किए औचक निरीक्षण

- उप मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरनही का किया औचक निरीक्षण, मरीजों से लिए फीडबैक

**गोरखपुर**।प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरूवार की सुबह राजकीय हेलीकॉप्टर से गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र के गाजर वंशमन गांव पहुंचे। हेलीपैड पर पहुंचे डिप्टी सीएम का भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया।इसके बाद वे निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीएचसी हरनहीं का रुख किया।

उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरनही का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जनरल वार्ड, चिकित्साधिकारी कक्ष, दंत वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आदि का निरीक्षण कर मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के उपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उप मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद होनी चाहिए। संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उप मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि कोई सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते मिला तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए और कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रसव सेवाएं और टीकाकरण की व्यवस्था केवल सरकारी अस्पतालों में ही होनी चाहिए, ताकि लोगों को सस्ती और बेहतर सुविधा मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने उसवां बाबू गांव की बंद पड़ी सीएचसी को फिर से चालू कराने और सभी सीएचसी में 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हरनहीं सीएचसी में कर्मचारियों के आवास निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने को भी कहा।




### सीएचसी में किया औचक निरीक्षण, मरीजों से ली फीडबैक, सीएमओ को फटकार

सीएचसी हरनहीं के निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने ओपीडी कक्षों में पहुंचे और डॉक्टरों से इलाज की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से सीधी बातचीत कर दवाओं की उपलब्धता और अस्पताल की सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। जब उन्हें बताया गया कि सीएचसी 2 बजे ओपीडी बंद कर देती है, तो उन्होंने सीएमओ को फटकार लगाई। कहा कि डॉक्टर पूरे समय उपस्थित रहें और भविष्य में औचक निरीक्षण किए जाएंगे।गर्मी को देखते हुए अस्पतालों में स्वच्छ पेयजल की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही मरीजों व तीमारदारों से सौम्य व्यवहार करने और डॉक्टर तक समय पर पहुंचाने की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए।

### ग्राम प्रधानों से संवाद और बैठक की योजना

स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम प्रधानों से हर 15 दिन में बैठक करें। गांवों में लोगों को सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए प्रेरित करने का काम तेज किया जाए। इस मौके पर भाजपा श्रेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय विधायक श्रीराम चौहान, पूर्व विधायक संत प्रसाद बेलदार, ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह, पूजा सिंह, कृपाशंकर उर्फ जुगनू दुबे, विनोद पांडेय, धरणीधर राम त्रिपाठी, बीडीओ रमेश शुक्ला, एडीओ पंचायत राजीव दूबे समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक ने परखी स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की जमीनी हकीकत

### हर घर स्वच्छ पेय जल की आपूर्ति पर तेजी से काम कर रही सरकार : विधायक राजेश



गोला, गोरखपुर। गोला तहसील अन्तर्गत विभिन्न गांवों मे जल निगम द्वारा हर घर जल योजना के तहत हो रहे कार्य का स्थलीय निरीक्षण चिल्लुपार के विधायक राजेश त्रिपाठी के द्वारा किया गया। उन्होंने ओवरहेड टैंक से हो रहे शुद्ध जल के सप्लाई की हकीकत को ग्रामीणो के बीच जाकर जाना व सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

गुरूवार को विधायक राजेश त्रिपाठी ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों के साथ गोला ब्लाक के अबरूस व सड़सड़ा बुबुजुर्ग व बड़हलगंज ब्लाक के मकरंदपुर व शुक्लपुरी ग्राम सभाओं में पंहुचे। उन्होंने ग्राम सभा मे बने ओवरहेड टैंक का निरीक्षण किया तथा प्रांगण में साफ-सफाई रखते हुए पौधारोपण करने की बात कही। विधायक ने ग्रामीणो के बीच टैक से हो रहे सप्लाई का पानी पीकर चेक किया और उपस्थित ग्रामीणों से गांव की गलियों की मरम्मत आदि के बारे में जानकारी लिया विधायक राजेश त्रिपाठी के द्वारा ओवरहेड टैंक व गलियों में पड़ी पाइप लाइन की जांच की गयी। उनके द्वारा ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों से पानी के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि घरों में टंकी का शुद्ध पानी पहुंच रहा है। सडसडा गाव मे ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की गाव मे पाईप लाईन डालने के दौरान गढ्ढा खोद कर छोड़ दिए गये है। शिकायतों को लेकर विधायक ने उपस्थित जलनिगम के एक्सीएन व जेई को निर्देशित किया कि कहीं भी टूटे रास्ते, लिकेज पाईप लाईन आदि नहीं होनी चाहिए।इसको तत्काल ठीक कराया जाय इस अवसर पर पर आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, मण्डल अध्यक्ष गोपालपुर संदीप सोनकर, युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव, आलोक पाण्डेय 'अंकुर', प्रवीण दूबे, अष्टभुजा सिंह, विद्याधर पाण्डेय, ग्राम प्रधान बरईपार रामरूप हरिवंश यादव, उमेशमिश्र, लोला मिश्रा, अजय मिश्रा, धनंजय मिश्रा व प्रवीण तिवारी आदि गाव के लोग उपस्थित रहें।

## पी एम श्री कम्पोजिट स्कूल लक्ष्मणपुर में निकाली गई रैली

चौरीचौरा, गोरखपुर ।विकास खंड ब्रम्हपुर के पी एम श्री कम्पोजिट स्कूल लक्ष्मणपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में नामांकन बढ़ाने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के संबंध में बच्चों की रैली निकाली गई।प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली स्कूल से निकलकर पूरे गांव होते हुए ग्राम प्रधान विन्द्रावती देवी के राइस मिल होते हुए माईधिया चौराहा पर पहुंची। चौराहा से होते हुए पुनः स्कूल पर पहची।रैली में सभी शिक्षक अजय कुमार सिंह, श्रीमती रेनू द्विवेदी, पूनम कुमारी, अनुराग राय, कृष्ण कुमार जायसवाल, श्रीमती पुष्प लता भारती, तेज प्रसाद, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, आकाश चन्द्रा, प्रमोद कुमार मल्ल राधेश्याम मद्धेशिया आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा देवी , सभी रसोइया, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन कराया जाए ।अजय कुमार सिंह ने दस्तक अभियान तथा संचारी रोग के विषय में विस्तार से चर्चा किया।इसके उपरांत बच्चों को मिष्ठान वितरण कर रैली का समापन किया गया।

## निजी अस्पताल में बेटे को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत

- स्वजन ने इलाज में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप, काटा हंगामा

इटावा । कोतवाली क्षेत्र के बाह अड्डा पर संचालित एक निजी अस्पताल में प्रसूता महिला के आपरेशन से बेटे को जन्म देने के बाद हालत बिगड़ने पर मौत हो गई।जबकि नवजात बेटा सकुशल है।महिला की मौत से गुस्साए स्वजन और ससुराल पक्ष ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा अस्पताल के बाहर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर सभी को शांत कराया साथ ही महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बरहीपुरा मोहल्ले के रहने वाले मुनेश यादव की 22 वर्षीय पुत्री प्रिया की शादी पांच वर्ष पूर्व 2020 में मैनपुरी जिले के फखेता गांव के विपिन यादव से हुई थी। उसकी एक तीन साल की एक बेटी मानसी है, बुधवार की शाम मायके वालों गर्भवती प्रिया को डिलीवरी कराने के लिए बाह अड्डा स्थित काली मेम के नाम से संचालित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां रात करीब 8 बजे उसने आपरेशन के बाद बेटे को जन्म दिया। मां मीरा देवी का आरोप है कि बेटी रात में बिल्कुल स्वस्थ्य थी, गुरुवार सुबह 4 बजे अचानक अस्पताल के डाक्टर कहने लगे बेटी को दिक्कत है, उसे सैफई रेफर करना पड़ेगा।यह कहकर स्वयं ही निजी एम्बुलेंस से बेटी को आगरा ले गए, जहां पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने अस्पताल स्टाफ व संचालक पर बेटी का गलत इलाज करने से मौत होने का आरोप लगाया।साथ ही कहा कि बेटी की अस्पताल में मौत हो गई थी लेकिन यह लोग मृत अवस्था में ही ले गए। बेटी की मौत से गुस्साए स्वजनों ने शाम 4 बजे अस्पताल के बाहर हंगामा किया, सूचना पर थाना प्रभारी यशवंत सिंह, टीटी चौकी इंचार्ज तरुण प्रताप, पुराना शहर चौकी इंचार्ज कासिफ हनीफ मौके पर पहुंचे और स्वजनों जानकारी कर उन्हें शांत कराकर शव को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं दी है, तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई करेंगे।

## नवागंतुक डीएम शुभ्रान्त शुक्ला ने संभाला चार्ज

- जिला अस्पताल में पनप रही खामियां ,पत्रकारों ने डीएम को हालातों से कराया अवगत

**इटावा**। नवागंतुक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने कलेक्ट्रेट इटावा स्थित कोषागार में पहुँचकर डबल लॉक का चार्ज संभाला।

नवागंतुक जिलाधिकारी 1997 बैच के पीसीएस ऑफिसर एवं 2013 बैच के आईएइस ऑफिसर हैं।इन्होंने चित्रकूट में जिलाधिकारी के पद पर रह चुके हैं पूर्व में अन्य जगहों पर सेवक के रूप में सेवा की। सुमेर सिंह किले के पास पहाड़ जो गायब हो गये माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने मिट्टी खनन किया गया जिसे लेकर डीएम श्री शुक्ला ने कहा कि इस मामले को देखेंगे जो जिम्मेदार अधिकारी होंगे उनपर कार्यवाही होगी जिला अस्पताल में घोर अनिमिताओं की शिकायत पर कार्रवाई करने को कहा। अन्त में उन्होंने लोगों से अपील की है कि थमाकोल प्लेंटे कटोरे व प्लास्टिक थैली गिलास का इस्तेमाल ना करें।




कार्य किया उक्त के पश्चात कन्नौज में जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार कार्य किया जाएगा एवं सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमों का पालन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का समय से निस्तारण किया जाए। जनपद में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने आकर चार्ज संभालने के बाद अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर पत्रकारों से शिष्टाचार मुलाकात कर कहा कि पत्रकार हमारे लिए फीड बैक का काम करतें हैं जो रुटीन के काम हैं उन्हें आगे बढ़ायेंगे और जन समस्याओं का भी समाधान अच्छे से करेंगे वह इससे पहले कन्नौज व चित्रकूट के डीएम उन्होंने कहा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुँचाने पर जोर दिया जायेगा। उक्त के बाद प्रेसवार्ता आयोजित की गई जिस पर उन्होंने बताया कि शासकीय कार्यों का समय से निस्तारण करना एवं जन समस्या को सुनना एवं उसका समय से निस्तारण करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप कार्य किया जाएगा। पर्यावरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने कहा थर्मोकोल, प्लास्टिक के प्रयोग को कम किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, समस्त उप जिलाधिकारी सदर विक्रम राघव सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 278 लोगों ने परीक्षण कराया



बकेवर, इटावा।एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बुधवार को 278 रोगियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। 128 मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित की गई। बुधवार को डॉ गोविंद मोहन त्रिपाठी के सौजन्य ग्राम टकुरूपुर निवासी स्वर्गीय अनिल कुमार तिवारी की पुण्यतिथि पर एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर श्याम सूरी ने एवं विशिष्ट अतिथियों ने स्वर्गीय अनिल कुमार तिवारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।समाजसेवी अश्वनी त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि एवं डॉक्टर साथियों को पुष्प हार भेंट कर उनका अभिनंदन किया।278 मरीजों व प्रबुद्ध जनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एवं 128 मरीजों को दी गई निःशुल्क दवाइयां शिविर में डॉ.श्याम सूरी( सेवानिवृत्त उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग ), डॉ. आदित्य वर्मा, डॉ. साधना गुप्ता, डॉ. गोविन्द तिवारी समेत कई प चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया।डॉ श्याम सूरी ने कहा कि बहुत से लोगों को अपनी बीमारियों की जानकारी नहीं रहती है।लोग बिना चेकअप कराएं अपने मन से या मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खा लेते हैं, जो कि आगे जाकर काफी नुकसान दे सकता है।बीमारी होने पर डॉक्टर से परामर्श एवं चेकअप कराकर ही दवा लें।

## शोक सभा में जिले भर के शिक्षक हुए एकत्र, किया शांति पाठ




उन्नाव।सफीपुर की बी आर सी अटवा में आज विद्यालय समय के पश्चात, तीन दिन पहले शिक्षिकाओं की मृत्यु और उनकी आत्मा की शांति के लिए आयोजित शोक सभा में जिले भर से शिक्षक उमड़ पड़ा।शिक्षक मृत शिक्षिकाओं और उनके परिवारजनों के दुःख की चर्चा करते ही नजर आए।कोई बच्चे गौरांग को लेकर तो कोई ड्राइवर के परिवार के सहयोग की बात करता नजर आया।घटना में सभी के दिल और दिमाग को तोड़ दिया है, शिक्षक लम्बी दूरी को लेकर खुद भी चिंतित और परेशान नजर आ रहे हैं। दुःखी परिवारों में जाकर आज कुछ शिक्षकों ने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।जैसे ही शिक्षिकाओं की फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण करते समय बीईओ अनीता शाह और प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार की आंखे छलक पड़ी, पूरा शिक्षक समाज फिर से मायूस सा हो पड़ा।संजीव ने कहा कि आकांक्षा और अंजुला आज हमारे साथ तो नहीं रहीं, लेकिन हम उनके परिवारों के साथ हर सुख दुख में साथ जरूर रहेंगे।सफीपुर के 300 शिक्षकों के साथ ही अन्य विकासखंडों से शिक्षक संगठन प्रतिनिधि और शिक्षकों की भारी भीड़ सफीपुर के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने परिसर में पहुंची।शिक्षकों में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के भरत चित्रांशी, गणेश शंकर गुप्ता, कपिल त्रिवेदी, योगेंद्र तिवारी समेत पूरी जिला कार्यकारिणी, जूनियर शिक्षक संघ के अनुपम मिश्र, तौसीफ खान, इमरान अली खान और जिला कार्यसमिति, प्राथमिक के सौरभ कुशवाहा, सत्यप्रकाश और राघवेंद्र, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, नरेंद्र, सौरभ, मनोज कुमार, शिव दर्शन वर्मा, असोहा, मियागंज, पुरवा और सुमेरपुर के अध्यक्ष मंत्रियों सहित राजवीर यादव प्रीति यादव, कमल दीप कौर, संतोषी, सुमित गुप्ता, अश्वनी परिहार आदि उपस्थित रहे।शिक्षकों ने शांति पाठ पढ़ दो मिनट का मौन रख ईश्वर से दुखी परिवारों और मृतक शिक्षिकाओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए शिक्षकों ने प्रार्थना की




उन्नाव।बेसिक शिक्षा विभाग के विकास खंड सफीपुर में कार्यरत शिक्षिकाएं अंजुला मिश्रा एवं आकांक्षा मिश्रा का कल विद्यालय आते समय मार्ग दुर्घटना में निधन हो गया था। जिससे पूरा शिक्षा विभाग अत्यंत शोक संतृप्त है। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए एवं दुर्घटना में घायल शिक्षिका के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना हेतु बुधवार दिनांक 16 अप्रैल 2025 को शाम 5रू30 बजे निराला पार्क उन्नाव में एक शोक सभा आयोजित की गई बेसिक शिक्षा परिवार उन्नाव की ओर से आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में पुष्प अर्पण एवं मोमबत्ती प्रज्वलित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई बेसिक शिक्षा विभाग उन्नाव की ओर से भी शोक संतृप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की गई एवं दुर्घटना में घायल शिक्षिका श्रीमती ऋचा मिश्रा जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। श्रद्धांजलि सभा में सदर विधायक पंकज गुप्ता जी के उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, जिला महामंत्री अवनीश पाल, जिला कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदनारायण मिश्र, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेई, जितेंद्र सिंह चंदेल, आशीष सिंह, अखिलेश सिंह, सौरभ सिंह, कपिल शुक्ला, सूरज गुप्ता, शिवदीप मोहन, राम प्रताप सिंह, वैभव, अविनाश गुप्ता, सुजीत कुमार, दीपक चैरसिया, विक्रम सिंह, सुबोध, उदयवीर सिंह रामबाबू,राज नारायण पांडे समेत बेसिक शिक्षा विभाग के सैकड़ो कर्मचारी शामिल रहे।

## मैं अब कोई अपराध नहीं करुंगा, ऐसी हिस्ट्रीशटरों ने शपथ ली

उन्नाव। मैं अब कोई अपराध नहीं करूँगा...एक दो नहीं बल्कि 38 हिस्ट्रीशीटर/अपराधियों ने भविष्य में अपराध न करने की शपथ ली..ये कैसे हुआ आइए जानते है। दअरसल एसपी उन्नाव दीपक भूकर के निर्देशन में चलाये जा रहे आपरेशन दस्तक के तहत कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में शातिर लुटेरों, हिस्ट्रीशीटरों, चोरों, नकबजनों एवं अभ्यस्त अपराधियों को थाने बुलाकर एवं घर पहुंच कर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुहई कनपुरवा विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सुहई कनपुरवा विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19.04.2025 को 11 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सुहई कनपुरवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 19.04.2025 को 1 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. मीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सुहई कनपुरवा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सुहई कनपुरवा कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कमला पाण्डेय**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सुहई कनपुरवा**
**सिद्धार्थनगर।**

**भानू प्रताप सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत सुहई कनपुरवा**
**सिद्धार्थनगर।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सवाडाड़ विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2025-26

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सवाडाड़ विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19.04.2025 को 2 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सवाडाड़ के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 19.04.2025 को 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. मीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सवाडाड़ के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सवाडाड़ कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**चन्द्रेश यादव**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सवाडाड़**
**सिद्धार्थनगर।**

**भानू प्रताप सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत सवाडाड़**
**सिद्धार्थनगर।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 17/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। क्र.सं. 1. कार्य का विवरण : गोला नदी हल्द्वानी स्टेशन पर नदी संरक्षण कार्य के रूप में टो वॉल, सीसी ब्लाक, टो वॉल के साथ प्रीकास्ट टेट्रापॉड बैरियर कार्य आदि का शेष कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 17,38,09,304.43, बयाना राशि रूपयों में : रू. 10,19,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह।
1. ई-निविदा दिनांक 08.05.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर**
मुजाधि/डब्लू - 18

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## डीएम ने शिक्षा विभाग के बाबू को किया निलंबित

शाहजहांपुर । जिले में शिक्षा विभाग में भ्रभ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के बाबू को निलंबित कर दिया जनपद में 06 गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय अवैध रूप से चल रहे थे । अवकाश स्वीकृति व अस्वीकृति में भी बीएसए ने की मनमानी ।शाहजहांपुर के डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के औचक निरीक्षण में बीएसए कार्यालय में बड़ी खामियां मिली थी । डीएम ने वरिष्ठ लिपिक के निलबंन व दो डीसी की सेवा समाप्ति के दिये आदेश, बीएसए से भी जबाब तलब।

## बाइक चोरी का केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला पूर्वी लखपेंडा गुलौली रोड किराए के मकान में रह रहे वीरेंद्र त्रिपाठी बुवरहा पोस्ट कंजा उन्नाव की मकान के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोरों द्वारा चोरी हो जाने पर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## किशोरी भगाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवक द्वारा किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामलेमें बहन की शिकायत पर नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अपहर्ता की बहन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया बुधवार की रात उसकी बहन घर में सोई हुई थी मौका पाकर गांव के मिंटू पुत्र नन्हे बहला फुसलाकर घर से निकाल कर अपने साथ लेकर चला गया है।

## प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत

लखीमपुर खीरी। समाजवादी लोहिया वाहिनी उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत हुए पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी रियाजुल्ला खान। उनके मनोनयन से समाजवादी युवाओं में खुशी देखने को मिली है। वक्ता ,संगठनकर्ता,और बेबाकी के लिए मशहूर है रियाजुल्ला खान , इस अवसर पर समाजवादी नेतागण और कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ,प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल एवं जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव को आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओ ने आशा व्यक्त की कि रियाजुल्ला खान के प्रदेश प्रवक्ता बनने से जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश में लोहिया वाहिनी वैचारिक स्तर पर राजनीति के गगन पर एक अमिट हस्ताक्षर दर्ज करेगी पूरे जनपद के कार्यकताओं में एक ऊर्जा और हर्ष का संचार हुआ।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

लखीमपुर खीरी। मौसम विभाग ने जारी किया पूवार्नुमान, आगामी 3 दिनों तक बारिश, आंधी का अलर्ट यूपी के अधिकांश जिलों में बारिश, आंधी का अलर्ट, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर में आंधी बारिश की संभावना जताई जा रही है। मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर में आंधी बारिश की संभावना, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर में आंधी बारिश की संभावना महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा में बारिश की संभावना, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच में आंधी बारिश की संभावना, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में आंधी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

## बिना परमिट ठेकेदार ने काटा आम का पेड़

पिपरिया धनी, खीरी। महेशपुर रेंज में वन विभाग की मिलीभगत से एक ठेकेदार ने बिना परमिट के आम का



पेड़ काट दिया। प्रदेश सरकार वृक्षारोपण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत के कारण लकड़ी ठेकेदार लगातार हरे पेड़ों को काट रहे हैं। ग्राम देवीपुर बीट में एक ठेकेदार ने हरे भरे आम के पेंड को बिना परमिट के चोरी से काट लिया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना फोन से वन विभाग को दी लेकिन वनकर्मियों ने आम के पेंड को काटने का मामला गंभीरता से नहीं लिया। क्षेत्र में हरे पेड़ों पर वन विभाग और पुलिस की लकड़कट्टों से आपसी सांठगांठ के साथ आरा चलाया जा रहा है। वहीं डिप्टी रेंजर ने बताया कि इस आम के कटान के बारे में मुझे जानकारी नहीं हैं।

# बेवफा तेरा मासूम चेहरा भूल जाने के काबिल नहीं है...

## चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुई सीनियर गायन प्रतियोगिता





गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सीनियर गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपने-अपने पंसदीदा फिल्मी गीतों पर अपनी प्रतिभाग का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन लक्ष्मी गुप्ता व पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरान्त सांस्कृतिक मंच पर सीनियर गायन प्रतियोगिता की शुरूआत वंश गुप्ता ने चन्ना मेरे आ से की। उसके बाद अनुज सिंह जब दर्द नहीं था सीने में, श्लोक कुमार शुक्ला ने-मेरे नैनन से दिल की गली बिच आ जा, देवांश शर्मा ने-ओ मेरे दिल के चैन ये मेरे दिल को दुआ कीजिए, स्वास्तिक सक्सेना-इतनी शक्ति हमे दे न दाता, गायत्री मिश्रा-बिंदिया चमकेगी, चूड़ी खनकेगी, साजन सिंह- क ो इ नजराना लेके आया है दीवाना तेरा, अभय गुप्ता- सीसे की उम्र प्यार की, अथर्व शुक्ला-चुरा के दिल मेरा गोरिया चली, काजल जोशी-पालकी में होके सवार चली रे, कोमल भारती-मै तेरे इश्क में मर न जाउ कहीं, पवन शुक्ला-याद याद याद बस याद रह जाती है। प्रियंका-भूली बिसरी, प्रगति सिंह-हमरा साजन संग था वादा, शिवम सोनी- किसी नजर को तेरा इंतजार, दिपेश शुक्ला-लगन लगी, आदित्य-दिलवर मेरे, समीर विवान ने स्वचरित गीत- बेइंतहा इश्क (मेरी जान हरजाई) गाकर शमां बांध दी। निर्मल राठौर-तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल, रामकिशोर-आने से उसके आये बहार, अरविन्द कुमार-आदमी जो कहता है आदमी जो सुनता है, गोविन्द दीप्त तिवारी-बेवफा तेरा मासूम चेहरा, भूल जाने के काबिल नहीं है, सक्षम वर्मा-तुझे कितना चाहने लगे हम, तेरे साथ हो जाये खत्म, राची राठौर-ओ सनम ओ सनम, मोहम्मद नासिर-किसी नजर को तेरा इंतजार, आमिर-आज कल याद कुछ और रहता है, विकास राठौर-अगर मुझसे मोहब्बत है, दिव्या गुप्ता-हिंद की वसुंधरा प्रणाम बार बार, रुचि वर्मा-याद याद याद बस याद रह जाती है। शानू शाह-भोले ओ भोले मेरे यार को मना ले, ओम भूषण शुक्ला-मै जहॉ रहूं। आकाश शर्मा-जरूरी था, मुकेश कुमार-तूझे न देखूं तो चैन मुझे आता नहीं, आदर्श मिश्र-ये जो मोहब्बत है, कृष्णा मैं ढूंढ़ने को जमाने से जब वफा निकला तो पता चला कि गलत लेके मै पता निकला, हामिद अंसारी-चाहूंगा मै तुझै शांझ सवेरे, नदीम अली सलमानी-एक दूसरे का हम सभी सम्मान करेंगे, अनुराग सिंह-पर्दा है पर्दा पर्दा नसी है, अतुल-ये रेशमी जुल्फे, ये सरबती आंखे, इमरान अली- त ु झ क ो पुकारे मेरा प्यार, अमित कुमार -ये क्या हुआ है गाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। निर्णायक मंडल में राजेन्द्र तिवारी कंटक, दीनानाथ झा और सुनील यादव रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि मुनेन्द्र दत्त शुक्ला पूर्व प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्रा, शारदा प्रसाद कश्यप, सुरेन्द्र साहनी, अरविंद कुमार गुप्ता रामजी, सत्य नरायण वर्मा, अनुज खरे, अजय आनंद, राजेश वर्मा, रामनरेश वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष अनुराग एम सारथी, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, मैलानी मण्डल अध्यक्ष संजीव वर्मा, सुनील मिश्रा, डा. राम औतार यादव, गीता विश्वकर्मा, रेखा मिश्रा, पिंकी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### चैती मेला में आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय संगीत रात आठ बजे से।

## गीता संपूर्ण मानवता के लिए जीवन जीने की एक उत्कृष्ट मार्गदर्शिका : डीएम



शाहजहांपुर । जनपद के समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं को श्रीमद्भागवत गीता के संदेश को आत्मसात करने हेतु जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ऑनलाइन कक्षाओं का शुभारंभ आज दिनांक 17 अप्रैल 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार से किया। इस दौरान जिले के सभी केजीबीवी विद्यालयों से एक-एक छात्रा एवं एक-एक शिक्षक ने प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की, जबकि अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण वर्चुअल माध्यम (वीसी) से इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान छात्राओं ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का उच्चारण किया, जिसे सुनकर जिलाधिकारी ने उनकी सराहना की एवं सभी प्रतिभागियों को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतियां भेंट स्वरूप प्रदान कीं ।जिलाधिकारी ने कहा कि गीता केवल किसी एक धर्म की पुस्तक नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण मानवता के लिए जीवन जीने की एक उत्कृष्ट मार्गदर्शिकाए सदैव सत्य रहने वाले संदेशों का संग्रह है। इसके अध्ययन से व्यक्ति को आंतरिक शांति, स्थिरता एवं आत्मिक बल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेशों को आत्मसात करने से बच्चों में संस्कारों की वृद्धि होगी तथा बच्चे परिवार के बीच में सामंजस्य बैठाना भी सीखेंगे। उन्होंने सभी अध्यापकों एवं छात्राओं से आग्रह किया कि वे पूरे मनोयोग से गीता प्रतियोगिता की तैयारी करें।

## वर्षा जल संचय पर डीएम ने की बैठक



शाहजहांपुर ।जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में वर्षा जल संचय के संबंध में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना (वर्षा जल संभरण/रिचार्ज के महत्व के दृष्टिगत शासकीय/अर्द्धशासकीय भावनाओं पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना) योजना अंतर्गत स्थल स्वीकृत के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई राजू मिश्रा द्वारा अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने निलंबन सहित विभागीय कार्रवाई हेतु प्रमुख सचिव शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वर्षा जल संचय के संबंध में मानकों की जानकारी लेते हुए सहायक अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिए कि पहले के बने वर्षा जल संचय की जांच कर ली जाए सही से कार्य कर रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केदो कस्तूरबा एवं माध्यमिक विद्यालयों के बिल्डिंगों सहित शहर के सामुदायिक एवं वन स्टाफ सेंटर सहित आदि बिल्डिंगों पर वर्षा जल संचय सिस्टम बनाया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि वर्षा जल संचय सिस्टम बनाने का कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, सहायक अभियंता लघु सिंचाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्तिकेय बने कस्टम इंस्पेक्टर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज के पुरातन छात्र कार्तिकेय का चयन एक्साईज एण्ड कस्टम इंस्पेक्टर पद होने पर कालेज व परिवार में हर्ष का माहौल है।

कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने बताया कि कार्तिकेय पुत्र रामनरेश सिंह ने सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में वर्ष 2016-17 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद बीटेक सीएसई से किया। कार्तिकेय का चयन एक्साईज एण्ड कस्टम इंस्पेक्टर पद होने के बाद उनकी तैनाती बडोदरा गुजरात में हुई। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने कार्तिकेय का मिठाई खिलाक उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संचारी रोग जागरूकता के लिए विद्यार्थियों का सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) विद्या निकेतन में संचारी रोग जागरूकता प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए।

सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज में छात्र/छात्राओं को संचारी रोगों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए नर्सरी से इण्टर तक पोस्टर/निबन्ध/गायन/भाषण आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया था। जिसमे प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी और बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी द्वारा पुरस्कृत किया गया। नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ द्वारा अप्रैल माह में वार्षिक संचारी नियंत्रण पखवाड़ा आयोजित किया जाता है। जिसमे संचारी रोगों जैसे दिमागी बुखार, टायफाइड, डेंगू ज्वर आदि के कारण, लक्षण, निदान और उपचार के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाता है इस अभियान में हिस्सा लेने वालों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## खम्भे से टकराकर अधेड़ की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति खम्भे से टकराकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम हडैंला फार्म निवासी 52 वर्षीय जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र सुरजीत सिंह बाइक से कहीं जा रहे थे। रास्ते में बाइक अन्यत्रित होकर खम्भे से टकरा गई। जिसमें जितेन्द्र पाल गंभीर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए उसकी पत्नी जसविन्दर कौर सीएचसी लेकर आई जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## सोशल मीडिया से नजदीकी होने के कारण परिवार से दूर हो रहे बच्चे



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) श्री गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज में वर्तमान समय में संस्कार आधारित शिक्षा एवं छात्र छात्राओं के संवेदीकरण की आवश्यकता विषय पर विचार गोष्ठी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक सरदार अर्जेंद्र सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. पूनम वर्मा और ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जूनियर हाई स्कूल गोविंदापुर ममरी की प्रधानाचार्या गीतिका वर्मा ने कहा कि बच्चे सोशल मीडिया से नजदीकियों के कारण परिवार से दूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा बोली बच्चों का व्यवहार बता देती है और संस्कार बच्चे का परिवार। शिक्षक मुकेश ने ग्रामीण और शहरी शिक्षा में अंतर बताया। प्रधानाचार्य डीपी श्रीवास्तव ने कहा कि छात्र आजकल गलत संगत में फँसकर गलत कार्य करते हैं और बच्चों को अच्छी संगति बनाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। अनुज खरे ने कहा कि आज शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है। विद्यालय नहीं नौकरी देने की फैक्ट्री बन गए हैं। गायत्री परिवार के सत्यनारायण वर्मा ने कहा कि बच्चा विद्यालय और शिक्षक से ही नहीं बल्कि प्रकृति से भी शिक्षा लेता है। माँ के गर्भ से ही बच्चों के संस्कार की नींव पड़ जाती है। बच्चों में बचपन से ही समझने का गुण विकसित करना चाहिए। बच्चों की सही और गलत बनने की आयु 20 साल है, यदि माता-पिता प्रारंभिक 20 सालों में बच्चों के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाह नहीं करते तो आजीवन उन्हें इसका परिणाम भुगतना पड़ता है। शिक्षक को अपनी भूमिका का निर्वाह पूरी निष्ठा से करना चाहिए। प्रबंधक सरदार अर्जेंद्र सिंह ने कहा कि आजकल लोग संवेदनहीन हो रहे हैं, किसी के दुःख से लोग दुखी नहीं होते। आज संस्कार आधारित शिक्षा की आवश्यकता है। आज एकल परिवार के कारण छात्र भी संस्कार विहीन होते जा रहे हैं। उन्होंने सामाजिक सद्भाव बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानाचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने कहा कि हम जिस भी स्तर पर हैं चाहे प्रधानाचार्य , शिक्षक या प्रबंधक हमें चुनौतियों का सामना करके समस्याओं का समाधान करना चाहिए और समाज के प्रति कंट्रीब्यूशन के रूप में बच्चों को अपने आचरण से शिक्षा देने के प्रति जागरूक रहना चाहिए। एक शिक्षक की परीक्षा बच्चा ही नहीं बल्कि समाज के सभी लोग प्रतिपल लेते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अपने प्रयासों से बच्चों में संवेदनाओं का विकास करते रहना चाहिए।

## उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ लखीमपुर डिपो हरदोई क्षेत्र की तीन शाखाओ का चुनाव लखीमपुर डिपो पर 16 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी युगराज त्रिवेदी एवं नवनीत वर्मा की देखरेख में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ लखीमपुर में प्रशासनिक शाखा, बस स्टेशन शाखा, ट्रैफिक शाखा कार्यकरणी का बचाव शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराया गया। प्रशासनिक शाखा के चुनाव में अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार, उपाध्यक्ष लवकुश त्रिवेदी, मंत्री दिनेश कुमार वर्मा, सयुक्त मंत्री शुमम मिश्रा, संगठन मंत्री सुरभि सिकदर नाथ अवस्थी, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर। बस स्टेशन शाखा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सिंह, उपाध्यक्ष फिरोज खा, मंत्री श्रवण कुमार। ट्रैफिक शाखा के अध्यक्ष सुनील अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेवालाल, उपाध्यक्ष मो० अतीक, मंत्री लव निर्मल सिंह, सयुक्त मत्री गौरव त्रिपाठी सदन मत्री घनश्याम दीक्षित, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार सहित आदि पदों पर गणमान्यों का चुनाव किया गया।

## नगर आयुक्त ने ककरा स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का ह्यान निरीक्षण दिए निर्देश



शाहजहांपुर ।नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र ने महानगर क्षेत्र के ककरा स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एम0आर0 एफ0 सेंटर पर हो रहे कार्यों को देखा व कचरे के ठोस निस्तारण हेतु विभिन्न प्रकार के सूखे कचरे को व्यवस्थित ढंग से अलग-अलग करने हेतु सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। महानगर से प्रतिदिन आने वाले कचरे को व्यवस्थित स्थान पर डाले व कचरे का ठोस निस्तारण भी कराये। निरीक्षण के समय मुख्य सफाई एवं खादय निरीक्षक हरवंश दीक्षित व अन्य लोग उपस्थित रहे ।नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र द्वारा नगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा स्थित नंदीशाला में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल व गौवंश हेतु चारा, भूसा एवं दवाओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने हेतु, गौवंश हेतु शुद्ध पेयजलापूर्ति हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया व गौवंश हेतु चारा, भूसा आदि की उपलब्धता के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, मुख्य अभियंता निर्माण एस0के0 अम्बेडकर, मुख्य सफाई एवं खादय निरीक्षक हरवंश दीक्षित व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने राइफल क्लब में शूटिंग केंद्र का किया निरीक्षण



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने राइफल क्लब में शूटिंग केंद्र, सीनियर केयर सेंटर ह्यह्यउल्लासह्यह्य के निर्माण, परिवहन निगम की बसों के लिए वर्कशॉप के निर्माण के कार्य एवं शाहजहाँपुर बस अड्डे को सभी सुविधाओं से युक्त फूड कोर्ट इत्यादि के साथ आधुनिकीकृत कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शाहजहाँपुर राइफल क्लब में दस मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल शूटिंग केंद्र बनाने का कार्य का निरीक्षण करते हुए शूटिंग कर देखा । उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि शूटिंग के लिए पिस्टल एवं राइफल सहित आदि व्यवस्थाएं जल्द पूर्ण कराकर जल्द ही आम जनता के लिए खोला जाए। उन्होंने कहा कि राइफल क्लब में रेस्टोरेंट भी खुलवाया जाए। जिलाधिकारी ने सीनियर केयर सेंटर ह्यह्यउल्लासह्यह्य के निर्माण का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता ठीक ना होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग से मैटेरियल टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन महीने के अंदर शाहजहाँपुर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी सुविधाओं से युक्त डे क्लब की सुविधा उपलब्ध कराई जिलाधिकारी ने परिवहन निगम की बसों के लिए वर्कशॉप के निर्माण के कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्य संस्था के अभियंता को निर्देश दिए कि 15 जून तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए जिससे बस अड्डे पर बसों की भीड़ से छुटकारा मिले।

## एसएसबी ने 31 पशुओं का किया इलाज



पलियाकलां-खीरी। 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पलिया में 17 अप्रैल 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया के कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में समवाय मुख्यालय सुंडा के कार्यक्षेत्र में आने वाले गाँव बजही में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य एवं देखभाल के प्रति जागरूक करना तथा बीमार एवं संक्रमित पशुओं की निशुल्क जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर 07 पशुपालकों के 31 पशुओं की विस्तृत चिकित्सा जांच की गई। शिविर के दौरान डॉ. शालिनी परिहार, द्वितीय कमान अधिकारी (पशु चिकित्सा) एवं उनकी टीम द्वारा पशुओं की स्वास्थ्य जांच, सामान्य रोगों की पहचान, टीकाकरण एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान की गईं। गाँव बजही के पशुपालकों एवं ग्रामीणों ने इस शिविर के आयोजन पर 39 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे शिविर सीमावर्ती क्षेत्रों में पशुधन के संरक्षण एवं पशुपालकों की आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## डाक्टर से 50 लाख की फिरौती मांगने वाले गिरफ्तार



लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नौरंगाबाद में चोपड़ा नर्सिंग होम की संचालिका महिला डॉक्टर से अज्ञात बदमाशों ने 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यह घटना जिले में आग की तरह फैल गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करते हुवे गुरुवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़ित महिला डॉक्टर इन्द्रा चोपड़ा, जो ह्यचोपड़ा हास्पिटलह्न की संचालिका हैं, ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में बताया कि वह बीते कई वर्षों से अपने निजी अस्पताल में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक मरीजों की सेवा करती हैं। इसके अलावा इमरजेंसी में किसी भी समय इलाज करती हैं। डॉ. इन्द्रा चोपड़ा के अनुसार, बीते 6 व 7 दिसंबर 2024 को उनके मोबाइल नंबर पर दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कॉल्स आईं। फोन पर अज्ञात व्यक्ति ने बताया कि उसने पूर्व में एक पत्र भेजा था, जिसमें 50 लाख रुपए की मांग की गई थी। लेकिन जब तय समय में रकम नहीं दी गई, तो उसे अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, करीब दस दिन पहले बदमाशों ने एक धमकी भरा पत्र भी उनके अस्पताल की डाक पेटिका में डाल दिया था, जिसमें फिरौती की मांग करते हुए न देने पर जान से मारने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद लगातार अलग-अलग नंबरों से फोन करके दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि डर के चलते वह कुछ दिन के लिए शहर से बाहर चली गई थीं। वापसी पर उन्होंने साहस जुटाकर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बी एन एस की सुसंगत धाराओं में 16 अप्रैल की शाम मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच अधिकारी निरीक्षक हरि प्रकाश यादव को जांच सौंपी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, इस घटना से स्थानीय डॉक्टर समुदाय में भी रोष और दहशत का माहौल है। गुरुवार को सदर कोतवाल हेमंत राय एवं सेठ घाट चौकी इंचार्ज सुनील कुमार तिवारी ने फिरौती मांगने वाले हरप्रीत सिंह उर्फ टोनी निवासी ग्राम पहाड़ नगर थाना मेलानी एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया है।

संक्षेप

## बाइक की ठोकर से शिक्षक सहित दो घायल

**कुशीनगर।** जिले तरया सुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ फोर लेने पर गुरुवार को सुबह लगभग 8:30 बजे एक अज्ञात बाइक सवार ने शिक्षक और उनके साथ जा रहे व्यक्ति को ठोकर मार दिया जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उल्लेखनीय है कि ग्राम हफुआ निवासी शिक्षक मनीष कुमार जो वर्तमान समय में हफुआ जीवन के प्राथमिक विद्यालय में प्रभारी प्राध्यापक पद पर तैनात हैं।

अपने विद्यालय की रंगाई पुताई के लिए अपने साथ ओमप्रकाश गोड़ पेंटर को बाइक से सलेमगढ़ चौराहे पर समान खरीदने आ रहे थे तभी इन दोनों लोगों को विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ़्तार बाइक सवार (यूपी 57 यू 5380) ने ठोकर मार कर भाग गया, जिससे ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए और पैर फट गई तथा शिक्षक मनीष कुमार को दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई जिनका प्राथमिक उपचार के बाद तमकुहीराज के लिए भेजा गया है।

# नैपालापुर-लहरपुर मार्ग का निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बृहस्पतिवार को रिजर्व पुलिस लाइन से नेपालापुर तक सम्पूर्ण मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नैपालापुर-लहरपुर मार्ग पर स्थित निमार्णाधीन सेतु का औचक निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और यातायात की सुगमता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को मार्ग निर्माण में प्रयुक्त गिट्टी और सीमेंट के अनुपात में कमी का आभास हुआ, जिस पर उन्होंने निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता रीमा सोनकर से मौके पर ही जवाब तलब किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगाउन्होंने कहा कि यह मार्ग जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों को जोड़ता है। जिससे आमजन की दैनिक आवाजाही, कृषि, व्यापार और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होती हैं। ऐसे में मार्ग का उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निर्माण अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने लगभग एक किलोमीटर पैदल चलकर स्वयं सेतु और मार्ग का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने तकनीकी अधिकारियों से डिजाइन, प्रगति व सुरक्षा मानकों की जानकारी ली और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। सौंदर्यीकरण को लेकर उन्होंने क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत करते हुए उनमें उपजाऊ मिट्टी भरकर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण के साथ यात्री अनुभव बेहतर बनाने का अहम उपाय बताया। बरसात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और नालियों की समुचित सफाई कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव से न केवल सड़क को नुकसान होता है, बल्कि यह दुर्घटनाओं का कारण भी बनता है। निरीक्षण के दौरान मार्ग के दोनों ओर अनियोजित निमार्णों पर भी उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। नगर निकाय और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसे निमार्णों को चिन्हित कर नियोजित ढांचे में लाया जाए, जिससे मार्ग की चैड़ाई व यातायात प्रभावित न हो।

# इग्नू के नव प्रवेशित शिक्षार्थियों का इंडक्शन मीटिंग का हुआ आयोजन

देवरिया। इग्नू के नव प्रवेशित शिक्षार्थियों का इंडक्शन मीटिंग का आयोजन अध्ययन केंद्र बीआरडीपीजी में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अध्ययन केंद्र के समन्वयक डाक्टर अगर नाथ ने सभी अतिथियों, शिक्षार्थियों एवं मीडिया के लोगों का स्वागत करते हुए जनवरी 2025 के नव प्रवेशित शिक्षार्थियों को इग्नू के प्रवेश, पाठ्य सामग्री, अधिन्यास, परीक्षा के बारे में जानकारी दी। वही इग्नू से अध्ययन से कैसे लोगों कों को लाभान्वित हो सकते हैं। यहां से प्रवेश से आप सभी ग्रामीण क्षेत्र में रहते हुए केन्द्रीय विश्वविद्यालय से अध्ययन करने का सपना पूरा कर सकते हैं। यह विश्वविद्यालय सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है। जिसके कारण इग्नू से प्राप्त प्रमाणपत्र की उपयोगिता विदेशों में भी बनी हुई है। यहां से स्नातक परास्नातक, के अलावा रोजगार परक शिक्षा के लिए स्नातकोत्तर डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र कोर्स उपलब्ध हैं। इसके पश्चात मुख्य वक्ता प्रोफेसर विनय कुमार राव ने अपने पूर्व अनुभव को साझा करते हुए इग्नू से शिक्षा के नये आयाम पर प्रकाश डालते हुए इग्नू के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात उन्होंने इग्नू के इतिहास तथा गठन के तथा अपने समन्वयक काल के समय के बारे प्रकाश डालते हुए यह बताया कि जो वर्ग किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा से वंचित रह जाते है। उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए इग्नू अनौपचारिक शिक्षा एक दूरस्थ शिक्षा के रूप में विकसित कर लोगों के घर तक शिक्षा को पहुंचाने का कार्य किया है। जिससे नौकरी पेशा के अलावा किसान मजदूरों तक शिक्षा को पहुंचा दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें प्रोफेसर पीएन सिंह ने आभार जताया। संचालन सहायक प्रोफेसर रसायनशास्त्र विभाग डाक्टर विनय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में डा.हरिशंकर गोविन्द राव, महाविद्यालय के प्रोफेसर डाक्टर रजनीश कुमार, प्रोफेसर सुबास, प्रोफेसर केके ओझा उपस्थित रहे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उत्कृष्ट उपलब्धि पर डीएम ने छात्रों को किया सम्मानित



**देवरिया।** आईआईटी मद्रास के स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत शैक्षणिक साझेदारी करने वाले जनपद के विद्यालय शिवम साइंस अकादमी, भाटपाररानी के विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के कक्षा 11वीं के 20 मेधावी छात्रों ने आईआईटी मद्रास द्वारा संचालित ऑनलाइन कोर्स डाटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सफलतापूर्वक पूर्ण कर परीक्षा उपरांत प्रमाणपत्र प्राप्त किया है।छात्रों की इस सराहनीय उपलब्धि पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते हुए तकनीकी क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं की भागीदारी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान छात्रों ने जिलाधिकारी को अपने हाथों से बनाया हुआ सेंसर युक्त रोबोटिक कार और आटोमेटेड डस्टबिन भेट किया।विद्यालय के निदेशक डॉ. विनीत यादव ने छात्रों को सम्मानित करने के लिए डीएम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें आधुनिक तकनीक से परिचित कराया जा सके। आईआईटी मद्रास द्वारा जारी इस प्रमाण पत्र को प्राप्त कर सम्मानित हुए विद्यार्थियों मे अन्नू, मनीषा, अदिति पांडेय, शिल्पी यादव, सिमरन यादव, निशा भारती, गुलशन यादव, खुशी मिश्रा, अनुपम सिंह, अविनाश कुशवाहा, अश्वनी, हर्षित सिंह, सौरभ, प्रतीक आनंद, आदित्य शर्मा, अंगद यादव, हिमांशु, आर्यन सिंह, आर्यन यादव और रियाज अंसारी शामिल रहे।

# चकबंदी के ज्यादा से ज्यादा वादों और आपत्तियों का समय से निस्तारण करें: जिलाधिकारी




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी चकबंदी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें और कार्य पूर्ण समयबद्वता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि मई 2025 के अंत तक चकबंदी प्रक्रिया अधीन सभी गांव धारा-7 से शत प्रतिशत रूप से बाहर आने चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 05 वर्ष या उससे अधिक वर्षो के वादों के निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए निश्चित दायरे के अंतर्गत वादों का निस्तारण में तेजी लाएं और ज्यादा से ज्यादा वादों एवं आपत्तियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी जसजीत कौर बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने चकबंदी अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर से चकबंदी कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती हैए इस लिए उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और सभी कार्य समयबद्वता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एसओसी चकबंदी को निर्देश दिए कि वादों के गुणवत्तापरक निस्तारण में तेजी लाएं और जिस स्तर पर शिथिलता बरती जाएए उस स्तर पर संबंधित की जबावदही तय करते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी ग्राम में जो कार्य शुरू किया जाए सर्वप्रथम 1359 फसली से उसका मिलान कर लें तदोपरान्त ही कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने पड़ताल प्रक्रियाधीन तथा कब्जा तब्दीली करने वाले गांवों को माह मई के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने चकबंदी कार्य के लिए जनशक्ति की उपलब्धता तथा विभागीय समस्याओं के बारे में भी जानकारी और प्राप्त की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक वान्या सिंह, चकबंदी अधिकारी संजय कुमार शर्मा, सीओ, एसीओ, कानूनगो, लेखपाल सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# निर्माणाधीन अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण



**सीतापुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के निकट निर्माणाधीन 50 शैय्या युक्त आधुनिक अस्पताल के कार्य की प्रगति का निरीक्षण बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा किया गया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, संरचना की योजना

**● जनपदवासियों को शीघ्र मिलेगी आधुनिक चिकित्सा सुविधा**

(लेआउट) तथा निर्माण सामग्री के उपयोग की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूर्ण रूप से मानकों के अनुरूप एवं उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण से जिले के नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही सर्वसुविधायुक्त चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। जिससे गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए निजी अस्पतालों या महानगरों की ओर निर्भरता कम होगी। निमार्णाधीन अस्पताल में 50 बिस्तरों की सुविधा के साथ-साथ आधुनिक आई0सी0यू0, ऑक्सीजन आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, एवं सुव्यवस्थित पार्किंग और इंटरलॉकिंग मार्ग जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

जिलाधिकारी ने कार्य की नियमित निगरानी करने एवं तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल न केवल जनपदवासियों को राहत देगा। बल्कि जिला अस्पताल पर लगातार बढ़ रहे दबाव को भी कम करेगा। यह परियोजना जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई ऊंचाई प्रदान करने में सहायक होगी। निरीक्षण के अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 0-5 आयु वर्ग के श्रवण बाधित बच्चों के लिए निःशुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट सुविधा :डीएम

**देवरिया।** जिले में मूक-बधिर बच्चों के सशक्तीकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के माध्यम से ऐसे मूक-बधिर बच्चों, जो जन्म से बोल और सुन नहीं सकते हैं, को सुनने एवं बोलने योग्य बनाने के लिए निःशुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट (सर्जरी) की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सुविधा 0 से 5 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों के लिए है, जिनके अभिभावक निर्धन और असहाय हैं।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 15 बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट सफलतापूर्वक कराया जा चुका है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक अभिभावकों की वार्षिक आय 60000 से कम हो, निवास और जाति प्रमाण पत्र (तहसील से निर्गत), बच्चे का दिव्यांग प्रमाण पत्र (मुख्य चिकित्साधिकारी से निर्गत), बच्चे एवं माता-पिता का आधार कार्ड तथा बच्चे के दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, विकास भवन देवरिया के कक्ष संख्या 17 में संपर्क करना होगा।जिलाधिकारी ने अपील की है कि जिन भी अभिभावकों के बच्चे इस श्रेणी में आते हैं, वे आगे आकर योजना का लाभ उठाएं। यह प्रयास समाज के ऐसे बच्चों को एक नई दिशा देने का माध्यम है।

# हीट स्ट्रोक लू से बचने के लिए लोगों को किया जागरूक

**देवरिया।** आरोग्य भारती के तत्वावधान में देवरिया विकास खंड के ग्राम सिगही में हीट स्ट्रोक लू से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि हीट स्ट्रोक लू जानलेवा हो सकता है। इससे बचने के लिए घर से बाहर निकलने पर फूल कपड़ा पहने और सिर पर तोलिए या टोपी का इस्तेमाल करें। पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी पर्याप्त पिए और प्रोटीन युक्त भोज्य पदार्थ गर्म पदार्थ का सेवन न करें। शराब और नशीले पदार्थों का सेवन न करें। गाड़ी को धूप में खड़े रखने पर उसमें बच्चे आदि को ना छोड़े किचन के खिड़कियों को खुली रखें। हवा पास होने दें। ककड़ी, खीरा, तरबूज, संतरा आदि का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। नींबू का रस शिकंजी जलजीरा आदि का पर्याप्त मात्रा में सेवन करे। संचालन आरोग्य भारती के प्रांतीय कार्य समिति के सदस्य पंकज कुमार चतुवेर्दी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर श्वेता, अंजलि मिश्र, शशि भूषण मिश्र, नवीन, आशुतोष दुबे, डॉक्टर उपेंद्र कुमार गिरी, गुलाब पांडेय, रुद्रांश कुमार, डॉ रामप्रवेश, डॉ अनिल कुमार मणि, डॉ अमरनाथ पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# बृजेंद्र कुमार सक्सेना पुष्कर सेवा संस्थान ने विजयी छात्रों को दिया पुरस्कार



**कमलापुर (सीतापुर)।** क्षेत्र के पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल कसमंडा में छात्र छात्राओं के लिए गुरुवार 17 अप्रैल को बृजेंद्र कुमार सक्सेना पुष्कर की याद में पुष्कर सेवा संस्थान की तरफ से वर्ष 2024-2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित की गई पहली प्रतियोगिता वाद विवाद और दूसरी श्लोक दोहा आदि की प्रस्तुतीकरण पर रही। जिसमें पुरस्कार हेतु विजयी बच्चों का चयन किया गया। बच्चों के मध्य एक क्विज का आयोजन किया गया। विजेताओं को शिक्षा स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश के साथ स्पॉट गिफ्ट दिया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा छह सात और आठ के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को संस्थान की तरफ से प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही खेल को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की तरफ से विद्यालय के बच्चों को फुटबॉल भी दिया गया। कार्यक्रम के आयोजक रश्मेंद्र सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने बड़े भाई बृजेंद्र कुमार सक्सेना पुष्कर की याद में बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 2023 से इस प्रतियोगिता का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है। संस्थान की तरफ से विद्यालय के पांच अनाथ बच्चों को स्कूल बैग भी दिए गए। क्विज प्रतियोगिता के प्रश्नों को अलिनी सक्सेना ने बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने किया।इसी विद्यालय के वर्ष 1974 पुरातन के छात्र रहे रिफाकत अली सिद्दीकी ने विद्यालय को एक इनवर्टर सामग्री देने की घोषणा किया।जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को असुविधा न रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, गिरिराज यादव, प्रांजल सक्सेना, वेद प्रकाश सक्सेना, विनय प्रकाश मिश्र, रिफाकत अली सिद्दीकी आदि लोग उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर का शुभारंभ, जिलाधिकारी ने किया सम्मान

सीतापुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा सीतापुर द्वारा निकट बस स्टैंड पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने मानवहित सर्वोपरि अवधारणा को साकार करते हुए आमजन को अधिकाधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर अधिक संख्या में आयोजित किए जाने चाहिए ताकि समाज में जागरूकता फैले और लोग स्वेच्छा से आगे आकर रक्तदान करें।

**रक्त की आवश्यकता और जागरूकता पर दिया विशेष जोर**

शिविर के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने चिकित्सकों व आयोजकों से विभिन्न रक्त समूहों की उपलब्धता, जनपद में मासिक रक्त की आवश्यकता व आपूर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने हेतु इस प्रकार के शिविरों को योजनाबद्ध ढंग से और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक को इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए। रक्तदान केवल एक सेवा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

**रक्तदाताओं को किया सम्मानित, युवाओं की रही उल्लेखनीय भागीदारी**

जिलाधिकारी ने शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवाओं, महिलाओं और समाजसेवियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिससे शिविर में विशेष उत्साह देखने को मिला। उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी, चिकित्सकगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों से अपील की गई।

# चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चकबंदी अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में चल रहे चकबंदी कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्देशित किया कि चकबंदी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन गाँवों में चकबंदी का कार्य लंबित है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ किया जाए।

भूमि विवादों, अभिलेखीय त्रुटियों तथा किसानों की आपत्तियों का समाधान तेजी से करने पर भी बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि फील्ड स्तर पर अधिकारी सक्रिय रहें।

# बदला मौसम का मिजाज, तेज आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित

**कुशीनगर।** खड्डा तहसील क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। गुरुवार की दोपहर आंधी और तेज बारिश ने क्षेत्र को अपने चपेट में ले लिया। तेज हवाओं के साथ आई बारिश इतनी जोरदार थी कि सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया।बारिश की धार अत्यंत मोटी थी, जिससे कई जगहों पर भारी नुकसान की खबर है। इसके साथ ही ओलावृष्टि भी हुई – छोटे-छोटे बर्फ के टुकड़े खेतों में गिरे, जिससे फसलों को गहरा नुकसान पहुँचा है। खड्डा तहसील के तुरखहा, सोहरौन, सिसवगोपाल, मदनपुर पकड़ी, मठिया जैसे गांवों में मूसलधार बारिश और आंधी दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर भुजौली बाजार, पकड़ियार, नेबुवा और रामबाग क्षेत्र में मौसम पूरी तरह साफ रहा और वहां धूप खिली रही।किसानों की मानें तो बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी तैयार फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है, जिससे आने वाले समय में उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन की ओर से अभी तक नुकसान का आकलन नहीं किया गया है।स्थानीय लोग इस अचानक बदले मौसम को लेकर चिंता में हैं और प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## कटाईभरपुरा में राशन उठान को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन, विवाह भवन में वितरण की मांग

**कुशीनगर।** जिले के खड्डा विकास खण्ड की सबसे बड़ी ग्राम सभा कटाईभरपुरा में सरकारी राशन की दुकान दूर होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान के लिए लगातार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने पर गुरुवार को सैकड़ों कार्डधारियों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।ग्रामीणों का कहना है कि गांव के 22 टोले चार से छह किलोमीटर के दायरे में फैले हैं, जबकि तीनों सरकारी राशन दुकानें आदर्श चौक टोला में स्थित हैं। इससे खैरा टोला, उचका टोला, हनुमानगंज, गुरजहवा टोला एक व दो, सरया और मछरिहवा टोला के लोगों को राशन लेने के लिए ऑटो या साइकिल से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी होती है।ग्राम प्रधान नदेश्वर चौरसिया व अन्य ग्रामीणों ने तहसील दिवस के दौरान एसडीएम खड्डा मोहम्मद जफर को पत्र सौंपकर मांग की कि जब तक गांव में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक गुरजहवा टोला एक स्थित विवाह भवन में राशन वितरण की व्यवस्था कराई जाए।इस संबंध में एसडीएम मोहम्मद जफर ने बताया कि सप्लाई इंस्पेक्टर को सात दिन के अंदर समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया गया है। साथ ही, स्पष्टीकरण के लिए दोबारा सप्लाई इंस्पेक्टर से रिपोर्ट तलब की जाएगी।ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द उचित निर्णय लेकर उनकी परेशानी को खत्म करेगा।

# रामपुर चंद्रभान के डॉ.संतोष कुमार ने बढ़ाया जिले का मान-बनाया मानव अनुसरण रोबोट



**देवरिया।** आप एक इशारा करते हैं और आपका सामान अपने आप आपके पीछे-पीछे चल पड़ता है। यह कोई साइंस-फिक्शन फिल्म का दृश्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के इंजीनियरों की नई खोज है। डॉ. संतोष कुमार के मार्गदर्शन में छात्रों ने एक ऐसा मानव-अनुसरण रोबोट बनाया है। जो एक इशारे पर सामान ढो सकता है। इस अनोखी तकनीक को हाल ही में पेटेंट भी मिला है, जो संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह रोबोट कम लागत और गजब की दक्षता का शानदार मेल है। इसमें इंटेलिजेंट ट्रैकिंग सिस्टम की ताकत है।

जो मानव गतिविधियों को पढ़कर उनके पीछे चलता है और सामान को सटीकता से पहुंचाता है। गोदामों में भारी-भरकम सामान शिफ्ट करना हो, अस्पतालों में दवाएं और उपकरण ले जाना हो या मॉल में शॉपिंग का बोझ हल्का करना हो यह कारगर है। कोरोना महामारी से रोबोट बनाने की मिली थी प्रेरणा डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि यह रोबोट खासकर कोविड जैसे महामारी के समय में अस्पतालों और कंटेनमेंट जोन में सहायक हो सकता है। उन्हें भी इसी महामारी से ये रोबोट बनाने की प्रेरणा मिली थी। इसमें लगा कैमरा मानव की छवि को पहचानता है और एक बॉक्स के माध्यम से उसे मार्क करता है। अल्ट्रासोनिक सेंसर यह सुनिश्चित करता है कि रोबोट और इंसान के बीच एक सुरक्षित दूरी बनी रहे। यह रोबोट समय और मेहनत बचाने में सक्षम होगा।

कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग से डॉ. संतोष कुमार के मार्गदर्शन में रोबोट पर छात्र अजय ठकरान, अक्षय अग्रवाल और पुलकित महाजन ने अपने कार्य से आत्मनिर्भर भारत के विजन को मजबूत किया है। उनका कहना है कि यह ऐसी तकनीक बनाई गई है। जो किफायती, पर्यावरण अनुकूल और हर किसी के लिए उपयोगी है। रोबोट का डिजाइन हल्का और टिकाऊ है। हाथ के इशारों पर इस तरह से कार्य करेगा रोबोट डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि यह रोबोट एक विजन-आधारित ट्रैकिंग सिस्टम पर काम करता है। रोबोट एक व्हील-बेस्ड सिस्टम है। इसके कैमरे पहले इंसान को कपड़े, रंग, ऊंचाई से पहचानते हैं और फिर उसी व्यक्ति को एल्गोरिदम (किसी काम को पूरा करने के लिए चरणों का एक समूह) की मदद से फॉलो करना शुरू करता। इसमें लगे सेंसर रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचानते हैं। रोबोट अपने मार्ग को खुद ही समायोजित करता है। इसे खास तरह के हाथ के इशारे से ऑन या ऑफ किया जा सकता है। यानी किसी बटन या रिमोट की जरूरत नहीं। उपयोगकर्ता जैसे ही इशारा करता है, रोबोट एक्टिव हो जाता है और सामान लेकर उसके पीछे-पीछे चल पड़ता है। इसमें विजन बेस्ड ट्रैकिंग, अल्ट्रासोनिक सेंसर और हैंड जेस्चर डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। जो इसे एक स्मार्ट और ऑटोमेटिक मूवमेंट की क्षमता प्रदान करती है।

डॉ.संतोष कुमार रामपुर कारखाना विकासखंड के रामपुर चंद्रभान अमतही गांव निवासी है।

इनके पिता का नाम स्व. जगदीश गोंड हैं। उनकी मां श्रीमती किशोरी देवी ने बताया की संतोष कुमार ने हाई स्कूल की पढ़ाई अशोक इंटर कॉलेज डुमरी, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज देवरिया से किया है। इसके बाद वे कुरुक्षेत्र के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से इंजीनियरिंग में पीएचडी की। उन्होंने आगे बताया की हम सभी इनके इस आविष्कार से बहुत खुश हैं हमें उम्मीद है की आगे भी उनकी देख रेख में उनकी टिम अच्छा करेगी।

# सचिव और सहायक विकास अधिकारी पंचायत का प्रशिक्षण संपन्न

जिला संवाददाता

**देवरिया ।** मुख्यालय स्थित संस्कृति मैरेज हाउस मे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत पंचायत विकास सूचकांक एवं स्थानीय सतत विकास लक्ष्य विषयक ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी पं0 की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे विकास खण्ड भटनी, देवरिया सदर, भाटपाररानी, बनकटा एवं देसही देवरिया के प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया।जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने कहा कि पीडीआई पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायतो का आकलन किया जा सकता है तथा जिन क्षेत्रो मे ग्राम पंचायते पीछे रह गयी है उनमे सुधार किया जा सकता है।ग्राम सभा की बैठकों के माध्यम से ग्राम पंचायते पीडीआई के विभिन्न मानको को सुगमता से क्रियान्वयन किया जा सकता है।प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए डीपीआरसी प्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने कहा कि गाँवो के सतत विकास लक्ष्य पूरा करना है।प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाना, विकास कार्यों का प्रभावी मूल्यांकन करना और सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार लागू करना है। और साथ ही प्रशिक्षण में स्वास्थ्य,शिक्षा, स्वच्छता,जल संरक्षण ,महिला सशक्तिकरण और ऊर्जा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है।

मुख्य प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने प्रशिक्षण में पीडीआई और एलएसडीजी के अंतर्गत सुशासन एवं आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाले गांव बनाने पर विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने गांवों के विकास के लिए आवश्यक कदम और योजनाओं के बारे में बताया।प्रशिक्षक आशुतोष दूबे ने स्वच्छ एवं हरित गांव बनाने के संदर्भ मे जानकारी दी।प्रशिक्षक आलोक तिवारी, अजय दूबे, विभा पाण्डेय, प्रदीप मणि, अजय कुमार, विनय कुमार ने सतत विकास के 9 लक्ष्यों पर चर्चा की।उक्त अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह, रविंद्र कुमार और अनवारुल हक के अलावा ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## बाइक पलटी, एक की मौत, एक घायल

**हरगांव (सीतापुर)।** हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को हरगांव दतेली मार्ग पर एक बाइक सामने से आ रही स्कूटी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिससे एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी को सीएचसी भेजा गया। जहां पर एक को डाक्टरों मृत घोषित कर दिया तथा दूसरे घायल को जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया। सूचना पाकर तत्काल घटनास्थल पर पहुंची हरगांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु सीतापुर भेजा।

# झमाझम बारिश की उम्मीद

कृषि उत्पादन, किसानों की खुशहाली और देश की प्रगति से मानसून का सीधा संबंध है। अगर मानसून अच्छा होता है तो पैदावार भी अच्छी होती है। अच्छी पैदावार होती है तो कृषि जिंसों के दाम नियंत्रण में रहते हैं। इससे मुद्रा स्फीति काबू में रहती है और आर्थिक विकास की नीतियां बनाने में आरबीआई एवं भारत सरकार को मदद मिलती है। कुल मिलाकर अच्छे मानसून से देश में खुशहाली आती है और इसका किसानों के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था पर भी बहुत ही सकारात्मक असर पड़ता है। दूसरी तरफ अगर मानसून अच्छा न हो, वर्षा औसत से भी कम हो या फिर सूखे जैसी स्थिति देश में उत्पन्न हो जाये तो पूरा माहौल खराब हो जाता है। कृषि उत्पादन कम होता है और कृषि से होने वाले उत्पादन की लागत इतनी बढ़ जाती है कि किसान को कोई लाभ नहीं मिलता है। दूसरी तरफ कृषि जिंसों के दाम बहुत अधिक बढ़ जाते हैं और मुद्रास्फीति भी बेकाबू हो जाती है। कुल मिलाकर वर्षा कम होने पर महंगाई का ऐसा तांडव शुरू हो जाता है कि समाज और देश में एक नकारात्मक माहौल घर कर जाता है। इस तरह देखा



जाये तो मानसून सिर्फ कृषि उत्पादन के लिहाज से ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि देश में महंगाई नियंत्रित रहे, आर्थिक प्रगति सामान्य या तेजी से आगे बढ़ती रहे और देश व समाज में एक खुशनुमा गुलाबी माहौल बना रहे, इसके लिए बेहतर मानसून बहुत अवश्यक होता है। इस संदर्भ में हाल ही में भारतीय मौसम विभाग ने सामान्य से बेहतर बारिश होने का जो अनुमान जारी किया है, उससे किसानों के साथ ही पूंजी बाजार और सरकार को भी बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि 2025 में कुल मिलाकर देश में औसत बारिश सामान्य से अधिक रहेगी। अगर यह अनुमान सही रहता है तो 1953 के बाद चौथी बार ऐसा होगा, जब लगातार 2 वर्ष सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होगी। इसके पहले 2010 में ऐसा हुआ था, जब 2010 और 2013 के बीच भारत में दो बार लगातार दो साल तक सामान्य से अधिक और सामान्य बारिश हुई थी। मौसम विभाग तब सामान्य बारिश मानता है, जब दीर्घावधि औसत (एलपीए) के 96 से 104 प्रतिशत के बीच बारिश होती है। जब एलपीए के 106 प्रतिशत से ज्यादा बारिश होती है तो उसे सामान्य से अधिक के रूप में मौसम विभाग वर्गीकृत करता है। 2017 से 2020 के बीच जून से सितंबर के दौरान एलपीए 870 मिलीमीटर था। 2025 के लिए बारिश के संदर्भ में मौसम विभाग के अनुमान से यह उम्मीद बढ़ी है कि खाद्य उत्पादन पर्याप्त रहने पर महंगाई नियंत्रण में रहेगी। हालांकि एक आंकड़ा यह भी है कि बीते 10 साल से भी अधिक अवधि के दौरान के आंकड़ों से पता चलता है कि कोई जरूरी नहीं है कि सामान्य मॉनसून के वर्षों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर कम रहे। महंगाई दर कई वजहों से प्रभावित होती है, जिसमें स्थानीय मांग और आपूर्ति आदि भी शामिल है। इसके अलावा अगर देश में औसत बारिश किसी खास साल में सामान्य से ऊपर रहती है तो क्षेत्रवार इसमें बहुत अंतर होता है, जिसका असर कृषि उत्पादन पर पड़ता है। इस साल मौसम विभाग ने बिहार और तमिलनाडु में सामान्य से कम बारिश का अनुमान लगाया है। यह एक चिंताजनक पहलू हो सकता है। दरअसल बारिश सामान्य या सामान्य से कुछ अधिक होना ठीक है लेकिन यह संतुलित भी होना चाहिए। अर्थात सभी कृषि जोनों के लिए आवश्यक बारिश के साथ मानसून की चार महीने की अवधि के दौरान सभी महीनों में आवश्यक बारिश हो, तभी बेहतर मानसून माना जाता है। इस संदर्भ में मौसम विभाग के अनुमान अभी बहुत शुरूआती हैं। मानसून का वास्तवित प्रदर्शन तो तभी पता चलेगा जब मानसून आ जायेगा और वर्षा शुरू हो जायेगी। फिलहाल शुरूआती अनुमान में जो झमाझम बारिश की बात कही गयी है वह किसानों के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही ज्यादा सकारात्मक है।

विचार

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

चेहरे पर झुर्रियां पड़ गयीं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले पड़ गये। परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

–भर्तृहरि.

किसी भी हालत में अपनी ताकत पर घमंड न कर। यह बहुरुपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है।

–हाफिज.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

सूखी, कठोर और कटुतापूर्ण वाणी, सुनने वाले के मर्मस्थलों, हड्डियों को गला देती है।

–महात्मा विदुर.

# चुनौती भरा होगा मेहुल चोकसी का प्रत्यर्पण



शाहिद ए चौधरी



हालांकि भारतीय एजेंसियों- ईडी व सीबीआई द्वारा स्थानीय प्रशासन के समक्ष दर्ज किये गये हिरासत व प्रत्यर्पण आग्रह के आधार पर बेल्जियम पुलिस ने भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को गिरफ्तार तो कर लिया है, लेकिन उसे वापस भारत लाना कड़ी चुनौती होगी। चोकसी पर आरोप है कि उसने 13,500 करोड़ रुपये का बैंकिंग फ्रॉड किया और उसके खिलाफ मनी लौंडरिंग के मामले भी दर्ज हैं। इस घोटाले में नीरव की पत्नी एमी मोदी व भाई नीशल मोदी भी आरोपी हैं। ट्रायल से बचने के लिए चोकसी भारत से भाग गया था। कैंसर पीड़ित चोकसी ने एंटीगुआ की नागरिकता ली हुई है। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड कार्नर नोटिस जारी हुआ था, लेकिन उसने उसे यह कहते हुए रद्द करा दिया था कि भारतीय एजेंसीज ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया था। यह नोटिस कोई अंतर्राष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट नहीं है बल्कि यह अनुरोध करने वाले देश द्वारा इंटरपोल के माध्यम से जारी किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय अलर्ट है, जो प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्यवाई के लम्बित रहने तक किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है।

चोकसी को बेल्जियम में मुंबई की अदालत द्वारा जारी किये गये दो गैर जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है, जो 2018 व 2021 में जारी किये गये थे। बहरहाल, चोकसी की गिरफ्तारी से इतना तो सुनिश्चित हुआ है कि जब तक उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो जातीं वह बेल्जियम में सलाखों के पीछे ही रहेगा। लेकिन उसका प्रत्यर्पण कठिन व चुनौतीपूर्ण है। यह अनुमान अकारण नहीं। चोकसी का भगोड़ा भांजा नीरव मोदी भी 2019 से लंदन की जेल में बंद है। उसे भी भारत के आग्रह पर गिरफ्तार किया गया था कि उस पर भी फ्रॉड के आरोप हैं और वह भी ट्रायल से बचने के लिए भारत से फरार हो गया था। चोकसी इंग्लैंड के हाईकोर्ट के हाल के आदेश का सहारा लेकर अपने प्रत्यर्पण को रोकने का प्रयास करेगा। भारत ने वांछित हथियार व्यापारी संजय भंडारी के प्रत्यर्पण का आग्रह किया था, जिसे इंग्लैंड के हाईकोर्ट ने यह कहकर ठुकरा दिया था कि भारतीय जेलों में बहुत खराब स्थितियां हैं, जैसा कि नई दिल्ली की तिहाड़ जेल (जो सबसे सुरक्षित मानी जाती है) में गैंगस्टर टिलू ताजपुरिया की हत्या से स्पष्ट है। बेल्जियम की अदालतें भी मानवाधिकार मुद्दों को लेकर अति संवेदनशील हैं। इसलिए चोकसी का प्रत्यर्पण इस बात पर निर्भर करता है कि बेल्जियम की अदालत भारतीय जेलों की स्थितियों के बारे में क्या रुख अपनाती है। इंग्लैंड के हाईकोर्ट के नजरिये से सहमत होती है या असहमत? सभी भगोड़े, जिन देशों में अपराध करते हैं वहां न्याय से बचने के लिए प्रत्यर्पण का विरोध करने के लिए मानवाधिकार के मुद्दे उठाते हैं।

> चोकसी को बेल्जियम में मुंबई की अदालत द्वारा जारी किये गये दो गैर जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है, जो 2018 व 2021 में जारी किये गये थे। बहरहाल, चोकसी की गिरफ्तारी से इतना तो सुनिश्चित हुआ है कि जब तक उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो जातीं वह बेल्जियम में सलाखों के पीछे ही रहेगा।

चिंतन

भारतीय एजेंसीज को सूचना मिली थी कि चोकसी बार बार बेल्जियम की यात्रा कर रहा है। इसी को मद्देनजर रखते हुए लगभग छह माह पहले ईडी ने बेल्जियम के अधिकारियों से उसके प्रत्यर्पण का आग्रह किया था। इसी आग्रह के चलते आखिरकार चोकसी की गिरफ्तारी हुई है। अब उसे वापस भारत लाना इस बात पर निर्भर करता है कि बेल्जियम की स्थानीय अदालत में भारतीय वकीलों की टीम किस प्रभावी ढंग से अपनी दलीलें रखती है। भारतीय एजेंसीज ने सारे कागजात पहले से ही तैयार कर रखे थे, जिन्हें प्रत्यर्पण आग्रह के साथ पेश किया गया है। इन कागजात में भारतीय अदालतों में चोकसी के खिलाफ दायर आरोप-पत्र, भगोड़ा होने के कारण उसके खिलाफ जारी किया गया गैर-जमानती वारंट और ट्रायल के लिए मौजूद न होना शामिल हैं। यहां की अदालतों ने आपराधिक आरोपों का भी संज्ञान लिया है, जोकि प्रत्यर्पण आग्रह में प्रमुख शर्त होती है। चोकसी और नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ हजारों करोड़ रुपये का फ्रॉड किया था। जांच एजेंसीज धीरे धीरे उस तक पहुंचने ही वाली थी कि उसे अपने फंसने की भनक लग गई और वह जनवरी 2018 में फरार हो गया। उसने एंटीगुआ व बारबुडा में शरण ली और बाद में एंटीगुआ की नागरिकता भी ले ली। ईडी एंटीगुआ व बारबुडा में उसकी गतिविधियों पर करीब से नजर रख रही थी। चोकसी को जून 2021 में डॉमिनिका से डिपोर्ट करने का प्रयास किया गया था, जहां वह एंटीगुआ से संदिग्ध हालात में पहुंचा था, लेकिन यह कोशिश असफल रही, जिसके कारण इंटरपोल ने उसके खिलाफ जारी किये गये रेड कार्नर नोटिस को वापस ले लिया।

इस बीच डायग्नोज हुआ कि चोकसी को कैंसर है। वह इलाज के लिए नियमित बेल्जियम आ जा रहा था। इस जानकारी से भरतीय एजेंसीज हरकत में आ गईं और उसके प्रत्यर्पण की अर्जी दाखिल की। चोकसी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए स्विट्जरलैंड भागने का प्रयास किया था, लेकिन उसे बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और बेल्जियम में ही रुकना पड़ा। निवेश कार्यक्रम के जरिये एंटीगुआ की नागरिकता लेने वाले चोकसी ने पिछले साल 15 नवम्बर को अपनी पत्नी प्रीति के कागजात इस्तेमाल करके बेल्जियम से एफ रेजीडेंसी कार्ड हासिल कर लिया था, हालांकि उसने अभी तक भारत या एंटीगुआ की नागरिकता को नहीं छोड़ा है। प्रीति बेल्जियम की नागरिक है। हालांकि चोकसी के खिलाफ भारत का केस बहुत मजबूत है, लेकिन उसका प्रत्यर्पण कराना आसान नहीं होने जा रहा है। सब कुछ इस बात पर निर्भर है कि बेल्जियम की अदालत भारतीय जेलों के बारे में क्या रुख अपनाती है? संजय भंडारी के मामले में इंग्लैंड की अदालत ने इस दलील को स्वीकार कर लिया था कि भारतीय जेलों में यातनाएं दी जाती हैं, स्थिति अमानवीय है और ट्रायल असाधारण रूप से लम्बा चलता है। चोकसी के वकील अभी से ही इंग्लैंड की अदालत का हवाला देने लगे हैं। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल का कहना है, 'हम चोकसी को जेल से बाहर निकालने का इस आधार पर प्रयास कर रहे है कि वह बीमार है और उसका कैंसर का उपचार चल रहा है।' चोकसी की जमानत याचिका पर सुनवायी कम से कम एक सप्ताह बाद आरंभ होगी। तब तक वह जेल में ही रहेगा।

भारतीय एजेंसीज को जब यह मालूम हुआ कि चोकसी अपने स्टेट्स को अपग्रेड कराके एफ प्लस रेजीडेंसी कार्ड कराने जा रहा है, जिससे बेल्जियम से प्रत्यर्पण अधिक कठिन हो जाता तो उन्होंने अपनी कार्यवाही को अधिक तेज कर दिया। फलस्वरूप बेल्जियम ने एफ रेजीडेंसी को एफ प्लस नहीं किया। चोकसी ने कैंसर उपचार के लिए स्विट्जरलैंड की विशिष्ट कैंसर फैसिलिटी हिरस्लानडेन क्लीनिक आरु में अप्लाई किया था। उसे प्रवेश लगभग मिल ही गया था कि उसने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली थीं, लेकिन इससे पहले कि वह बेल्जियम छोड़ पाता उसे एंटवर्प में गिरफ्तार कर लिया गया। मानवीय व अपनी स्वास्थ्य स्थिति का हवाला देते हुए चोकसी ने स्विट्जरलैंड में अर्जेंट मेडिकल उपचार के लिए भी अप्लाई किया था। चोकसी की गिरफ्तारी का श्रेय लेते हुए वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की बर्दाश्त शून्य है, लेकिन यह भी कड़वा सच है कि अभी तक विजय माल्या, नीरव मोदी, चोकसी आदि एक भी फ्रॉड करने वाले भगोड़े को वापस भारत नहीं लाया जा सका है।

सोशल मीडिया

51 शक्तिपीठों में से एक कालीघाट मंदिर मेरे सहित अनगिनत भक्तों के लिए दिव्य महत्व रखता है, मां के साथ हर साल जाकर पूजा अर्चना करना मुझे याद है। ममता बनर्जी.



राष्ट्र तोड़कों को अगर कोई समाज सम्मानित करता है, तो वह अपने लिए एक नयी समस्या खड़ी करने जा रहा है। इस समय मुर्शिदाबाद पर किसी का मुंह नहीं खुल रहा है। सीएम योगी.



बात गुजरात मॉडल की नाकामी की हो रही है, जो लोग सैकड़ों साल पुराना इतिहास खोदकर लाते हैं, उन्हें उनका एक –दो साल पुराना इतिहास याद दिलाने से बेचैनी क्यों हो रही। अखिलेश यादव



# एकांतवास का महत्व

प्रकृति की हरियाली और कंदराओं का शांत वातावरण प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदराओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी।

अंतर्दृष्टि

इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

# वायदों में बहती विकास की गंगा

व्यंग्यलोक

चारों ओर विकास की सुगंधयुक्त बयार बह रही है। लगता ही नहीं, यह हमारा पुराना भारत है। खुदरा में एफडीआई आने के बाद से तो लगने लगा है हम अमेरिका में बैठे हैं। भ्रष्टाचार की बयार थमती नजर आ रही है। बल्कि इसे रोकने के लिए लोकपाल को अंतिम रूप दिया जा चुका है। राइट टू इन्फोरमेशन के बाद राइट टू रिकॉल की कवायद तेज हो गई है। न अब अन्ना या केजरीवाल की जरूरत और न ऐसी किसी मुहिम की बल्कि लगने लगा है तमाम पुराने पापी नेताओं की आत्मा निर्मल हो गई है। देश को ऊपर उठाने के वचन दिये जा रहे हैं। इतना ऊपर की कोई छू भी नहीं पाये। वादे और आश्वासनों का लंबा सिलसिला चल रहा है। उपलब्धियां गिन-गिन कर बताई जा रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी की कोई कुछ भी बोले, कोई पाबन्दी नहीं। मानवाधिकारों की पैरवी बड़े जोरों से हो रही है। हो सकता है इसके चलते किसी को फांसी भी न दी जाये आगे से। फांसी न्यायालय ने दे भी तो उसे माफ करने की पहल होगी। मैं तो खुद असमंजस में हूँ कि यकायक यह परिवर्तन हुआ क्यों जा रहा है। सीबीआई पर कोई राजनीतिक दबाव से इंकार किया जा रहा है। वह अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। बाहर या भीतर से समर्थन नहीं मांगा जा रहा, लेकिन अपने आप समर्थन दिया जा रहा है। यह सरकार है या अलादीन का चिराग। नकद सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है।



रामविलास जॉंगिड़

वायदों की फसल लहलहा रही है। लोकतंत्र है या रामराज्य, मैं भेद नहीं कर पा रहा हूँ। इतना और एक साथ - ढेर सारा विकास बिना मांगे परोसा जा रहा है। वोटर को सुविधाओं की झड़ी लगी हुई है। सारे राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों को झाड़-पोंझ रहे हैं। आखिर यह सब क्यूं ओर किसलिए? शायद चुनाव आ रहे हैं। नहीं, हमारे नेता ऐसे अवसरवादी तो नहीं? मन में फिर वही सवाल आखिर क्यूं? मन का ही जवाब-चुनाव तो होंगे ही। यह सत्य है। इसमें छलावा कैसा? चलो चुनाव के बहाने ही सही विकास हो तो रहा है और हमें चाहिए भी क्या? महंगाई का रोना पिछड़े जमाने की बात है। वह अभी नहीं- फिर कभी, अभी केवल विकास की गंगा बहानी है और तब तक बहानी है जब तक कुछ भी बचा रहेगा। आखिर जनता विकास की गंगा चाहती है, सो मोहल्ले में स्वच्छ जल पहुंचाने के बजाय सीधे विकास की गंगा बहा देनी है ताकि पानी की जरूरत ही न रह जाये।

# नदियां भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की आत्मा है



संस्कृति

नदियां किसी भी देश की लाइफलाइन होती हैं। नदियों से ही उस देश की अर्थव्यवस्था, सभ्यता और प्राकृतिक समृद्धि का पता चलता है। खानपान, मनोरंजन और संस्कृति का भी स्त्रोत नदियां ही होती हैं। हम अगर अपने पौराणिक साहित्य पर नजर डालें तो भारतीय नदियां, भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। भारत में ज्ञान, विज्ञान और आत्मा से परमात्मा तक की खोज सब नदियों के किनारे हुई, इसलिए भारत अकेला ऐसा देश है, जो नदियों को मां कहता है, देवी कहता है और उनकी पूजा करता है। कोई सभ्यता नदियों पर कितनी आश्रित होती होगी, इस बात का अंदाजा भारत की सम्पन्न सनातन संस्कृति से लगाया जा सकता है। नदियों के किनारे बसे ऋषिकेश, हरिद्वार, मथुरा, अयोध्या, प्रयाग, काशी, गया, पटना, नासिक और उज्जैन जैसे नगर भारतीय धर्म और संस्कृति के जगमगाते द्वीप हैं। ये सभी धार्मिक और सांस्कृतिक नगर प्रसिद्ध नदियों के किनारे बसे होने के कारण ही पीढ़ियों से हमारी सभ्यता के गंतव्य स्थल हैं। भारतीय संस्कृति में नदियों का धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, उनका ऐतिहासिक महत्व भी है।

गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी ये महज धरती में बहती पानी की धाराएं भर नहीं, अपने आपमें ये एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां हैं। गंगा को भारतीय संस्कृति की आत्मा माना जाता है इसलिए इसे माता का दर्जा दिया जाता है। उत्तर भारत में आज भी लोग अगर गंगा की कसम खा जाते हैं, तो उसकी बात पर आम आदमी तो छोड़िये, अदालतें तक भरोसा कर लेती हैं। भारत के चार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और मुख्य रूप से बंगाल से गुजरने वाली गंगा भारतीय संस्कृति की चमचमाती अमरकथा है। माना जाता है कि नदियों में देवियां और देवताओं का वास होता है। भारत में हिंदू धर्म के सबसे बड़े ग्रंथ महाभारत का आधार ही गंगा है। देवव्रत यानी भीष्म पितामाह की मां गंगा थीं। हमारा प्राचीन और समृद्ध अतीत गंगा और यमुना नदियों के किनारे महान ऋषि, मुनियों की ज्ञान परंपरा वाला इतिहास है। गंगा और यमुना दोनो ही पवित्र नदियां हैं, जिनके किनारे आधुनिक सभ्यता के कई पड़ाव पड़े। गीता में भगवान कृष्ण खुद नदी और समुद्र की तुलना आत्मा और परमात्मा से की है। नदी आत्मा है। उत्तराखंड में गंगोत्री ग्लेशियर से निकलने वाली गंगा का मुख्यस्त्रोत गोमुख है। 2480 किलोमीटर की यह नदी हिमालय की पवित्र कंदराओं से निकलकर मैदान की तरफ बहती है। गंगा को गंगा बनाने वाली इसकी सहायक नदियां हैं। शायद यही वजह है कि इस देश में सबसे ज्यादा सहायक नदियां अगर किसी नदी की हैं, तो वह गंगा ही है। 2480 किलोमीटर तक बहने वाली गंगा इस लिहाज से देश की सबसे बड़ी और लंबी नदी है, क्योंकि यह पूरी तरह से भारत में बहती है। वैसे लंबाई के लिहाज से ब्रह्मपुत्र 2990 किलोमीटर लंबी है। लेकिन ब्रह्मपुत्र तिब्बत के पुरंग जिले से निकलकर मानसरोवर झील के निकट से भारत और फिर बांग्लादेश में बहती है। इसलिए यह पूरी तरह से भारत में बहने वाली नदी नहीं है।

हालांकि गंगा, गंगोत्री से निकलती है, लेकिन इसे गंगा नाम देवप्रयाग में आकर मिलता है। इसके पहले यह भगीरथी और अलकनंदा होती है। प्रयाग पहुंचने पर गंगा में देश की एक दूसरी विशाल नदी यमुना मिल जाती है, जिसमें चंबल, केन, बेतवा, शिप्रा सहित आधा दर्जन से ज्यादा छोटी नदियां मिलती हैं। जब यमुना, गंगा से मिल जाती है, तो गंगा बहुत ही विशाल और बहुत ही समृद्ध जल वाली नदी या छोटा मोटा समुद्र बन जाती है। इलाहाबाद के बाद गंगा की विशालता का जलवा देखते ही बनता है। पुराणों में वर्णित अंतःसरिता सरस्वती को भी माना जाता है कि वह प्रयाग में गुप्त रूप से गंगा में मिल जाती हैं। इसलिए जहां प्रयाग में गंगा और यमुना मिलती हैं, उस जगह को त्रिवेणी यानी तीन नदियों के संगम वाली जगह कहते हैं। गंगा में आगे चलकर असी और वरुणा वाराणसी में तो बिहार में इसमें तमसा, रामगंगा, सोन और जैसी कई और नदियां आकर मिलती हैं, इसलिए माना जाता है कि गंगा में पानी कभी सूख नहीं सकता, जिस दिन सूख गया, उस दिन देश की किस्मत सूख जायेगी। प्राचीनकाल में जब ऋषि, मुनि किसी गृहस्थन को वरदान देते थे तो कहते थे- तुम्हारा सुहाग तब तक सुरक्षित रहे, जब तक गंगा और यमुना में पानी है। चूंकि यमुना एक जगह के बाद गंगा से मिल जाती है, इसलिए भारतीय ऋषियों, मुनियों का आशीर्वाद गंगा को केंद्रित और संबोधित करता था। आज भी भारत में खेती के लिए गंगा का समर्पण अद्भुत है। **धीरज बसाक.**

## आपकी बात

### देश की ऐतिहासिक उपलब्धि

चार ट्रिलियन डॉलर के शिखर पर देश की अर्थव्यवस्था का पहुंचना पूरे देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। चार ट्रिलियल के शिखर पर पहुंचने के बाद अब भारत उस लक्ष्य के भी बहुत निकट आ गया है, जब जीडीपी आकार के मामले में 4.4 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान और 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत आगे निकल जायेगा और पांच ट्रिलियन के लक्ष्य को अगले तीन साल में प्राप्त कर लेगा। जीडीपी किसी देश की ठोस उपलब्धि होती है जिससे नागरिकों के जीवन में आमूलचूल बदलाव आता है। इसलिए जीडीपी का बढ़ना इस बात की गारंटी है कि भविष्य में शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा, उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, सरकार कल्याणकारी कार्यक्रमों में और अधिक संसाधन लगा पायेगी, रोजगार के मौके बढ़ेंगे और आर्थिक विकास, बुनियादी संरचना के निर्माण, सेना के सशक्तिकरण जैसे तमाम कामों पर निवेश करने के लिए सरकार के पास अधिक पूंजी उपलब्ध होगी। प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ेगा जो सीधे-सीधे लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। हालांकि जीडीपी का यह स्तर प्रति व्यक्ति आय के लिहाज से अभी भी बहुत संतोषजनक नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्धि का दौर थमेगा, जीडीपी ग्रोथ बढ़ता जायेगा, तो भविष्य में प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। जीडीपी के इस रफ्तार को देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले वित्तीय वर्ष तक भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जायेगा।

**आशुतोष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### अवैध घुसपैठ खतरनाक

देश में अवैध घुसपैठ बहुत ही खतरनाक है और यह देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। गत महीने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले से समझा जा सकता है कि किस तरह अवैध घुसपैठिए समाज के लिए संकट खड़ा कर रहे हैं। अभी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई उसमें अवैध घुसपैठियों का हाथ बताया जा रहा है। देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा बहुत ही गंभीर है। बीते दिनों केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बाकायदा राज्य के गृह विभाग को एक पत्र लिखा गया है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा राज्यों की सीमाओं पर अवैध घुसपैठियों की धरपकड़ अचानक बढ़ गई है और उन्हें वापस बांग्लादेश में खदेड़ा जा रहा है। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा था, जिसके बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ तलाशी अभियान बढ़ गए हैं। अलबत्ता बांग्लादेश वापस भेजने की कोई खबर नहीं आई है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के गली-मुहल्लों में बांग्लादेशी दशकों से सक्रिय हैं। वे जीवन और समाज का हिस्सा बने हैं। वे रिक्शा चलाते हैं। उनकी औरतें घरों में काम करती हैं। इलाके के ढाबों और दुकानों पर बांग्लादेशी मजदूरी करते हैं। वे सहकारी सोसायटी के फ्लैटों में निर्माण, मरम्मत, बढ़ई, प्लंबर और एयर कंडीशनर मैकेनिक के तौर पर खुलेआम, सालों से काम कर रहे हैं। उनके पास आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज हैं। वे प्रधानमंत्री की मुफ्त अनाज योजना का भी लाभ उठा रहे हैं। वे आम आदमी पार्टी के चुनावी लाभार्थी समूह में भी शामिल हैं और कानूनन वे भारतीय बन गये हैं। उनकी पुश्तैनी जड़ें अधिकतर बंगाल, असम, त्रिपुरा आदि राज्यों से जुड़ी हैं। ऐसे में किसे घुसपैठिया करार देंगे और किस पर अवैध प्रवासी का संदेह कर कानूनी कार्रवाई करेंगे? दरअसल बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, मेघालय और मिजोरम राज्यों की सीमाएं लगती हैं और यहीं से घुसपैठ होती है। इसलिए सीमाओं को चाक-चौबंद बनाकर घुसपैठ रोकनी चाहिए।

**चन्द्र प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## कूड़ा डालने से मना करने पर दिव्यांग को पीटा

**बांदा।** अतर्रा कस्बे में दरवाजे पर कूड़ा डालने से मना करने पर पड़ोसी ने युवक को गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर नाराज पड़ोसी ने युवक के दिव्यांग भाई के साथ मारपीट की। पीड़ित ने दबंग पड़ोसी के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बा के मूसानगर ओरन रोड निवासी करन सिंह उर्फ राजा ने कोतवाली प्रभारी को दी गयी तहरीर में बताया कि बीते दिनों सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर के पास खड़ा था तभी पड़ोस का ही रहने वाला डाक्टर नाम का व्यक्ति पत्नी को लेकर आया और गाली-गलौज करने लगा। जब गाली-गलौज करने से मना किया तो दबंग ने उसे लाठी व लोहे की चैन से पीटा।

यह देख उसका दिव्यांग भाई अमर सिंह बचाने आया तो दबंग ने उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें उसे गंभीर चोटें आयी। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी आनंद सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जाँच की जा रही है।

## मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** खेत फसल काटने गई महिला के साथ अश्लील हरकत और मारपीट करने वाले आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह अकेले खेत में गेहूं की फसल काटने गई थी। पड़ोसी खेत का किसान उसके पास आया और हसिया में धार लगाने के लिए पत्थड मांगने लगा। उसके मना करने पर वह वहीं पर बैठ गया और अश्लील बातें करने लगा। कुछ देर के बाद आरोपी युवक उसके पास आया और गलत नियत से उसका हाथ खींचने लगा।

विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की लेकिन वह खेत से भाग गयी। आरोपी बबलू पुत्र पूरन लाल धोबी के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुत्री की हत्या में मां को आजीवन कारावास

**बांदा।** पुत्री की हत्या की आरोपी मां को दोषी पाते हुए अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय ने आजीवन कारावास की सजा और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वादी भवानी प्रताप सिंह ने थाना गिरवां मे 4 मई 2020 को तहरीर देकर कहा कि उसके चाचा राममूरत सिंह नोएडा में प्राइवेट नौकरी करते हैं जबकि पूरा परिवार ग्राम खुरहंड में रहता है। 30 अप्रैल 2020 को चाची सरोज सिंह ने अपनी बड़ी पुत्री शिम्पी 14 वर्ष को मारा पीटा था तब से वह घर से गायब है। शक है कि चाची सरोज ने किसी के साथ मिलकर उसे गायब कर दिया है। 5 मई को थाना प्रभारी गिरवां ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सरोज सिंह की निशानदेही पर शिम्पी के शव को मकान के पीछे गढ्ढे से बरामद किया। विवेचक शशि कुमार पांडेय ने विवेचना के पश्चात आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अदालत में सुनवाई के दौरान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील तिवारी ने 7 गवाह पेश किए।

अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी सरोज सिंह पत्नी राममूरत सिंह निवासी खुरहंड थाना गिरवां को पुत्री की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# गैंगस्टर और धोखाधड़ी करने वाले संगठित गिरोह के विरुद्ध की गयी बड़ी कार्रवाई



**ललितपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देश क्रम में पुलिस अधीक्षक मो० मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में, अपराधियों, भूमाफियाओं के विरुद्ध चलाये गये अभियान के अन्तर्गत जनपद के अपराधियों, भूमाफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है।

**● गैंगलीडर अजय रावत उर्फ अम्बानी सहित तीन की चल-अचल सम्पत्ति की गई कुर्क**

इसी क्रम में गिरोह बनाकर ऑनलाइन सट्टा खिलाने में माहिर अजय रावत उर्फ अम्बानी सहित गिरोह के सदस्यों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु०अ०सं० 1068/24 धारा 2/3 गैंग्स्टर एक्ट बनाम अजय रावत उर्फ अम्बानी पुत्र रामनारायण निवासी क्षेत्रपाल मन्दिर के पीछे कोतवाली ललितपुर से सम्बन्धित अभियोग में न्यायालय जिलाधिकारी द्वारा गैंग लीडर अजय रावत व उसके सदस्यों द्वारा समाजविरोधी क्रियाकलापों से कोतवाली थाना क्षेत्र में अर्जित की गई अवैध चल, अचल सम्पत्ति जिसकी कीमत कुल 57 लाख 55 हजार 406 रुपए लगभग को मौके पर राजस्व टीम की उपस्थिति में मुनादी कराकर, नियमानुसार कुर्क कर ली गई है। पुलिस ने गैंग लीडर अजय रावत उर्फ अम्बानी एवं गिरोह के सदस्य दीपक जैन, वीरेन्द्र जैन पुत्र शिखर जैन निवासी मुहल्ला लक्ष्मीपुरा एवं आशीष साहू की अपराध से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति को गुरुवार को कुर्क कर दिया है। उक्त सभी आरोपियों पर कई मुकदमे भी दर्ज है। कुर्की की कार्यवाही के दौरान उपजिलाधिकारी चंद्रभूषण प्रताप सिंह, अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चन्द (विवेचक) थाना जखौरा जनपद ललितपुर एवं निरीक्षक नरेन्द्र सिंह थाना कोतवाली सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

# पिछले वर्ष से अब तक का लंबित भुगतान जल्द कराने की मांग

**ललितपुर।** आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों ने अपनी तमाम समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कम्पनी बाग से लेकर कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। कार्यकत्रियों ने ज्ञापन के जरिए मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का पिछले चार वर्षों से कोई भुगतान नहीं किया

**● आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

गया है जो कि प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना को सबसे पहले आशाओं ने ही जन-जन तक पहुँचाया है जिसका भुगतान कुछ अधिकारियों द्वारा व कर्मचारियों के द्वारा पिछले चार वर्षों से भुगतान नही कराया गया है जिससे आशाओं का मनोबल गिराया है।

पिछले 2023-24 वर्ष व 2024-25 इन दो वर्षों का टी.वी.आई. का भुगतान कराये जाने, सरकार के द्वारा सर्वे जो आशाओं से कराये जाते है जैसे कि संचारी, व गैरसंचारी और कुष्ठ रोग आदि की सर्वे का भुगतान कराये जाने, आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी, सीबैक, फार्म आदि का पिछले एक वर्ष का पैसों का कोई भुगतान कराये जाने, प्रेरक नशबंदी केश व पीपीआईयूसीडी आदि का भुगतान कराये जाने की मांग उठायी। इस दौरान आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों ने वर्तमान में महंगाई को देखते हुये समय से वेतन व भत्तों का भुगतान कराये जाने की मांग उठायी है।

ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष आशा यादव, महासचिव अंजना चैबे, नीतू रजक, भारती साहू, रामा, सुमन, रेखा, आरती, सरिता, ममता, तबस्सुम, सविता, नीलम, रेखा, आरती, रामकुमारी, ज्योति, नीतू, कमला, वती, भागवती, आरती, रामदेवी, सुमन, बृजकुंवर, राजकुमारी, माखनदेवी, सरिता, अभिलाषा, रानी राजा, लाड़कुंवर, वन्दना देवी, राजा बेटी, रानी, उर्मिला, सीमा, शिरोमणि, अनीता, किरन सिंह, जनक कुंवर, ललिता, सुकवती, के अलावा अनेकों कार्यकत्रियां व संगिनियां मौजूद रहीं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को आयुक्त ने की समीक्षा




**बांदा।** स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के मंडलीय और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होने बीते माह की तुलना में स्वास्थ्य सेवाओं में हुए सुधार पर प्रशन्नता जताई और भविष्य में सेवाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। आयुक्त अजीत कुमार ने मंडल के अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अलावा जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को अस्पतालों में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होने चिकित्सालयों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, सफाई, पेयजल, चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति, राष्ट्रीय गुणवत्ता, आश्वासन मानकों को शतप्रतिशत लागू करने, कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने, मरीजों से फीडबैक लेकर उसका दस्तावेजीकरण, आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत गोल्डन कार्ड तथा सभी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के साथ दिव्यांगों के लिए सुविधा जनक पहुंच की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने स्पष्ट किया कि मंडल के सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की शिथिलता स्वीकार नही होगी।

# छात्रों को आग पर काबू पाने की दी जानकारी

**बांदा।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्निशमन अधिकारियों ने तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को आग से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए आग लगने पर किस तरह कम समय में आग पर काबू पाया जाए इस बारे में विशेष तौर पर जानकारी दी। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं की जागरूकता रैली भी निकाली गयी। अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि गर्मी के दिनों में आग लगने की संभावना ज्यादा रहती है। इसे ध्यान में रखते हुये जिला प्रशासन की ओर से अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों में लोगों को आग लगने पर किस तरह से नियंत्रण पाया जाए इसकी जानकारी सभी को दी जा रही है ताकि वह इस बारे में जागरूक हो सकें। इसी अभियान के अंतर्गत अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार ने बाँदा रोड स्थित तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को आग को नियंत्रित करने का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। अग्निशमन अधिकारी ने बिजली, एलपीजी, तेल व किसी अन्य कारण से लगी आग को नियंत्रित करने के उपाय बताये। हाई मोटर फायर सिस्टम सहित पांच प्रकार से आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही किसी भी परिस्थिति में आग लगने पर फायर टीम को फोन कर तुरंत सूचित करने को कहा जिससे आग को समय पर फैलने से रोका जा सके। इस दौरान प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेंद्र सिंह, लीडिंग फायरमैन रमेशप्रसाद, शिवदत्त मिश्र, अजय कुमार व स्कूल स्टॉप मौजूद रहा।

# दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट के ग्राम रानीपुरा में विगत दिनों हुए विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गये थे। दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था। पुलिस ने विगत दिवस एक पक्ष की ओर से प्राप्त तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली थी, तो वहीं अगले दिन दूसरे पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर भी एफआईआर दर्ज की है। रानीपुरा में रहने वाले खुशीराम पुत्र

**● रानीपुरा में खूनी संघर्ष का मामला**

कल्ले अहिरवार ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 14 अप्रैल को रात करीब 9 बजे गांव के तुलसीराम पुत्र चिप्पे अहिरवार शराब के नशे में धुत्त होकर आया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर तुलसीराम ने भागचंद्र पुत्र चिप्पा, चिप्पा पुत्र धनुवा, भुलिया पत्नी चिप्पा, प्रीति पत्नी तुलसीराम को भी बुला लिया और एकराय होकर उसके साथ लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। इस हमले में उसे पेट, कमर, पैर में कई चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोगों ने शिकायत करने पर जान से मारकर फेंक देने की धमकी भी दी।

मामले की सूचना डायल 112 को देने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। पुलिस ने खुशीराम की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गिरजेश सिंह जिला कृषि अधिकारी नहीं मृदा परीक्षक हैं

**ललितपुर।** विगत दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ एक खबर का संज्ञान लेते हुए जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती ने एक पत्र जारी किया है। वायरल हो रहा वीडियो में एक शादी का कार्ड दिखाया जा रहा है, जिसमें मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के अध्यक्ष गिरजेश सिंह के नाम के नीचे जिला कृषि अधिकारी अंकित है, जिस कारण यह भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गयी कि जिला कृषि अधिकारी गिरजेश सिंह हैं, जबकि वास्तविक में जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती है। इस मामले का संज्ञान लेकर जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए अवगत कराया है कि जनपद में एक वीडियो वॉयरल हुआ है जिसमें गिरिजेश सिंह, वरि.प्रा.सहा. ग्रुप-ए/अध्यक्ष, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला ललितपुर के विवाह के निमन्त्रण कार्ड में वधू पक्ष के द्वारा उनके नाम के आगे जिला कृषि अधिकारी अंकित किया गया है, चूंकि गिरिजेश सिंह वरि.प्रा.सहा. ग्रुप-ए जनपद में अध्यक्ष, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के पद पर कार्यरत है जिला कृषि अधिकारी के पद पर नहीं।

# एण्टी करप्शन टीम ने पेशकार पर दर्ज करायी एफआईआर

**ललितपुर।** किसान से जमीन का दाखिल खारिज कराने के नाम पर 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये पकड़े गये सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय में तैनात पेशकार को एण्टी करप्शन टीम ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था। इस प्रकरण में एण्टी करप्शन टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक चतुर सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पेशकार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि निकटवर्ती ग्राम कल्यानपुरा निवासी किसान अनेक सिंह पुत्र भागीरथ ने एण्टी करप्शन टीम को सूचना देते हुये अशोक कुमार सिंह पुत्र जीतमल सिंह सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय में तैनात बाबू जो कि सहायक चकबंदी अधिकारी के पेशकार हैं पर 8 नवम्बर 2024 को खरीदी गयी जमीन गाटा संख्या 128 कृषि भूमि क्षेत्रफल 0.405 झरकौन का दाखिल खारिज कराने में कठिनाईयां बताते हुये 15 हजार रुपये की रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाया था। एण्टी करप्शन टीम झांसी के नेतृत्वकर्ता निरीक्षक चतुर सिंह ने पेशगार को पकड ? के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुये जाल फैला दिया। इसके बाद किसान अनेक सिंह पेशकार अशोक कुमार सिंह को मांगी गयी रिश्वत के 15 हजार रुपये देने के लिए सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय पहुंचा, जहां पेशगार ने उसे इशारे से जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में बुलाया और वहां उसने रुपये ले लिये। रुपये लेते ही तत्काल एण्टी करप्शन की टीम ने पेशगार अशोक कुमार सिंह को धर दबोचा और लिये गये 15 हजार रुपये के नोटों पर लगाया गया कैमिकल जो कि पेशगार के हाथ की अंगुलियों पर लग गया था को पानी में धुलवाया गया। पेशगार का हाथ पानी के सम्पर्क में आते ही पानी का रंग लाल हो गया।

पानी के रंग बदलते ही यह स्पष्ट हो गया कि कैमिकल युक्त नोट जो कि रिश्वत के तौर पर दिये गये थे, वह लिये गये हैं। एण्टी करप्शन की टीम ने पेशकार को तत्काल हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आये, जहां वैधानिक कार्यवाही करते हुये पेशकार को गिरफ्तार घोषित किया गया। इसके अलावा एण्टी करप्शन टीम झांसी के नेतृत्वकर्ता निरीक्षक चतुर सिंह ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय के पेशकार अशोक कुमार सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बच्चों के नाट्य मंचन से भाव-विभोर हो उठे श्रद्धालु

ललितपुर। हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वितीय दिन बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई, जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना हनुमानजी का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ तुवन मंदिर महंत रामलखनदास द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा श्रीराम की झांकी, भजन गायन एवं नृत्य, नाट्य मंचन, बालाजी अच्छे लगते हो, राम सियाराम ग्रुप डांस नृत्य व हनुमान चालीसा, ग्रुप डांस, राधाजी का भजन, कान्हा, हनुमानजी के ऊपर भजन, तपस्या हुण्डैत ने घर मेरे पर देसिया यशस्वी दुबे, अनुषा वर्मा, आराध्या पचैरी द्वारा नृत्य हम कथा सुनाते, नाट्य मंचन राम कथा विश्वादित्य प्रताप सिंह बुंदेला योगा शरीर पर दीपक रख कर फिल्मी कलाकार स्व.मनोज कुमार को श्रद्धांजली महिमा पारसर, डा.प्रबल सक्सेना द्वारा मै ना भूलूंगा में ना भूलूंगी का गायन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

# कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन कृषि विश्व विद्यालय में 19 को

**बांदा।** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय में कवि सम्मेलन और डॉ शंकरजी सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी की पुस्तक ह्यह्यआओ करें प्यार की बातेंह्नह्न, वरिष्ठ गीतकार पद्मश्री गोपालदास नीरज को समर्पित पुस्तक का विमोचन होगा। कार्यक्रम 19 अप्रैल को सायं 3 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर एस वी एस राजू और मुख्य अतिथि डॉ अशोक प्रजापति वरिष्ठ वैज्ञानिक नासा, यूएसए तथा विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, वरिष्ठ साहित्यकार सर्वेश अस्थाना लखनऊ, अर्जुन सिंह चांद, अशोक बेशर्म प्रयागराज, हेमा पांडेय लखनऊ, विनय दीक्षित उन्नाव, हरिनारायण हर्ष प्रयागराज, रोहित शर्मा महोबा, श्री नारायण तिवारी चित्रकूट, बांदा से शिवप्रकाश सिंह, डॉ धनंजय सिंह, प्रबंधक नटराज संगीत महाविद्यालय योगेश कुमार, दीन दयाल सोनी स्वर्ण, मनोज कुमार मृदुल के अलावा वरिष्ठ साहित्यकार विद्वान, समाजसेवी, कृषि विश्व विद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र और छात्राएं मौजूद रहेंगी।

# अभियोजन की पैरवी से हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा

शहजाद अंसारी




**बिजनौर।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास व तीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान के अनुसार सात सितम्बर 2022 को वादी तेजपाल पुत्र रामप्रसाद सिंह निवासी ग्राम मिर्जाअलीपुर उर्फ कुत्तोपुर थाना नगीना ने थाना नगीना पर तहरीर दी कि अभियुक्त टीकम पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम मिर्जा अलीपुर भारा उर्फ कुत्तोपुर ने वादी के भाई चमन प्रकाश के सिर में लोहे की रोड मार दी। इससे वादी के भाई का सिर फट गया और अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गयी। तहरीर के आधार पर थाना नगीना पर सम्बन्धित धाराओं में पंजीकृत किया गया तथा आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान दौरान की जोरदार दलील से सहमत होकर एंव सबूतों के आधार पर अभियुक्त टीकम पुत्र रामबहादुर को आजीवन कारावास व तीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। उक्त अभियोग पुलिस महानिदेशक अभियोजन उ0प्र0 दीपेश जुनेजा द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत न्यायालय में सशक्त एवं प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को अधिक से आधिक सजा दिलाये जाने हेतु चिन्हित अभियोग में सम्मिलित था।

# फेसबुक आईडी हैक कर पीडित के नाम का हवाला देकर 50 हजार हडपे

**बिजनौर।** फेसबुक आईडी हैक कर गिरोह ने युवक के दोस्त से 50 हजार रुपयों की ठगी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत साईबर थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर के मोहल्ला खत्रीयान निवासी आतिफ पुत्र शकील सऊदी अरब मे काम करता है। किसी ने उसकी फेसबुक आईडी हैक कर उसके दोस्त अशफाक को मेसेंजर के करिये मेसेज किए। सऊदी में फंसे होने की मजबूरी बताकर अशफाक से 50 हजार रुपए एक नंबर पर ट्रांसफर कराने को कहा। जिसकी बात पर विश्वास करके अशफाक ने पेसे डाल दिए, लेकिन जब उसे वास्तविकता का पता चला तो उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर ठग समय-समय पर कभी रिश्तेदार तो कभी पुलिस या ब्लैकमेलर बनाकर लोगों से पैसा ऐंठ रहे हैं।

# स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर रुप से घायल

**बिजनौर।** स्कॉर्पियो कार की टक्कर लगने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए बिजनौर के हायर सेंटर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मंडियों वासी वीरेंद्र पुत्र मनोहरी व नटवर पुत्र जगदीश सिंह बीते दिन बाइक पर सवार ने होकर बिजनौर जा रहे थे इस दौरान हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव पावटी के बस अड्डे पर विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार वीरेन्द्र व नटवर सड़क के साइड में जा गिरे। ग्रामीणों की सूचना पर गंभीर रूप से घायल दोनों बाइक सवार को डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिए बिजनौर भिजवाया। इस दौरान स्कॉर्पियो कार चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। बिजनौर में इलाज के दौरान नटवर की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है।

# दिव्य गुणों की प्रतिमूर्ति थे मुकुंद लाल तिवारी



**महोबा।** दानशीलता, उदारता, स्नेह, दया, करुणा, क्षमा जैसे दिव्य गुणों की प्रतिमूर्ति श्रद्धेय मुकुन्दलाल तिवारी जी की 150वीं जयंती कार्यक्रम रामालय सभागार एवं मुकुंद लाल तिवारी राजकीय इंटर कॉलेज महोबा में मनाया गया। मुकुंद फाउंडेशन द्वारा बाबूलाल तिवारी स्मृति सभागार रामालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं बच्चों को पुण्य प्रतीक प्रदान किए गए। श्रद्धांजलि सभा का संचालन संगीतज्ञ अबोध कुमार सोनी ने किया। इस। अवसर पर मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मुकुंदलाल तिवारी राजकीय इंटर कालेज में मेधावी छात्रों एवं छात्रों को मेधावी बनाने वाले गुरुजनों को सम्मानित किया। मुकुंद फाउंडेशन के उपाध्यक्ष राम दत्त तिवारी ने बताया पंडित मुकुंद लाल तिवारी नोटिफाइड एरिया महोबा के 1940 से 1947 तक अध्यक्ष रहे !जिला सहकारी बैंक हमीरपुर के 1937 में उपाध्यक्ष रहे ! डीएवी इंटर कॉलेज के संस्थापक सदस्य रहे। 1916 से 1961 आपके कुशल निर्देशन में रामलीला का मंचन होता रहा। उनके द्वारा लिखित रघुनाथ विनय शतक 1912 में प्रकाशित की गयी। धर्मार्थ हेतु उन्होंने 1924 में धर्मशाला की स्थापना की। नोटिफाइड एरिया महोबा द्वारा सन 1935 से मुकुंद लाल तिवारी कन्या पाठशाला संचालित की गई एवं 1968 में मुकुंद लाल तिवारी जूनियर हाई स्कूल की स्थापना की गई थी, जो 1971 में हाई स्कूल एवं 1991 में इंटर कॉलेज के रूप में संचालित हुआ।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ भारतीय मजदूर संघ ने खोला मोर्चा

**महोबा।** भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल कश्यप के नेतृत्व में अभिभावकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप निजी स्कूलों में शासन के आदेशानुसार एनसीईआरटी की पुस्तकों से अध्ययन कराये जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में नया

**● डीएम को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग**

सत्र प्रारम्भ हो गया है, निजी स्कूल शासनादेश का पालन न कर अपनी मनमानी पर उतारू हैं एवं शिक्षण संस्थान को उन्होंने लूट का तंत्र बना दिया है।

स्कूल प्रबंधन द्वारा एनसीईआरटी की पुस्तकों से शिक्षा न देकर अन्य पुस्तकों से अध्ययन कराया जा रहा है और मनमानी फीस वसूली जा रही है



तथा अपनी नियत की गयी दुकानों से ही किताबें और यूनिफॉर्म मनमाने दामों पर खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर कर रहे हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र अति पिछड़ा क्षेत्र होने पर यहां ज्यादातर रहने वाले लोग मजदूर वर्ग से हैं। इस भीषण महंगाई में जहां एक तरफ अभिभावकों के लिए अपने परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है, वहीं स्कूलों के इस लूट तंत्र के कारण वे मानसिक प्रताणना से गुजर रहे हैं। निजी स्कूलों का यह आचरण न लोकतंत्र और न ही राज्य कल्याणकारी है। भारतीय मजदूर संघ इन स्कूलों के इस निरंकुश और शोषक प्रवृत्ति के रवैये का घोर विरोध करता है।

ज्ञापन में डीएम से निवेदन किया गया है कि इस लूटतंत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए रोका जाए। जिले के समस्त निजी स्कूलों में शासनादेश के आदेशानुसार कमेटी गठन कर जांच की जाए एवं शासन द्वारा जारी नियमावली का अविलम्ब पालन कराया जाए और सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकों से अध्ययन कराया जाए एवं बसूल की जा रही मनमानी फीस पर रोक लगाई जाए। जिससे मजदूर वर्ग के व्यक्ति अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त कराकर उनका भविष्य उज्जवल कर पाएं।

# अपर जिला जज ने किया जेल विजिट



**ललितपुर।** नरेन्द्र कुमार झा जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के निदेर्शानुसार यशवन्त कुमार सरोज, अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में गुरूवार को विधिक साक्षरता शिविर एवं जेल विजिट की गयी। उनके द्वारा जिला कारागार, की विजिट में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वातालर्प किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है। भोजनशाला में साफ- सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी तथा शिविर लगाकर विधिक जानकारी दी गयी। जिला कारागार की विजिट के दौरान मुकेश कुमार, जेल अधीक्षक, जीवन सिंह मौजूद रहे।

# बिजनौर में गुलदार का आतंक! खेत में गेहूं काट रहे किसानों पर गुलदार का हमला



**बिजनौर।** जनपद में गुलदर का आतंक लगातार जारी है। गेंहू की कटाई चल रही है जिस कारण अधिकांश किसान व मजदूर तबके के लोगो का खेतों मे ही समय गुजर रहा है। थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर तालन के जंगल में बीते दिन सिरधनी, मुबारकपुर तालन गांव के लोग गेहूं काट रहे थे। वहीं मिट्टी का काम भी चल रहा है। कुछ लोग मिट्टी भी उठा रहे थे। दोपहर लगभग तीन बजे वहां गुलदार के दहाड़ने की आवाज आई, इस दौरान गुलदार अचानक खेत से निकला और वहां गेहूं काट रहे लोगों पर हमला कर दिया। गुलदार के अचानक हुए हमले में अलाउद्दीन, दीनू निवासी ग्राम सिरधनी तथा जाहिद पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम मुबारकपुर तालन गंभीर रूप से घायल हो गए। गुलदार जंगल फिर से खेत में छिप गया। वन विभाग की टीम देरी से पहुंची, जिससे ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार गुलदार को झाड़ियों और खेतों में घूमते देखा है, लेकिन समय रहते कोई पिंजरा नहीं लगाया गया। हमले के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने देर शाम जंगल की ओर पिंजरा लगाने की प्रक्रिया शुरू की।





# हैदराबाद ने मुंबई को 163 रन का दिया लक्ष्य

## आईपीएल 2025 : अभिषेक ने 40, क्लासन ने 37 रन बनाये, विल जैक्स को 2 विकेट

एजेंसी

मुंबई। आईपीएल के 33वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 163 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने बॉलिंग चुनी। हैदराबाद ने 5 विकेट खोकर 162 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 40 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना दिए। पैट कमिंस ने 8 और अनिकेत वर्मा ने 18 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया।

अभिषेक शर्मा ने 40 और हेनरिक क्लासन ने 37 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 1-1 विकेट लिया। मुंबई से 20वां ओवर कप्तान हार्दिक पंड्या ने फेंका। उनके खिलाफ अनिकेत वर्मा ने 2 और पैट कमिंस ने 1 छक्का लगाया। इस ओवर में 22 रन बन गए। इससे पहले 18वें ओवर में दीपक चाहर के खिलाफ 21 रन बने थे। हैदराबाद ने 19वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की पहली बॉल लो फुल टॉस फेंकी। हेनरिक क्लासन बॉल को पूरी तरह मिस कर गए और बोल्ड हो गए। उन्होंने 37 रन बनाए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने



चौथा विकेट गंवा दिया। ट्रेंट बोल्ट ने ओवर की चौथी बॉल फुलर लेंथ फेंकी, नीतीश रेड्डी बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन लॉन्ग ऑन पर तिलक वर्मा के हाथों कैच हो गए। नीतीश ने 21 गेंद पर 19 रन बनाए। 15वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने 100 रन पूरे कर लिए। हेनरिक क्लासन ने ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ दूसरी बॉल पर चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। 12वें ओवर में मुंबई इंडियंस को तीसरा विकेट मिला। विल जैक्स ने ओवर की पहली बॉल ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट पिच फेंकी। ट्रैविस हेड लॉन्ग ऑफ पर मिचेल सैंटनर के हाथों कैच हो गए। हेड ने 29 गेंद पर 28 रन बनाए। 10वें ओवर में ट्रैविस हेड नो बॉल पर कैच हो गए। ओवर की तीसरी गेंद हार्दिक पंड्या ने गुड लेंथ पर फेंकी, हेड डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। हेड पवेलियन जाने लगे, लेकिन थर्ड अंपायर ने नो बॉल का सायरन बजा दिया। हेड फ्री हिट पर भी कैच हुए। वे इस वक्त 24 रन पर बैटिंग कर रहे थे। 9वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। विल जैक्स ने ओवर की चौथी बॉल ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। ईशान किशन आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन स्टंपिंग हो गए। वे 2 ही रन बना सके। 8वें ओवर में मुंबई इंडियंस ने पहला विकेट लिया। हार्दिक पंड्या ने ओवर की तीसरी गेंद ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट पिच फेंकी। अभिषेक ने शॉट खेला, लेकिन डीप एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर राज अंगद बावा के हाथों कैच हो गए। अभिषेक ने 40 रन बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद ने 7वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। ट्रैविस हेड ने ओवर की तीसरी गेंद पर विल जैक्स के खिलाफ चौका लगाया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने पावरप्ले में कोई विकेट नहीं गंवाया। टीम ने शुरूआती 6 ओवर में 46 रन बनाए। दूसरे ओवर में कर्ण शर्मा कैच लेने की कोशिश में चोटिल हो गए।

ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर ट्रैविस हेड ने मिड विकेट की ओर शॉट खेला, वहां फील्डिंग कर रहे कर्ण के आगे बॉल गिरी, लेकिन वे कैच नहीं कर सके। गेंद उनके हाथ में लगी और वे चोटिल हो गए। मुंबई के विल जैक्स ने मैच की पहली गेंद पर अभिषेक शर्मा का कैच छोड़ा। वे फर्स्ट स्लिप में फील्डिंग कर रहे थे। इस गेंद पर 2 रन बने। इसी ओवर में चौथी गेंद पर कर्ण शर्मा ने ट्रैविस हेड का कैच भी छोड़ा। दीपक चाहर ने पहला ओवर फेंका। ओवर में 5 रन बने। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी है। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि अगर वे टॉस जीतते तो वे भी बॉलिंग ही चुनते।

# नीरज ने दक्षिण अफ्रीका में 84.52 मीटर थ्रो के साथ सत्र की शुरुआत

नयी दिल्ली। भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। चोपड़ा ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार चोपड़ा दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गये। केवल दो खिलाड़ियों चोपड़ा और स्मिट ने ही प्रतियोगिता में 80 मीटर की दूरी पार की। दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

चोपड़ा अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज़नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। ज़ेलेज़नी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लॉस बार्टोनिट्ज़ से अलग हो गए थे। चोपड़ा 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने 2020 तोक्यो (स्वर्ण) और 2024 पेरिस खेलों (रजत) में लगातार ओलंपिक पदक जीते। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था।



वह पिछले लंबे समय से 90 मीटर का आंकड़ा छूने का प्रयास कर रहे हैं।

**3000 मीटर स्टीपलचेसर साबले सत्र की पहली डायमंड लीग में भाग लेंगे**

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले चीन के शियामेन में 26 अप्रैल को होने वाली सत्र की पहली डायमंड लीग में भाग लेंगे जिसमें मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैम्पियन मोरक्को के सूफियाने अल बक्काली भी खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता कीनिया के अब्राहम किबिवोत भी इसमें नजर आयेंगे जिन्होंने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में साबले को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। साबले पिछले साल सितंबर में डायमंड लीग फाइनल के बाद पहली बार खेल रहे हैं। डायमंड लीग फाइनल में वह आठ मिनट 17.09 सेकंड का समय निकालकर नौवे स्थान पर रहे थे। 30 वर्ष के साबले पेरिस ओलंपिक में आठ मिनट 14 . 18 सेकंड के समय के साथ 11वें स्थान पर रहे थे। वह पेरिस ओलंपिक के टाइमिंग के आधार पर सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं। वह कोच्चि में 21 से 24 अप्रैल तक होने वाली फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग नहीं लेंगे जो कोरिया में अगले महीने होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में चयन के लिये आखिरी टूर्नामेंट है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने एशियाई चैम्पियनशिप में चयन के लिये सभी खिलाड़ियों का फेडरेशन कप में खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसमें उन्हें ही छूट मिली है जो विदेश में प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं या अभ्यास कर रहे हैं।

**लीमा विश्व कपः रेइजा ढिल्लों महिला स्कीट में पांचवें स्थान पर**

लीमा (पेरू)। पेरिस ओलंपिक खेल चुकी रेइजा ढिल्लों अपने पहले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में महिला स्कीट स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रही। दिन की दूसरी स्पर्धा के बाद भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता और एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी रेइजा 60 शॉट के निर्णायक मुकाबले में 26 हिट के बाद बाहर हो गई। वह चौथे स्थान पर रही चीन की जियांग यितिंग से पार नहीं पा सकी जो पेरिस ओलंपिक में मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीत चुकी है। तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन और छह बार ओलंपिक पदक जीत चुकी किम्बरली रोडे ने स्पर्ण पदक जीता। अमेरिका की ही सामंथा सिमोंटोन दूसरे और पूर्व विश्व चैम्पियन डानिया जो विज्जी तीसरे स्थान पर रही।

## संक्षेप

### तपेंद्र घई ने चार शॉट की बढ़त हासिल की

नयी दिल्ली। गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र घई ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के कैलेंस ओपन के तीसरे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर चार शॉट की बढ़त हासिल की। घई (64-67-62) ने दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 17 अंडर 193 हो गया है। वह बीती रात संयुक्त चौथे स्थान पर थे लेकिन तीसरे दौर के शानदार कार्ड से तीन स्थान का पायदान चढ़ने में सफल रहे। 29 साल के गोल्फर ने 2018 में अपना एकमात्र पीजीटीआई खिताब जीता था। दिल्ली के हनी बेसोया, लुधियाना के पुखराज सिंह गिल और चंडीगढ़ के युवराज संधू 13 अंडर 197 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### फ्रेंच ओपन में सम्मानित होंगे ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल

पेरिस। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन के शुरूआती दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल से संन्यास ले लिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने बृहस्पतिवार को कहा, राफा ने कई मायनों में फ्रेंच ओपन के इतिहास पर अपनी छाप छोड़ी है इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम के गलियारे में पहले से ही नडाल की एक प्रतिमा बनी हुई है। वह टूर्नामेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम दफा 2024 में खेले थे लेकिन इसमें पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे।

### विश्व चैम्पियनशिप : तन्वी खन्ना अनहत क्वार्टर फाइनल में

कुआलालंपुर। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी तन्वी खन्ना ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व चैम्पियनशिप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (एशिया) के शुरुआती दौर में हांगकांग की शीर्ष वरीय एन चिंग चेंग को हराकर बड़ा उलटफेर किया। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर काबिज तन्वी ने 76वें स्थान पर काबिज हांगकांग की खिलाड़ी को 3-1 (11-7 11-8 8-11 12-10) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब अंतिम आठ में उनका मुकाबला हांगकांग की हेलेन टैंग (विश्व रैंकिंग 97) से होगा। शुरुआती दौर के एक अन्य मैच में भारतीय खिलाड़ी अनहत सिंह ने फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो को 3-0 (11-4 11-5 11-7) से आसानी से हरा दिया। अनहत क्वार्टर फाइनल में जापानी प्रतिद्वंद्वी अकारी मिडोरिकावा से भिड़ेंगे।

# टी20 मुंबई लीग का चेहरा होंगे रोहित शर्मा

एजेंसी

मुंबई। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 मुंबई लीग के दूत होंगे और एमसीए को उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दो सत्र बाद आयोजित नहीं किया जा सका। यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी जिसके बाद कोरोना महामारी के कारण बंद हो गई। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन आईपीएल खेलते हैं।

मुंबई के नामचीन खिलाड़ियों में रोहित के अलावा सूर्यकुमार, श्रेयस, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी साव हैं। टेस्ट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल कुछ दिन पहले मुंबई से गोवा चले गए। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा , हमने मुंबई के खिलाड़ियों के लिये इसमें भाग लेना अनिवार्य नहीं किया है लेकिन हमें उम्मीद है कि वे टी20 मुंबई लीग खेलेंगे। इससे मुंबई क्रिकेट क्रिकेटरों और लीग को फायदा मिलेगा। एमसीए को टूर्नामेंट के लिये 2800 से अधिक आवेदन मिले हैं।



**स्मृति मंधाना बनी महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की आइकन खिलाड़ी**

पुणे। भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को गुरुवार को रत्नागिरी जेट्स का आइकन खिलाड़ी नामित किया गया जो महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्लूएमपीएल) में खेलेगी। डब्लूएमपीएल का पहला टूर्नामेंट पिछले साल जून में खेला जाना था लेकिन दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के भारत दौरे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था और बाद में इसके आयोजन के लिए सही तारीख नहीं मिल पाई थी। रत्नागिरी जेट्स ने लगातार दो वर्षों तक महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का पुरुष टूर्नामेंट जीता है। मंधाना ने एक विज्ञप्ति में कहा फ्रेंचाइजी ने एमपीएल में सफलता और महिलाओं के खेल के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाया है। मैं इस सफर को नए मुकाम पर पहुंचाने को लेकर उत्साहित हूं।

**पंजाब किंग्स से जुड़ने के बाद से ही सीनियर खिलाड़ी होने का अहसास हो रहा है: अर्शदीप**

मुल्लांपुर। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जब से वह पंजाब किंग्स की टीम से जुड़े हैं तब से उन्हें सीनियर खिलाड़ी होने का अहसास हो रहा है तथा उन्होंने उन पर भरोसा दिखाने के लिए इस आईपीएल फ्रेंचाइजी का आभार व्यक्त किया। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी जब किशोर था तभी पंजाब किंग्स (पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब) से जुड़ गया था और तब से वह इस टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और उसकी तेज गेंदबाजी की अगुवाई कर रहे हैं।

अर्शदीप ने पंजाब की तरफ से सात सत्र में 84 विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछले साल 19 विकेट लिए थे जो किसी एक सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह आईपीएल के मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक आठ विकेट ले चुके हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कैंडिड विद किंग्स एपिसोड के दौरान कहा, जबसे मैं पंजाब किंग्स से जुड़ा हूं तब से पहले साल को छोड़कर मुझे अहसास होने लगा था कि मैं सीनियर खिलाड़ी हूं। मैं पिछले सात साल से इस टीम से जुड़ा हूं तथा पहले साल के बाद मुझे महसूस होने लगा था कि मुझे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई उससे मुझे भारतीय टीम और फ्रेंचाइजी टीम में एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में बेहतर बनने में मदद मिली। अर्शदीप ने कहा कि उन्हें बहुत पहले समझ में आ गया था कि छोटी सी गलती भी टीम पर भारी पड़ सकती है और इसलिए उन्हें मैदान पर हर समय सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा मेरी भूमिका काफी पहले स्पष्ट कर दी गई थी।

### बीसीसीआई ने नायर को भारतीय टीम के सहायक कोच से हटाया

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर को सहयोगी स्टाफ के एक हाई-प्रोफाइल सदस्य के साथ अनबन की अटकलों के बीच सिर्फ आठ महीने बाद ही पद से हटा दिया गया है, हालांकि इसका कारण न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैचों में हार को बताया जा रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों की मानें तो नायर को सहयोगी स्टाफ से हटाने के बीसीसीआई के फैसले के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया भारत की टेस्ट क्रिकेट में हाल की हार (न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के बाद सहयोगी स्टाफ को लेकर मंथन चल रहा था लेकिन बीसीसीआई में यह भी महसूस हो रहा है कि सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य और एक वरिष्ठ स्टार खिलाड़ी के बीच की लड़ाई में नायर बलि का बकरा बन गए। फील्डिंग कोच टी दिलीप और स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई का भी अपने-अपने पदों पर तीन साल से अधिक समय पूरा करने के बाद बाहर होना तय है क्योंकि बीसीसीआई की नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) ने सहयोगी स्टाफ का कार्यकाल तीन साल तक सीमित कर दिया है। पता चला है कि भारत के पहले स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रॉक्स के दूसरे कार्यकाल के लिए लौटने की संभावना है।

# रियाल मैड्रिड को हराकर आर्सेनल चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

एजेंसी



मैड्रिड। आर्सेनल ने बुधवार को गत चैंपियन रियाल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर 2009 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियाल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। आर्सेनल ने इस तरह से पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की संभावना बरकरार रखी। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

इस बार 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियाल मैड्रिड किसी तरह की ऐतिहासिक को वापसी नहीं कर पाया। अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में उसके खिलाड़ी कोई जादू नहीं दिखा पाए। यह 2020 के बाद पहला अवसर है जबकि रियाल मैड्रिड सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया। इस तरह से वह पिछले चार सत्र में तीसरी बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने से भी चूक गया। आर्सेनल और रियाल मैड्रिड में से कोई भी पहले हाफ में गोल नहीं कर पाया। बुकायो साका पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए लेकिन उन्होंने 65वें मिनट में मिकेल मेरिनो के पास पर गोल करके आर्सेनल को बढ़त दिलाई। विनीसियस जूनियर ने इसके तुरंत बाद रियाल मैड्रिड की तरफ से बराबरी का गोल दागा। आर्सेनल की तरफ से दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को चोटिल होने के कारण 75 मिनट के बाद मैदान छोड़ना पड़ा था।

**बायर्न म्यूनिख को 4-3 से हराकर इंटर मिलान चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में**

मिलान। बायर्न म्यूनिख के पूर्व डिफेंडर बेंजामिन पावर्ड ने अपने पुराने क्लब के खिलाफ गोल करके इंटर मिलान को बुधवार को जर्मन टीम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-2 से बराबरी दिलाने और चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंटर मिलान ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 2-1 से जीता था और इस तरह से उसने 4-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पावर्ड 2023 में बायर्न को छोड़कर इंटर मिलान से जुड़े थे। यह इंटर के लिए पावर्ड का पहला गोल था। हैरी केन ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही गोल करके बायर्न म्यूनिख को कुल स्कोर में बराबरी दिला दी थी लेकिन लुटारो मार्टिनेज और पावर्ड के गोल से इंटर मिलान ने जल्द ही अपनी बढ़त मजबूत कर दी। बायर्न म्यूनिख की तरफ से 76वें मिनट में एरिक डियर ने बराबरी का गोल दागा, लेकिन इससे कुल स्कोर में हार का अंतर ही कम हो पाया। सेमीफाइनल में इंटर मिलान का मुकाबला बार्सिलोना से होगा।

**डोपिंग के खिलाफ जंग : एथलीट पासपोर्ट प्रबंधन इकाई बनाने वाला भारत दुनिया का 17वां देश बना**

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में एथलीट पासपोर्ट प्रबंधन इकाई का उद्घाटन किया और अब भारत दुनिया का 17वां देश बन गया जिसके पास एथलीटों के खून और स्टेरॉयड प्रोफाइल को समय-समय पर ट्रैक करने के लिए एक समर्पित प्रणाली है। एपीएमयू एथलीटों के जैविक पासपोर्ट की निगरानी और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार एक विशेष निकाय के रूप में काम करेगा।

### नितीश ने संदीप को सुपर ओवर देने के फैसला का किया बचाव

नयी दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नितीश राणा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सुपर ओवर में जोफ्रा आर्चर की जगह संदीप शर्मा को गेंदबाजी सौंपने के फैसले का बचाव किया और साथ ही मेजबान टीम को मुकाबले में वापसी दिलाने का श्रेय तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व कप फाइनल में सुपर ओवर डाल चुके आर्चर ने बुधवार को हुए मुकाबले में प्रभावी गेंदबाजी की थी लेकिन टीम ने सुपर ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी संदीप को सौंपी। नितीश ने सुपर ओवर में संदीप को गेंद सौंपने और उन्हें बल्लेबाजी के लिए नहीं उतारने के फैसले का भी बचाव किया। रॉयल्स के लिए 28 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से 51 रन की पारी खेलने वाले नितीश ने कहा किसे गेंदबाजी या बल्लेबाजी के लिए भेजना है यह कभी भी एक व्यक्ति का फैसला नहीं होता। कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों के साथ टीम प्रबंधन और सहायोगी स्टाफ सभी चीजों पर चर्चा करते हैं और उसके बाद फैसला करते हैं। मुझे लगता है कि अगर नतीजा हमारे पक्ष में होता तो शायद इस बारे में बात नहीं होती। उन्होंने कहा सैंडी (संदीप) अगर हमें मैच जिता देता तो फिर कोई यह सवाल नहीं पूछता। मुझे लगता है कि इस स्थिति में सैंडी हमारे पास सबसे उपयुक्त गेंदबाज था। इसी तरह अगर हमारे बल्लेबाज हमें जीत दिला देते तो फिर कौन बल्लेबाजी के लिए उतरा इस पर भी बात नहीं होती। शिमरोन हेटमायर हमारा फिनिशर है और वह हमें मैच जिताता आया है। हमने बल्लेबाजी में कम रन बनाए, अगर 15 रन तक बने होते तो शायद चीजें अलग होतीं।

# स्टार्क ने डेथ ओवरों में सिर्फ यॉर्कर फेंकने की योजना बनाई थी : अक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर ओपर में मिली जीत का श्रेय मिचेल स्टार्क को देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने यॉर्कर फेंकने की योजना बनाई थी और इसे काफी अच्छी तरह अंजाम दिया। दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम नितीश राणा (51 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (51 रन, 37 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी जिससे मैच सुपर ओवर तक खिंचा। रॉयल्स की टीम एक समय 14वें ओवर में एक विकेट पर 112 रन बनाकर काफी मजबूत स्थिति में थी लेकिन दिल्ली की टीम स्टार्क (36 रन पर एक विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वापसी करने में सफल रही। स्टार्क ने अपने अंतिम दो ओवर में सिर्फ 16 रन दिए।

स्टार्क ने इसके बाद सुपर ओवर में भी रॉयल्स को सिर्फ 11 रन पर रोक दिया। अक्षर ने डेथ ओवरों में लगातार यॉर्कर फेंकने की योजना को बेहद प्रभावी तरीके से लागू करने और बाउंसर आदि का इस्तेमाल करके विविधता लाने का प्रयास नहीं करने के लिए स्टार्क की जमकर तारीफ की। अक्षर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अंत में जब स्टार्क के दो ओवर बचे हुए थे तो मुझे भरोसा था कि अगर दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन है तो भी स्टार्क अपनी गति से उन्हें छका सकता है। उन्होंने कहा वह यॉर्कर अच्छे डाल रहा था लेकिन उसके पास तेज और धीमा बाउंसर भी है। यही बात चल रही थी कि उसे यॉर्कर ही करने चाहिए। उसने भी यही बोला कि हम क्षेत्ररक्षण के साथ खेलेंगे और मैं उसी के हिसाब से गेंदबाजी करूंगा और यॉर्कर तथा वाइड यॉर्कर डालने की ही कोशिश करूंगा। उसने इस योजना को बखूबी अंजाम दिया। अक्षर ने कहा कि मौजूदा सत्र में गेंद पर लार के इस्तेमाल की स्वीकृति मिलने से गेंदबाजों को फायदा हो रहा है।

उन्होंने कहा आईपीएल में अब हम गेंद पर लार का इस्तेमाल कर सकते हैं। जिस तरह की विकेट हैं, अधिक घास नहीं रहती और लार के इस्तेमाल से आप रिवर्स स्विंग की कोशिश कर सकते हैं, मुझे लगता है कि यह गेंदबाजों के लिए उचित है। अक्षर ने कहा विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल हैं। मुझे लगता है कि 180-190 रन बन रहे हैं और मजा भी आ रहा है। अब क्रिकेट प्रतिस्पर्धी हो गया है, ऐसा नहीं है कि गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं है। मुझे लगता है कि लार के इस्तेमाल से रिवर्स स्विंग में मदद मिल रही है लेकिन दबाव के समय ऐसा कर पाना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। मोहित शर्मा को 19वें ओवर में गेंदबाजी देने के फैसले का भी अक्षर ने बचाव किया। अक्षर ने कहा, जब हम गेंदबाजी करने आये तो मैंने देखा कि हमारे गेंदबाज उतने प्रभावी नहीं लग रहे। धीमी गेंदबाजी भी काफी प्रभावी नहीं हो रही थी। फिर मैंने योजना में बदलाव किया और मोहित को 19वां ओवर देने का फैसला किया क्योंकि वह पिछले दो साल से गुजरात के साथ काम रहे हैं और मुझे पता है कि वह क्या कर सकते हैं। मुकेश (कुमार) की गेंदबाजी काफी अच्छी नहीं रही थी और ऐसे में स्टार्क के दो ओवर बचते (आखिरी तीन में से)।

# भारत ने दुनिया में दी वसुधैव कुटुम्बकम की भावना

## आजादी की शताब्दी तक हर क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा भारतः अमित शाह



जयपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे होने तक दुनिया में हर क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर पहुंचने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना भारत ने सबसे पहले दुनिया में दी। शाह राजस्थान के सिरोही जिले के आबू रोड में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा सुरक्षा बलों के कर्मियों के लिए आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्म-सशक्तीकरण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने कहा कि हमारा देश आज विश्व में पांचवें नंबर का अर्थतंत्र बन गया है। और मुझे पूरा विश्वास है कि कुछ ही साल में हम तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनेंगे। आजादी की शताब्दी तक हम विश्व में हर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं में पूरी दुनिया को विश्व बंधुत्व की भावना की ओर ले जाने की क्षमता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हर मानव के अंदर की आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ने की शक्ति हमारी परंपराओं में है। और हर जीवन को सद्बुद्धि की राह पर ले जाने की शक्ति भी हमारी परंपराओं में है। ब्रह्माकुमारीज जैसी संस्थाएं इसके लिए बहुत अच्छा काम कर रही हैं। सशस्त्र बलों के सुरक्षाकर्मियों के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हीं के त्याग, तप व बलिदान के कारण आज हम सुरक्षित हैं। वे अपने जीवन का स्वर्णकाल देकर शून्य से नीचे 46 डिग्री सेल्सियस तापमान से लेकर 46 डिग्री सेल्सियस तापमान में हमारी सीमाओं की सुरक्षा करते हैं। तभी हम सुरक्षित हैं। शाह ने कहा कि सभी राज्यों की पुलिस कानून-व्यवस्था की परिस्थिति संभालकर हर निर्बल को संरक्षण देने का काम करती हैं, परंतु यह काम एक प्रकार से ढेर सारा तनाव पैदा करने वाला है। उन्होंने कहा, नींद की कमी, पानी की कमी, शांत मन की कमी, सतत हिंसा करने वालों से जूझना... ये सारी चीजें व्यक्ति के मन पर एक विशिष्ट प्रकार का असर छोड़ती है। शाह ने कहा कि उस असर से हमारे सुरक्षाकर्मियों को बाहर लाकर उनके मन, आत्मा व उनके शरीर के लिए शांति का मार्ग प्रशस्त करना अपने आप में एक बहुत बड़ा काम है। उन्होंने इस दिशा में ब्रह्माकुमारीज संस्था के प्रयासों व योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि योग और आध्यात्म से मन, शरीर, बुद्धि व आत्मा इन सबको एक रूप कर ज्ञान से प्रगति के रास्ते पर जाने के लिए और चिंतन से समस्याओं के निवारण के लिए नीतियों का सृजन करना, भारत की बहुत पुरानी परंपरा है।

उन्होंने कहा कि हम इस परंपरा को आज भी समग्र विश्व में पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना भारत ने सबसे पहले विश्व में दी और जब पूरे विश्व में लोग गुफाओं में रहते थे तब पूरा विश्व मेरा परिवार है हमारे उपनिषद की इस ऋचा ने समूचे विश्व को हमारा परिवार बनाया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाकर हमारी वैदिक परंपरा को, हमारे ऋषि मुनियों की सबसे अमूल्य धरोहर को समग्र विश्व को देने का काम किया है। विश्व में करोड़ों लोग आज योग, ध्यान व आध्यात्म के रास्ते से अपने जीवन का कल्याण कर रहे हैं और यह रास्ता ही आने वाले दिनों में विश्व शांति का मार्ग बनने वाला है यह मेरा दृढ़ विश्वास है।

# न्यायपालिका भारत के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकती, सुपर संसद के रूप में कार्य कर रही



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को न्यायपालिका द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने और सुपर संसद के रूप में कार्य करने को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय लोकतांत्रिक ताकतों पर परमाणु मिसाइल नहीं दाग सकता।

धनखड़ ने न्यायपालिका के प्रति यह कड़ी टिप्पणी राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए की। कुछ दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ रखे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए समयसीमा तय की थी। उन्होंने ने कहा कि हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यपालिका के कार्य करेंगे, जो सुपर संसद के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। उपराष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय को पूर्ण शक्तियां प्रदान करने वाले संविधान के अनुच्छेद 142 को न्यायपालिका को चौबीसों घंटे उपलब्ध लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ परमाणु मिसाइल करार दिया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है और (जो) न्यायपालिका के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। संविधान का अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को अपने समक्ष किसी भी मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने हेतु आदेश जारी करने की शक्ति देता है। इस शक्ति को उच्चतम न्यायालय की पूर्ण शक्ति के रूप में भी जाना जाता है। हाल ही में एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है। हम किस दिशा में जा रहे हैं? उन्होंने कहा, देश में क्या हो रहा है? हमें बेहद संवेदनशील होना चाहिए। यह सवाल नहीं है कि कोई पुनर्विचार याचिका दायर करता है या नहीं। हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र की कभी उम्मीद नहीं की थी।

संक्षेप

## पीड़ितों से राज्यपाल ने की मुलाकात

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार बृहस्पतिवार को मुर्शिदाबाद में हालिया दंगों के कारण बेघर हुए लोगों के एक समूह को राजभवन ले गए, जहां उन्होंने राज्यपाल सी वी आनंद बोस को अपनी व्यथा सुनाई। प्रभावित लोगो ने राज्यपाल से उनकी नौकरी, आर्थिक मुआवजे और सुरक्षा के लिए स्थायी केंद्रीय बल व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया। पीड़ित कथित रूप से हमला किये जाने और अपने घरों से बाहर निकाले जाने के बाद राहत शिविरों में रह रहे हैं। पीड़ितों ने राज्यपाल को बताया कि किस प्रकार उनके सामान लूट लिये गये और घरों, दुकानों तथा संपत्तियों में आग लगा दी गयी, जिससे उन्हें केंद्रीय बलों की मदद से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। पीड़ितों ने उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आगे हिंसा को रोकने के लिए क्षेत्र में एक स्थायी बीएसएफ शिविर स्थापित करने की मांग की। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने में मदद की जाए, साथ ही आर्थिक मुआवजा भी सुनिश्चित किया जाए ताकि वे अपना जीवन फिर से शुरू कर सकें। यह एक संवेदनशील मुद्दा है।

## सरकार ने वक्फ अधिनियम से संविधान के मूल पर हमला किया: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 से जुड़े मामले में कुछ बिंदुओं पर अंतरिम राहत मिलने को लेकर बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का आभार जताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस अधिनियम के माध्यम से किसी समुदाय नहीं, बल्कि संविधान के मूल पर हमला किया है।

उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को बृहस्पतिवार को सात दिन का समय दिया। न्यायालय ने साथ ही यह भी कहा कि इस बीच केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, सरकार जिसे सुधार बता रही है, दरअसल वह अधिकारों पर प्रहार है। वक्फ़ अधिनियम प्रशासनिक कदम नहीं है, यह एक मूल वैचारिक हमला है। उन्होंने दावा किया, कानून सुधार की भाषा में यह अधिनियम पूरी तरह से 100 प्रतिशत नियंत्रण की नीति लाने का प्रयास करता है।

## मनरेगा मजदूरी 400 रुपये और कार्यदिवस 150 किया जाये



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ग्रामीण विकास संबंधी संसद की स्थायी समिति की अनुंशसाओं का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत दैनिक मजदूरी को 400 रुपये किया जाए। देश के ग्रामीण नागरिकों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। वर्तमान में कुछ राज्यों में मजदूरी दर 370 रू प्रति दिन है, जबकि कुछ में यह 234 प्रति दिन भी है। कांग्रेस सांसद सप्तगिरि उलाका की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि मनरेगा के तहत मजदूरी को पूरे देश में प्रतिदिन 400 रुपये किया जाए और कार्य दिवस को साल में 150 दिन किया जाए। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, ऐसा लगता है कि जनविरोधी मोदी सरकार ने मनरेगा की मजदूरी बढ़ाने से इनकार कर दिया है। यह मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलाना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संयुक्त संसदीय समिति ने मनरेगा श्रमिकों की रोज़ाना मजदूरी को 400 रुपये प्रतिदिन करने की सिफारिश की थी।

खरगे ने इस बात का उल्लेख किया कि वर्ष 2023 में बनी अमरजीत सिन्हा समिति ने भी मजदूरी बढ़ाने और मनरेगा का बजट बढ़ाने का सुझाव दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि ग़रीब विरोधी मोदी सरकार एक के बाद एक मनरेगा मज़दूरों पर जुल्म ढाने पर उतारू है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया, क़रीब सात करोड़ पंजीकृत कामगारों को मनरेगा से आधार आधारित भुगतान की शर्त लगा बाहर करना हो।

**रॉबर्ट वाद्रा पूछताछः** से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाद्रा 2008 के हरियाणा भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। जांच के तहत वाद्रा (56) से पिछले दो दिनों में दस घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई और धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज करने की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी।

## हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और ओलावृष्टि, बच्चे की मौत



शिमला। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बुधवार को बादलों की गरज और बिजली की चमक के साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे कई पेड़ उखड़ गए और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। राजधानी शिमला में करीब 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

बुधवार को आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से पेड़ गिर गए, अस्थायी घरों की छतें उड़ गईं और कई इलाकों में बिजली बाधित हो गई। शिमला में कुछ वाहन पेड़ों के गिरने से उनके नीचे दब गए। यहां बिजली बृहस्पतिवार सुबह बहाल हो सकी। हमीरपुर जिले के बरसर इलाके में तेज तूफान के कारण प्रवासी मजदूरों की झोपड़ियों पर पेड़ गिर गए। इस दौरान एक झोपड़ी में सो रहे आठ वर्षीय अभिषेक कुमार की मौत हो गई। पेड़ गिरने से घायल अभिषेक को बरसर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार शाम से अब तक कुल्लू जिले के सिओबाग में सर्वाधिक 28.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## अमेरिका ने चीन की रिफाइनरी पर लगाया प्रतिबंध



वाशिंगटन। अमेरिका ने ईरान से एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य का तेल खरीदने पर चीन की एक रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस धन से ईरान की सरकार को और ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों को आर्थिक मदद मिलती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के अनुसार जिस रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाया गया है उसे ईरान से कच्चे तेल की दर्जनों खेप प्राप्त हुईं, जिनकी कीमत एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार कुछ खेप ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी एक कंपनी से थी। प्रतिबंध की इस सूची में कई कंपनी और पोतों के नाम शामिल हैं। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, कोई भी रिफाइनरी, कंपनी या दलाल जो भी ईरान से तेल की खरीद करता है या उसके व्यापार में मदद करता है वह खुद को गंभीर खतरे में डाल रहा है।

## कांगो में नाव में आग लगने से 50 की मौत

किंशासा। उत्तर-पश्चिमी कांगो में आग लगने के बाद एक नाव पलट गई, जिससे कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग लापता हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कांगों नदी में मंगलवार देर रात को यह घटना हुई थी, जिसमें कई लोग बुरी तरह झुलस गए हैं और कई व्यक्तियों को बचा लिया गया है। रेड क्रॉस और प्रांतीय अधिकारियों की सहायता से बचाव दल बुधवार को भी लापता लोगों की तलाश कर रहा है। संबंधित अधिकारी कोम्पीटेंट लोयोको ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मोटर चालित लकड़ी की नाव में लगभग 400 यात्री सवार थे, लेकिन मबंडाका शहर के पास इसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि एचबी कोंगोलो नामक नाव मतानकुमु बंदरगाह से बोलोम्बा क्षेत्र के लिए रवाना हुई थी।

## लेबनान ने इजराइल पर रॉकेट दागने के संदेह में कई लोगों को हिरासत में लिया

बेरूत। लेबनान की सेना के मुताबिक पिछले महीने इजराइल पर रॉकेट दागने के संदेह में लोगों के एक समूह को हिरासत में लिया गया है। लेबनानी सेना ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि उसने कई लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें कई फलस्तीनी भी शामिल हैं, जो मार्च के अंत में इजराइल की ओर दो अलग-अलग हमलों में रॉकेट दागने में शामिल थे, जिसके जवाब में इजराइल ने लेबनान के कुछ हिस्सों पर भीषण हवाई हमला किया था। लेबनान में सक्रिय चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने इन हमलों में अपना हाथ होने से इनकार किया था। सेना ने कहा कि रॉकेट हमलों में इस्तेमाल वाहन और अन्य उपकरण जब्त कर लिए गए हैं तथा हिरासत में लिये गए लोगों को न्यायिक प्राधिकार के समक्ष पेश किया गया है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com